kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-89 | बुधवार, 30 अप्रैल 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

'सर तन से जुदा' और कांग्रेस पार्टी ऐसा पोस्ट करती है। कांग्रेस अपने आधिकारिक हैंडल से पाकिस्तान को यह संदेश दे रही है कि वह पाकिस्तान के साथ है। कांग्रेस पार्टी को 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' कहना गलत नहीं होगा, क्योंकि उनकी सोच पाकिस्तान जैसी है। **गौरव भाटिया**

अनुसंधान व नवाचार कृषि क्षेत्र के प्रमुख आधारः शिवराज 11

पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवीं रात कश्मीर नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की 11

संक्षेप

कनाडा की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने संसदीय चुनाव जीता

ओटावा। मौजूदा प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में कनाडा की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने चुनाव जीता है, तथा संसद में सरकार बनाने के लिए पर्याप्त सीटें हासिल की हैं। 'सीटीवी न्यूज ब्रॉडकास्टर' ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफ़े के बाद 14 मार्च को श्री कार्नी कनाडा के प्रधानमंत्री बने तथा एक सप्ताह बाद समय से पहले संसदीय चुनाव की घोषणा की। जीतने वाली पार्टी का नेता प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करेगा।

चार दिन से लापता भारतीय छात्रा कनाडा में मृत मिली

ओटावा। कनाडा में अध्ययन के लिए गयी भारतीय छात्रा वंशिका कनाडा के ओटावा में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत पायी गयी है। ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने इसकी पुष्टि की है। उच्चायोग ने कहा, ल्लहमें ओटावा में भारतीय छात्रा सुश्री वंशिका की मौत की सूचना मिलने पर बहुत दुख हुआ है। मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है और स्थानीय पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है। हम शोक संतप्त परिजनों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए उनके और स्थानीय सामुदायिक संघों के साथ निकट संपर्क में हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, मौत के कारणों की जांच की जा रही है। पंजाब के डेरा बस्सी की मूल निवासी और आम आदमी पार्टी नेता देविंदर सिंह की बेटी वंशिका कथित तौर पर डिप्लोमा कोर्स करने के लिए ढाई साल पहले ओटावा गयी थी।

मतदाताओं के लिए आधार विवरण स्वैच्छिक रूप से साझा करने की व्यवस्था बरकरार रहेगी

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में नामों के दोहराव के मामले में सुधार के लिए काम कर रहा है, हालांकि मतदाताओं द्वारा स्वच्छिक रूप से 'आधार' का ब्यौरा साझा करने की कानूनी व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा। सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। उनका कहना है कि चुनाव अधिकारियों के साथ आधार विवरण साझा करना 'निर्वाचन विधि (संशोधन) अधिनियम, 2021' के तहत स्वैच्छिक है और यह जारी रहेगा। सूत्रों ने यह भी बताया कि इस संबंध में कानून या संबंधित नियमों में बदलाव की कोई योजना नहीं है। सरकारी सूत्रों से यह सवाल किया गया था कि क्या आधार विवरण साझा करना अनिवार्य बनाने का कोई प्रस्ताव है और क्या विवरण साझा नहीं करने वाले मतदाताओं को चुनाव अधिकारियों के समक्ष विवरण नहीं देने का कारण बताना होगा? उन्होंने कहा कि मूल नियम अपरिवर्तित रहेंगे और फिलहाल कोई प्रावधान जोड़ने का प्रस्ताव नहीं है। मतदाता सूची की शुचिता पर बहस के बीच निर्वाचन आयोग ने पिछले महीने कहा था कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में मतदाता सूची की नियमित अद्यतन प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा।

सपा नेता के बयान पाकिस्तान प्रवक्ता के लग रहे : सीएम

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- मुख्यमंत्री ने देवरिया में 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास
- बोले, पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर आतंकी घटना की कर रहा निंदा, सपा नेता दे रहे दुर्भाग्यपूर्ण बयान
- सीएम बोले, सपा नेता का बयान हिंदू ने ही हिंदू को मारा पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा
- आज हमारी पहचान इंसेफलाइटिस, मलेरिया या डेंगू जैसी बीमारियां नहीं, बल्कि हाईवे, रेलवे, मेट्रो और वर्ल्ड क्लास एक्सप्रेस-वे है: सीएम

लखनऊ। देवरिया में वर्ष 2017 से पहले बीमारी, गुंडागर्दी, अराजकता, अव्यवस्था का माहौल था। उस दौरान त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मनाए जा सकते थे। उस समय नौजवान पलायन और किसान आत्महत्या के लिए मजबूर होता था। यहां पर मुसहर, वनटांगिया जैसी तमाम जातियां भूखमरी का शिकार थीं। वहीं उस दौरान जो सत्ता में थे, वह चैन की बंसी बजा रहे थे क्योंकि वह स्वयं के परिवार तक ही सीमित रह गये थे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को देवरिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इससे पहले सीएम ने बटन दबाकर 676 करोड़ की 501 परियोजनाओं में से 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम योगी ने सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण की चेक, स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 7 करोड़ 87 लाख 50 हजार धनराशि का चेक, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना की चाबी, ट्रैक्टर की चाबी, पट्टा योजना के तहत 37 लाभार्थियों को पट्टा, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित पेंशन की चेक सौंपी। वहीं हाईस्कूल में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रीति कुशवाहा और इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता प्रसाद को प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर समाजवादी पार्टियों के नेताओं के काफी शर्मनाक बयान सामने आए हैं। उनके बयान से यह पता लगाने में काफी मुश्किल हो रही है कि वह सपा के नेता का बयान है या फिर पाक का प्रवक्ता बयान दे रहा है। सीएम ने कहा कि सोमवार को मुंबई में सपा के एक पदाधिकारी ने शर्मनाक बयान दिया। सीएम ने कहा कि आतंकवादियों ने कानुपर के शुभम द्विवेदी की निर्मम हत्या कर दी। इस पर जब पत्रकारों ने सपा अध्यक्ष से उनके घर पर न जाने की वजह पूछी तो उन्होंने जवाब दिया कि वह हमारी पार्टी का नहीं था। यह बयान काफी दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। सीएम ने कहा कि पूरा देश पार्टी लाइन से ऊपर उठकर घटना की निंदा कर रहा है और सपा के नेता दुर्भाग्यपूर्ण बयान दे रहे हैं। सपा का एक राष्ट्रीय महासचिव बयान देता है कि हिंदू ने ही हिंदू को मारा है यानी पाकिस्तान को क्लीन चिट देने की कुत्सित चेष्टा की जा रहा है। सीएम ने कहा कि सपा और कांग्रेस के नेता जातिवाद, विभाजनकारी और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। यह लोग ही आप सबकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का कुत्सित प्रयास करते हैं। सीएम ने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं पूरा देश एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवरिया में वर्ष 2017 से पहले इंसेफलाइटिस से हजारों बच्चों की मौत होती थी, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज देवरिया के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की गति तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में ● शेष पेज 11 पर

पाकिस्तान दुष्ट देश : भारत

पाक रक्षा मंत्री का बयान बताता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का पोषक

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने कहा है कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुलेआम कबूल किया है कि उनके देश का आतंकवादी संगठनों का समर्थन और वित्तपोषण करने का इतिहास रहा है, और यह कबूलनामा उजागर करता है कि पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला एक ''दुष्ट देश'' है और क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के आतंकवाद निरोधक कार्यालय के 'विक्टिम्स ऑफ टेररिज्म एसोसिएशन नेटवर्क' (वोटन) के डिजिटल सह प्रत्यक्ष (हाइब्रिड) उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित किया और पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम आतंकवादी हमले का संदर्भ दिए जाने पर अपने 'जवाब देने के अधिकार' का इस्तेमाल करते हुए इसका जोरदार तरीके से उत्तर दिया।

पटेल ने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक विशेष प्रतिनिधि ने दुष्प्रचार करने और भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग करने और इसे कमजोर करने का विकल्प चुना है। उन्होंने कहा, ''पूरी दुनिया ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को हाल में एक टेलीविजन साक्षात्कार में आतंकवादी संगठनों का समर्थन, प्रशिक्षण और वित्त पोषण करने के पाकिस्तान के इतिहास को कबूलते हुए सुना है। पटेल ने जोर देकर कहा कि ''इस खुले कबूलनामे से किसी को आश्चर्य नहीं हुआ, बल्कि इसने पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले और क्षेत्र को अस्थिर करने वाले एक दुष्ट राष्ट्र के रूप में उजागर किया है। दुनिया अब और आंखें नहीं मूंद सकती। मेरे पास कहने के लिए और कुछ नहीं है।' 'स्काई न्यूज' पर हाल में एक साक्षात्कार में आसिफ ने कहा था, ''ठीक है, हम लगभग तीन दशकों से अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिम के लिए यह नापाक काम कर रहे हैं''। अपनी इस टिप्पणी में उन्होंने स्वीकार किया कि पाकिस्तान का इन आतंकवादी संगठनों को समर्थन तथा प्रशिक्षण देने और उनका वित्त पोषण करने का एक लंबा इतिहास रहा है। भारत ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद वैश्विक नेताओं की ओर से ''मजबूत, स्पष्ट'' समर्थन और एकजुटता, आतंकवाद के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का प्रमाण है। पटेल ने कहा, ''दशकों से सीमा पार आतंकवाद का शिकार होने के कारण भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है कि इस तरह के कृत्यों का पीड़ितों, उनके परिवारों और समाज पर दीर्घकालिक असर पड़ता है। पटेल सोमवार को इस विश्व संस्था के मुख्यालय में संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय के 'विक्टिम्स ऑफ टेररिज्म एसोसिएशन नेटवर्क' (वोटन) के डिजिटल एवं प्रत्यक्ष माध्यम से हुए उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''भारत केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हाल में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर दुनिया भर के नेताओं और सरकारों द्वारा दिए गए मजबूत व स्पष्ट समर्थन और एकजुटता की गहराई से सराहना करता है और उसे महत्व देता है। यह आतंकवाद के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति का प्रमाण है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकवादी हमले में 25 भारतीय और एक ● शेष पेज 11 पर

- पहलगाम हमले के बाद एकजुटता अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा आतंकवाद को कतई सहन नहीं करने का प्रमाण

जम्मू-कश्मीर में 48 पर्यटन स्थल बंद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में प्राधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए घाटी के कम से कम 48 रिजार्ट और पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय पिछले सप्ताह पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सभी जिलों में किए गए व्यापक सुरक्षा ऑडिट के बाद लिया गया है। हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी मारे गए थे। सुरक्षा ऑडिट का उद्देश्य सुरक्षा चूक का आकलन करना और सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपायों को मजबूत करना था। पर्यटकों के लिए अब प्रतिबंधित प्रमुख स्थलों में बांदीपोरा जिले में गुरेज घाटी, बडगाम में यूसमर्ग और ● शेष पेज 11 पर

मोदी ने राजनाथ और सेना प्रमुखों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की

एजेंसी

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादियों और हमले की साजिश रचने वालों के खिलाफ रणनीति बनाने के लिए सरकार में उच्च स्तर पर बैठकों का दौर निरंतर जारी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रक्षा मंत्री , राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार , प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में गहन चर्चा की।

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री निवास पर शाम को हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह , राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल , प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी , वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने हिस्सा लिया। यह प्रधानमंत्री की रक्षा मंत्री के साथ तीसरी बैठक है। बैठक में प्रधानमंत्री को मौजूदा सुरक्षा स्थिति और सेनाओं की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। बुधवार को होने वाली केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की बैठक से पहले हो रही इस उच्च स्तरीय बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके अलावा केन्द्रीय गृह सचिव ने भी सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स और अन्य सुरक्षा एजेन्सियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक में स्थिति पर चर्चा की। पहलगाम ● शेष पेज 11 पर

भारत का लड़ाकू विमान गिराने का पाकिस्तानी सेना का दावा झूठा और निराधारः सरकार

नयी दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान समर्थित अनेक सोशल मीडिया खातों में भारतीय वायु सेना के एक लड़ाकू विमान को गिराये जाने के दावे को झूठ बताते हुए कहा है कि यह भ्रामक तथा निराधार दुष्प्रचार है और भारत का कोई विमान नहीं गिराया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तान का समर्थन करने वाले अनेक सोशल मीडिया खाते झूठा दावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास भारत के राफ़ेल ● शेष पेज 11 पर

रेल भर्ती बोर्ड परीक्षाओं में इलेक्ट्रानिक सामान, पेन, पेंसिल, पर्स पर प्रतिबंध

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने रेल भर्ती बोर्ड की परीक्षाओं में इलेक्ट्रोनिक सामान के अलावा पेन, पेंसिल, टोपी, पर्स एवं पानी की बोतल लाने को भी प्रतिबंधित कर दिया है और परीक्षार्थियों को हाथों पैरों में मेहंदी लगा कर आने पर भी रोक रहेगी।

रेल मंत्रालय ने सभी रेल भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों को एक परिपत्र भेजा है जिसमें कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों में संशोधन किया गया है। इसमें परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश के लिए प्रतिबंधित वस्तुओं की नयी सूची जारी की गई है। परिपत्र में कहा गया है कि आरआरबी द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कुछ निश्चित नियम होते हैं, जिसके कारण परीक्षा केन्द्रों में कुछ वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया ● शेष पेज 11 पर

शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही सरकारः मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि देश के भविष्य के लिए युवाओं को तैयार करने में शिक्षा प्रणाली एक अहम भूमिका निभाती है और सरकार इसे आधुनिक बनाने की दिशा में काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने 'युग्म' सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार का लक्ष्य 'एआई को भारत के लिए कारगर' (मेक एआई वर्क फॉर इंडिया) बनाना है। उन्होंने कहा, ''किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए यह जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उन्हें भारत के ● शेष पेज 11 पर

अगर देश आतंकवादियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल कर रहा है तो इसमें गलत क्याः सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की ''सुरक्षा और संप्रभुता'' से जुड़ी कोई भी रिपोर्ट सार्वजनिक करने से इनकार करते हुए मंगलवार को पूछा कि ''आतंकवादियों के खिलाफ जासूसी सॉफ्टवेयर'' के इस्तेमाल में गलत क्या है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने संकेत दिया कि यह निजता के उल्लंघन की व्यक्तिगत आशंकाओं पर गौर कर सकती है लेकिन तकनीकी समिति की रिपोर्ट कोई ऐसा दस्तावेज नहीं है जिस पर ''सड़कों पर'' चर्चा की जा सके।

पीठ ने कहा, ''देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट को नहीं छुआ जाएगा लेकिन जो व्यक्ति यह जानना चाहते हैं कि वे इसमें शामिल हैं या नहीं, उन्हें सूचित किया जा सकता है। हां, व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए लेकिन इसे सड़कों पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बनाया जा सकता।'' शीर्ष अदालत ने कहा कि उसे इस बात की भी समीक्षा करनी होगी कि तकनीकी पैनल की रिपोर्ट को व्यक्तियों के साथ किस हद तक साझा किया जा सकता है। एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता दिनेश द्विवेदी ने कहा कि सवाल यह है कि क्या सरकार के पास स्पाइवेयर है और क्या उसने इसका इस्तेमाल किया।

उन्होंने कहा, ''अगर उनके पास यह है, तो उन्हें आज भी इसका लगातार इस्तेमाल करने से कोई नहीं रोक सकता।'' पीठ ने कहा, ''कृपया व्यक्तियों के बारे में खुलासे के संबंध में अभ्यावदेन दें। आजकल हम जिस तरह के परिदृश्य में हैं, हमें थोड़ा जिम्मेदार होना चाहिए... हम देखेंगे कि रिपोर्ट किस हद तक साझा की जा सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा, ''अगर देश आतंकवादियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल कर रहा है तो इसमें गलत क्या है? स्पाइवेयर का होना गलत नहीं है, सवाल यह है कि आप इसका इस्तेमाल किसके खिलाफ कर रहे हैं। आप देश की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं कर सकते। निजी नागरिक, जिसके पास निजता का अधिकार है, उसे संविधान के तहत संरक्षण दिया जाएगा।'' पत्रकार प्रांजॉय गुहा ठाकुरता की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एक अमेरिकी जिला अदालत के फैसले का जिक्र किया। सिब्बल ने कहा, ''व्हाट्सऐप ने खुद ही यहां खुलासा किया है। किसी तीसरे पक्ष ने नहीं। व्हाट्सऐप ने हैकिंग के बारे में कहा है। उस समय माननीय न्यायाधीशों ने यह संकेत नहीं दिया था कि हैकिंग हुई थी या नहीं। यहां तक कि विशेषज्ञों ने भी ● शेष पेज 11 पर

सीएम ने प्रदेशवासियों को किया आश्वस्त, 2029 में यूपी बनेगा वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी

निरंतर जारी रहेगी यूपी की सफल यात्रा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत 8 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप मजबूती के साथ सफलता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे का सबसे बड़ा नेटवर्क है। सर्वाधिक मेट्रो का संचालन उत्तर प्रदेश कर रहा है।

एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश जो 2017 में सातवीं अर्थव्यवस्था था, आज देश की नंबर दो अर्थव्यवस्था बन चुका है। 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनने के लिए उत्तर प्रदेश ने जो कदम बढ़ाए हैं, उसको आगे बढ़ाते हुए हम मानकर चलते हैं कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा और उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। 2014 से पहले पहचान के संकट से जूझ रहा था प्रदेशमुख्यमंत्री ने कहा कि व्यापक संभावनाओं वाला उत्तर प्रदेश 2014 के पहले पहचान के संकट से गुजर रहा था। नौजवान पहचान के लिए मोहताज हो गया। अन्नदाता किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो गया, यहां का श्रमिक भुखमरी का शिकार हो गया, बेटी और व्यापारी दोनों की सुरक्षा में सेंध लग चुकी थी। पर्व और त्योहार दहशत के माहौल में मनाने को मजबूर होना पड़ता था। उत्तर प्रदेश की पहचान एक सामर्थ्यवान और असीम संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में नहीं बल्कि एक बीमारू राज्य के रूप में होने लगी। 2017 से पहले सत्ता का संचालन करने वाले लोग चाहते ही नहीं थे कि उत्तर प्रदेश का कुछ हो। वह हर एक मामले में स्कीम को फ़ेल करने में अपनी पूरी ताकत लगा देते थे। केंद्र में जो स्कीम बनती थी वह उत्तर प्रदेश में आकर फ़ेल हो जाती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार उत्तर प्रदेश में 56 लाख गरीबों के लिए एक-एक आवास बना चुकी है। यह जो गरीब हैं उनमें दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और अन्य जातियों के लोग भी हैं। हम उनको जातीय खेमों में नहीं बांटते। स्वाभिमान का प्रतीक है ओडीओपीमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की उपेक्षा के कारण उत्तर प्रदेश में एमएसएमई सेक्टर बंद सा हो गया था। हमने 2018 में उत्तर प्रदेश के परंपरागत उत्पादों को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में पहचान दी। आज पूरे देश के अंदर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट छाया हुआ है। यह स्वदेशी और स्वाभिमान का प्रतीक बन चुका है। 2017 के पहले चीन का जो प्रोडक्ट दिवाली और अन्य पर्व पर हमारे मार्केट में छा जाता था, लेकिन आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को लोग गिफ्ट के रूप में देते हैं। हमारा हस्तशिल्प, हमारा कारीगर मुनाफा कमाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में हर व्यक्ति आज अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। 2017 से पहले पर्व और त्योहारों पर भय का माहौल होता था। आज पर्व और त्योहार किसी भी समुदाय का हो बहुत शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होता है। प्रदेश दंगा मुक्त हुआ, सुरक्षा का एक बेहतरीन वातावरण बना तो देखते ही देखते देश और दुनिया के यात्री और पर्यटक उत्तर प्रदेश की ओर उमड़ पड़ा। जिस उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले वर्ष भर में मात्र लाखों की संख्या में पर्यटक आते थे, वहीं आज यह संख्या करोड़ों में पहुंच रही है। महाकुम्भ में ही 66 करोड़ से ● शेष पेज 11 पर

सांसद साक्षी महराज की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की प्रस्तावित कार्यों एवं योजनाओं की बैठक हुई सम्पन्न

सांसद द्वारा वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना के गठन हेतु विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा गया कि सड़कों के विकास से ही क्षेत्र के विकास का रास्ता निकलता है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। विकास भवन सभागार में सांसद डा0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज की अध्यक्षता व जिलाधिकारी गौरांग राठी की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग के प्रस्तावित कार्यों एवं योजनाओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद जी द्वारा वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना के गठन हेतु विस्तार से समीक्षा करते हुए कहा गया कि सड़कों के विकास से ही क्षेत्र के विकास का रास्ता निकलता है। उन्होने कहा कि अधिकारी अपने पद पर रहकर अपने दायित्वों को ईमानदारी से निभाएं, इसके लिए किसी की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होने वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 में कराएं गए कार्यों का विवरण उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में विधायक पुरवा अनिल सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सड़को की भूमिका एक अहम रोल अदा करती है। सड़के विकास का सूचक होती हैं। अच्छी गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाए। विधायक सदर पंकज गुप्ता ने कहा कि जो प्राथमिकत्ता के कार्य हैं उन्हे विभाग के सहयोग से अवश्य पूर्ण कराएं जाए। ज्यादा से ज्यादा निर्माण कार्यों की शासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त की जाए। बैठक में अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार ने बताया कि जनपद में 09 रेलवे उपरिगामी सेतुओं का प्रस्ताव रखा गया है। इसी प्रकार 03 बाईपास मार्गों के निर्माण का कार्य, 01 औद्योगिक लॉजिस्टिक पार्क हेतु चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, राज्य योजनान्तर्गत 13 मार्गों के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, राज्य सड़क निधि के अन्तर्गत 11 मार्गों के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, तहसील एवं ब्लाक कार्यालयों को जोड़ने वाले मार्गों का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, धर्मार्थ योजना के अन्तर्गत 05 मार्गों के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य, 126 ग्रामीण मार्गों के नवनिर्माण का कार्य, 122 लघु सेतुओं के निर्माण का कार्य, राज्य सड़क निधि के अर्न्तगत 471 मार्गों के नव निर्माण का कार्य तथा 181 मार्गों के विशेष मरम्मत के कार्य का प्रस्ताव बैठक में रखा गया। इसके अतिरिक्त सांसद एवं मा0 विधायक गणों द्वारा दिए गए प्रस्तावों को लोक निर्माण विभाग की प्रस्तावित कार्य योजना में सम्मिलित किया जाएगा।बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी सुबोध कुमार सहित संबंधित अधिकारी गण आदि मौजूद रहे।

विकसित भारत की आधारशिला है एक देश एक चुनाव: डॉ. धर्मेंद्र सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। विश्वविद्यालय के संवाद भवन में एक राष्ट्र एक चुनाव'' के दृष्टिगत आयोजित युवात्परिचर्चा कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि एक देश एक चुनाव जरूरी, एक देश एक चुनाव से होगा मजबूत भारत का निर्माण, बार-बार चुनाव से देश पर बढ़ता आर्थिक बोझ, विकसित भारत की आधारशिला है एक देश एक चुनाव, एक देश एक चुनाव से मजबूत बनेगा भारत । बार-बार चुनाव देश की प्रगति में बाधक । विकसित भारत को बनाने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव, एक राष्ट्र एक चुनाव के मिशन को जन आंदोलन बनाने की जरूरत । विकसित भारत के निर्माण के लिए जनकल्याण के लिए देश में लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक साथ होने चाहिए। एक देश एक चुनाव विकसित भारत की आधारशिला है एक राष्ट्र एक चुनाव से होगा मजबूत भारत का निर्माण। एक देश एक चुनाव जरूरी । वन नेशन वन इलेक्शन से मतदाताओं की भागीदारी बढ़ेगी और उत्साह भी दिखेगा और वह अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अधिक प्रेरित होंगे।सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत राय बड़े ने कहा कि एक देश एक चुनाव व्यवस्था से भारी चुनावी खर्च में कटौती संभव होगी और उस धन को विकास व जनकल्याण में लगाया जा सकेगा।

कर्ज वसूलने गए बैंक कर्मियों के धमकाने से वृद्ध की हुई मौत

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के बदौआ खुर्द गांव में कर्ज व वसूलने गए बैंक कर्मियों के धमकाने के बाद गरीब वृद्ध को हार्ड अटैक आने से उसकी मौत हो जाने की बात प्रकाश में आई है। मृतक श्याम लाल (80)के बेटे रमेश सिंह के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि 24 अप्रैल को भूमि विकास बैंक मेजा के कर्मचारी चार पहिया वाहन से मेरे घर आए और बकाया पैसा वसूलने के लिए गाड़ी में पिताजी को जबरन बैठा लिए और जेल भेज देने की धमकी देने लगे। तभी उन्हें अचानक हार्ट अटैक आ गया और तत्काल उनकी मौत हो गई। बेटे ने बताया है कि हम लोग घर पर भी नहीं थे, अन्य परिजनों के द्वारा दाह संस्कारी भी जल्दबाजी में कर दिया गया। बेटे ने तहरीर में बताया है कि भूमि विकास बैंक मेजा से 45 हजार रुपए कर्ज लिए थे। एजेंट के माध्यम से कुछ जमा ही किए थे, लेकिन इतनी कड़ाई के साथ कर्ज वसूली को लेकर वृद्ध श्यामलाल की जान चली गई।

प्रेमी के साथ घूमने गई युवती की मार्ग दुर्घटना में हुई मौत

कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के राजपुर गांव में प्रेमी के साथ घूमने गई युवती की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक राधना (17) पुत्री राम जी निवासी गोविंद नगर डूड़िया नगर पंचायत कोरांव अपने पड़ोस गांव तरांव के रहने वाले किसी प्रेमी के साथ सोमवार को घूमने गई थी। घूम कर सोमवार को देर रात 10 बजे के आसपास दोनों वापस घर लौट रहे थे कि राजपुर गांव में मार्ग दुर्घटना में युवती बाइक से सड़क के किनारे लगी रेलिंग पर जा गिरी जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने हादसे की सूचना पर युवती के शव को सीएचसी लाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस युवती के प्रेमी को हिरासत में ले लिया है। मृतका राधना दो भाइयों व दो बहनों में दूसरे नंबर की थी। ज्ञातव्य हो कि राधना के चचेरे भाई के बेटे की बारात बुधवार को जानी है। जहां एक तरफ घर में खुशियों का माहौल था वही राधना की मौत ने पूरे माहौल को गमगीन कर दिया। मंगलवार को सायं 5 बजे के आसपास युवती का शव पोस्टमार्टम के बाद जब मिला तो परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे।

बृजेश चतुर्वेदी बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के जिला महामंत्री

महराजगंज। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) की जिला इकाई में बृजेश चतुर्वेदी को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। संगठन ने उनके सामाजिक योगदान और सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी है।इस अवसर पर बृजेश चतुर्वेदी ने कहा, ''संगठन ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उसका निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करूंगा। समाजहित और संगठन के विस्तार हेतु लगातार कार्य करता रहूंगा।''बृजेश चतुर्वेदी को जिला महामंत्री बनाए जाने पर संगठन के संरक्षक संजय मणि त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष बालकृष्ण उर्फ दीपू तिवारी, अमित पाण्डेय, दुर्गेन्द्र तिवारी, राजीव कुमार 'मिश्रा', राजकेश्वर पाण्डेय, तरुण राज चतुर्वेदी, ईश्वर चौहान, संदीप तिवारी, विनय पाण्डेय, संजय गुप्ता, सुरेन्द्र तिवाटी, राकेश पाण्डेय, मिथिलेश गुप्ता व बबलू सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

दबंगों ने युवक को पीट पीट कर किया लहूलुहान

लखनऊ । चिनहट थाना क्षेत्र के मटियारी चौकी के अंतर्गत रहमानपुर गनेशपुर निवासी प्रवेश कुमार पुत्र उदय को गांव के निवासी सनी पुत्र मिलन ने मामूली बातचित को लेकर प्रवेश कुमार को पीटपीटकर लहूलुहान कर दिया घायल युवक ने विपक्षी पर बहन के साथ मारपीट व गाली गलौज कि। चिनहट थाना प्रभारी भरत पाठक ने बताया कि मारपीट करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है साथ ही साथ घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है।

एक राष्ट्र एक चुनाव के सम्बन्ध में नेहरू हाल में व्यापारी सम्मेलन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद में एक राष्ट्र एक चुनाव के सम्बन्ध में नेहरू हाल में व्यापारी सम्मेलन सम्पन्न हुआ। व्यापारी सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर एस हलवासिया मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष आजमगढ़ सदर ध्रुव कुमार सिंह मौजूद रहे। मुख्य अतिथि प्रदेश संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर एस हलवासिया ने कहा कि 1967 तक हमारे देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ होते थे और पांच वर्षों तक कोई चुनाव नहीं होने से चुनी हुई सरकार को पांच वर्ष विकास के काम करने का अवसर मिलता था। लेकिन 1967 के बाद सरकारों के समय से पूर्व गिरने और राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने से यह क्रम टूट गया और आज परिस्थितियां ऐसी बन गई है कि प्रति वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होता रहता हैं। जिसके कारण आचार संहिता लगने से विकास कार्य बाधित हो जाते हैं। लोकसभा और विधानसभा का चुनाव अलग-अलग होने से हजारों करोड़ रुपए खर्च होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में इस एक राष्ट्र एक चुनाव का संकल्प लिया था जिसके संबंध में कदम आगे बढ़ाए जा रहे हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में राष्ट्रवाद को आगे बढ़ाने वाली भाजपा की सरकार चल रही है। हम बहुत मे है एक राष्ट्र एक चुनाव का कानून संसद के दोनों सदनों से पास करा सकते हैं लेकिन इसकी चर्चा जनता में हो और राष्ट्र हित में जनता की सहभागिता और समर्थन एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए बने इसके लिए हम सभी आज आप सभी व्यापारी वर्ग के लोगों के बीच बैठ कर इसकी चर्चा कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदर्शन दास अग्रवाल और संचालन कार्यक्रम संयोजक पूर्व नगर अध्यक्ष व जिला कार्यसमिति सदस्य विनय प्रकाश गुप्ता ने किया।इस अवसर पर लालता प्रसाद गुप्ता, अनूप अग्रवाल, भोला प्रसाद साव, श्रेय अग्रवाल , अरविंद समेत अन्य लोग मौजूद थे।

छात्रों के लिए जानलेवा बना जर्जर बरगद का पेड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़ / कुशीनगर। दुदही विकासखण्ड के ग्रामसभा सोरहवा में संचालित परिषदीय विद्यालय के लिए निर्मित उत्तरी चहारदीवारी से सटे सैकड़ो वर्ष पुराना जर्जर अवस्था में विद्यमान बरगद का एक पेंड़ किसी दिन छात्रों के लिये जानलेवा साबित हो सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त संचालित विद्यालय के ठीक उत्तर चहारदिवारी से सटा सैकड़ो वर्ष पुराना बरगद का पेंड़ काफी जर्जर अवस्था में पहुँच गया है।उक्त बरगद की जड़ तो विद्यालय परिषद से बाहर है किन्तु उसकी सभी डालियां विद्यालय परिसर में ही झुकी हुई हैं। गर्मी के दिनों में छात्र उक्त बरगद की छांव के नीचे अध्ययन करते हैं।बरगद के जर्जर अवस्था में को देखते हुए हमेशा उसके धराशायी होने की संभावना बनी हुई है।ऐसे समय में भय और बढ़ जाता है जब हवा तेज बहने लगती है।उस समय अध्यापक छात्रों को परिसर में पढ़ाने की बजाय कमरे में लेकर चले जाते हैं।ग्रामवासी सेवानिवित्त 70 वर्षीय शिक्षक राजवंशी प्रसाद कुशवाहा बताते हैं कि उक्त पेंड़ मेरे होश संभालने के पूर्व से ही विद्वमान है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक का कहना है कि बरगद के नीचे पढ़ाते समय हमेशा अनहोनी होने का भय बना रहता है।ऐसे में हम लोग छात्रों को उसकी पहुँच से दूर कमरे में रखने की कोशिश करते हैं।

समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में निरंतर दलितों पर दमन, उत्पीड़न, अत्याचार, बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही है संविधान को धत्ता बताकर रामराज की बात करने वाले मुख्यमंत्री योगी की सरकार में सामंतवाद, पूंजीवाद, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। करणी सेना खुलेआम गुण्डा गर्दी कर रहीं है जिसको मुख्य मंत्री जी का संरक्षण प्रतीत होता है। इस सरकार में करणी सेना द्वारा गरीबों व दलितों, पिछड़ो पर उत्पीड़न बढ़ गया व उनको जान से मारने की धमकियों बढ़ रही है। सोशल मीडिया पर संविधान द्वारा दी गई अभिव्यक्ति की आजादी के आधार पर किए जा रहे अधिकारों को रोका जा रहा है। यदि दलित, पिछड़ों द्वारा कोई वाजिव कमेंट कर दिया जा रहा है तो करणी सेना द्वारा माफी मांगने व थूक कर चाटने पर भी मजबूर किया जा रहा है। प्रतीत होता है कि प्रदेश में संविधान का राज नहीं है बल्कि गुण्डा गर्दी, सामंतवादी व्यवस्था लागू हो गई है।

अधिकारी व पुलिस, सरकार के डर के कारण उन पर कोई कानूनी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। वरिष्ठ दलित चिंतक, माननीय रामजीलाल सुमन सांसद के ऊपर लगातार कातिलाना हमला हो रहा है यहां तक कि रामजीलाल सुमन व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गरीबों, दलितों, पिछड़ों व अक्लियत के अमल बरदार माननीय अखिलेश यादव को जान से मारने की धमकी दी जा रही है, जिससे कानून व्यवस्था में जनता का विश्वास खत्म हो गया है। समाजवादी पार्टी आजमगढ़ आपसे यह मांग करती है कि सांसद रामजीलाल सुमन को जान से मारने की धमकियां देने वाली करणी सेना के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना हरकत पर रोक लगाई जाए तथा माननीय रामजीलाल सुमन सांसद जी को सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए जाएं।

नेपाल सीमा पर सरकार का एक्शन जारी, सैकड़ों अवैध कब्जे हटाए गए

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने भारत-नेपाल सीमा से सटे संवेदनशील जिलों में अतिक्रमण और बिना मान्यता संचालित मदरसों के खिलाफ जोरदार अभियान छेड़ दिया है।इसके तहत लगातार चौथे दिन मंगलवार को भी नेपाल सीमा से सटे जनपदों में बुलडोजर गरजा और कई अवैध धार्मिक स्थलों व अतिक्रमण को नष्ट कर दिया गया, वहीं, बिना मान्यता चल रहे मदरसों पर भी नकेल कसते हुए उन्हें सील कर दिया गया। कुल मिलाकर अब तक सैकड़ों अवैध अतिक्रमण को हटाया जा चुका है। सरकार का यह कदम न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए है, बल्कि सीमा पार से किसी भी संभावित गतिविधि पर रोक लगाने की रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा है।बहराइच में भी मंगलवार को सरकार का एक्शन जारी रहा। यहां तहसील नानपारा और मिहींपुरवा में अब तक कुल 117 अतिक्रमण हटाए जा चुके हैं। मंगलवार को मोतीपुर क्षेत्र में एक मदरसा ल्लदारूल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमानङ्क को सील किया गया। इससे पहले 28 अप्रैल को चार और मदरसों पर इसी तरह की कार्रवाई हुई थी।बलरामपुर जिले में जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की जांच में 20 मदरसे मानक विहीन पाए गए। किसी के पास मान्यता के अभिलेख नहीं थे, तो किसी में निर्धारित पाठ्यक्रम तक नहीं चल रहा था। इन सभी को बंद कर दिया गया है। यही नहीं, दो अन्य मदरसों को भी नोटिस जारी किया गया है और इन पर भी अभिलेख न मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। सिद्धार्थनगर जिले में 3 मस्जिदों और 14 मदरसों को अवैध रूप से निर्मित पाया गया है। प्रशासन ने 28 अप्रैल को नोटिस जारी कर कानूनी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इसी तरह, महाराजगं के नौतनवां, फरेंदा और निचलौल में कुल 29 अवैध अतिक्रमण चिह्नित किए गए हैं। वहीं, श्रावस्ती में 33 मदरसों को सील और एक मस्जिद को हटाया गया है। ग्राम भरथारौशनगढ़ में अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया।

जब पुस्तकें ही नहीं आई, तो बच्चे कैसे करें पढ़ाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। नया शिक्षा सत्र शुरू हुए 29 दिन बीत चुके हैं, लेकिन नौनिहालों के हाथों में किताबें नहीं दी जा सकी हैं।हालांकि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दावा कर रहे हैं कि सभी प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को किताबें मुहैया कराई जा चुकी हैं, लेकिन जमीनी हकीकत उनके दावे की न सिर्फ पोल खोल रही है, बल्कि सरकार की मंशा पर भी पानी फ़ेर रही है। पहली अप्रैल से नये शिक्षा सत्र की शुरूआत हुई। सरकार ने दावा किया कि 15 अप्रैल तक किताबें सरकारी स्कूलों में पहुंच जाएंगी, लेकिन हकीकत यह है कि अभी तक कक्षा 4 और 5 के बच्चों की ही किताबें परिषदीय विद्यालयों में पहुंची हैं, जबकि कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों को बिना किताबों के ही पढ़ाया जा रहा है।वहीं, जिले के तमाम परिषदीय विद्यालय ऐसे भी हैं, जहां बच्चों को पढ़ाने के लिए पुरानी किताबों से ही काम चलाया जा रहा है। बताते चलें कि जिले में 2609 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें 3 लाख से अधिक बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। पहली अप्रैल से नया शिक्षा सत्र का शुभारंभ हो चुका है और परिषदीय विद्यालयों में नौनिहालों के नामांकन की भी प्रक्रिया शुरू है। परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक बच्चों का दाखिला कराने के लिए स्कूल चलो अभियान भी चलाए जाने के निर्देश हैं, लेकिन अधिकांश स्कूलों में इसका पालन नहीं किया जा रहा है। यही वजह है कि शासन-प्रशासन की तमाम कोशिशों के बाद भी सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ नहीं पा रही है। वहीं दूसरी तरफ जिले के 2609 परिषदीय विद्यालयों में नये शिक्षा सत्र के 29 दिन बाद भी सभी कक्षाओं के नौनिहालों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें विभाग द्वारा मुहैया नहीं कराई जा सकी हैं, जिसके चलते न सिर्फ बच्चों की पढ़ाई बाधित है, बल्कि शिक्षकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वैसे तो शासन का निर्देश है कि नया सत्र शुरू होने पर सभी छात्रों को किताबें उपलब्ध करा दी जाएं, लेकिन इस पर अमल नहीं हो पा रहा है। विभाग की ओर से सर्व शिक्षा अभियान के तहत किताबें विद्यालयों पर भेजने के साथ ही उसका वितरण भी कराना होता है, लेकिन जब किताबें आई ही नहीं, तो वितरण क्या करें ...? मंगलवार को पत्रकारों की टीम निःशुल्क पुस्तकों के वितरण की सच्चाई जानने के लिए जिले के कई प्राथमिक विद्यालयों में पहुंची, तो हकीकत विभाग के दावे को मुंह चिढ़ाती मिली। मुजेहना शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कौरहे में प्रधानाध्यापक द्वारा बताया गया कि लगभग 130 बच्चे हैं, जिनमें 24 नया नामांकन किया गया है। यहां प्रधानाध्यापक कार्यालय में किताबें डंप मिलीं। पूछने पर बताया गया कि अभी बच्चों को वितरित नहीं की गयी हैं।चूंकि स्कूल बंद होने वाला है, इसलिए यदि अभी किताबें बांट दी गयीं तो ज्यादातर बच्चे फाड़ डालेंगे और फिर विद्यालय खुलने पर उन्हें दोबारा पुस्तकें मुहैया कराने में दिक्कतें आएंगी। वहीं प्राथमिक विद्यालय बनगाई बरूवार द्वितीय में 106 बच्चे नामांकित हैं। यहां 4 शिक्षा मित्र व प्रधानाध्यापक समेत 4 शिक्षक तैनात हैं। इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिव कुमार वर्मा ने बताया कि कक्षा चार व पांच की किताबें आ गयी हैं, लेकिन अभी बच्चों को वितरित नहीं की गयी हैं। यही हाल तकरीबन सभी प्राथमिक विद्यालयों का है। कुछ स्कूलों में कक्षा चार व पांच की किताबें बांट दी गयी हैं, जबकि अधिकांश स्कूलों में किताबें डंप हैं, जिन्हें अवकाश के बाद वितरित किए जाने की योजना है।

बच्चों के दाखिले में रोड़ा बन रहा आधार

मुजेहना शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बनगाई बरूवार द्वितीय के प्रधानाध्यापक शिवकुमार वर्मा ने बताया कि बच्चों के दाखिले में आधार रोड़ा बन रहा है। ज्यादातर बच्चों का आधार नहीं बना है। ऐसे में बिना आधार के नामांकन में दिक्कतें आ रही हैं। जिले के तकरीबन सभी स्कूलों में यह समस्या सामने आ रही है जिससे छात्र संख्या नहीं बढ़ पा रही है। आधार अनिवार्य होने के कारण बच्चों का दाखिला नहीं किया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ इसको लेकर अभिभावक भी उदासीन हैं। उनका कहना है कि इस भीषण गर्मी में लाइन लगाकर आधार कार्ड बनवाने कौन जाए।

क्या कहते हैं बीएसए अतुल तिवारी

जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार तिवारी से जब परिषदीय विद्यालयों में निःशुल्क किताबों के वितरण को लेकर बात की गयी तो उन्होंने कहा कि प्राइमरी से लेकर मिडिल के चार से आठ तक की सभी किताबें स्कूलों में चली गई हैं। उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से 3 तक की किताबें अभी 10 तक आई हैं। सत्यापन होकर वह भी जा रही हैं। यह पूछे जाने पर कि कुछ स्कूलों में अध्यापकों द्वारा कहा जा रहा है कि विद्यालय बंद होने वाला है। अभी बांट दिया जाएगा तो फाड़ देंगे। इसलिए नहीं वितरित किया जा रहा है। इस पर बीएसए ने कहा कि वह इस संबंध में आदेश जारी कर दे रहे हैं।

रोटरी ने नव प्रवेशित बच्चों को वितरित किए नि:शुल्क स्कूल बैग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जूनियर हाईस्कूल कसया में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर द्वारा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्कूल बैग वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने कहा, रोटरी क्लब जैसे सामाजिक संगठन द्वारा बच्चों को शिक्षा के लिए स्कूल बैग उपलब्ध कराना अत्यंत सराहनीय पहल है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष वाहिद अली ने अपने संबोधन में कहा, इस तरह की पहल न केवल बच्चों के शैक्षणिक अनुभव को समृद्ध करती है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी कार्य करती है। रोटरी द्वारा लगभग 10 से अधिक विद्यालयों में स्कूल बैग वितरण का कार्य किया जाएगा। रोटरी क्लब के सचिव अजय सिंह ने जानकारी दी कि, विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल बैग की व्यवस्था की गई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री भगवन्त कुमार सिंह ने रोटरी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा, इस सहयोग से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि होगी। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष संदीप रौनियार, उपाध्यक्ष साहिल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

समेसी निवासी टेंट व्यवसाई का चौथे दिन घर पहुंचा शव, मचा कोहराम

सोमवार को शिवगढ़ थाना क्षेत्र की नहर में उतराता मिला था शव

परिजन हत्या कर शव नहर में फेंकने का लगा रहे आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। बीते 26 अप्रैल को समेसी निवासी एक 55 वर्षीय टेंट व्यवसाई संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। मामले में गुमशुदा की पत्नी ने नगराम थाने में बीते रविवार को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। नगराम थाना अंतर्गत समेसी के मजरा पटवा खेड़ा गांव निवासी परागी (55) बीते 26 अप्रैल 2025 की सुबह लगभग 10 बजे छतौनी गांव में कार्यक्रम के लिए टेंट लगाने की बात कह कर घर से निकला था। जब देर शाम तक न छतौनी गांव पहुंचे और न ही अपने गांव पहुंचे तब परिजनों ने खोजबीन शुरू की काफी खोजबीन के बाद जब कहीं पता नहीं लगा तब पत्नी पत्नी पराना ने नगराम थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई । फिर तलाश शुरू की तीसरे दिन सोमवार को परागी का शव पटवा खेड़ा समीप से गुजरी शिवगढ़ रजबहा के शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पिंडौली गांव के पुल के समीप एक पेड़ की डाल से नहर में उतराता परिजनों ने देखा । जिसकी जानकारी पुलिस को दी घटनास्थल पर शिवगढ़ व नगराम थाना की पुलिस मौके पर पहुंची शिवगढ़ पुलिस ने शव को बाहर निकाला और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए रायबरेली भेज दिया। चौथे दिन मंगलवार को जब परागी का शव पटवा खेड़ा गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया । वही पत्नी समेत परिजन हत्या की आशंका जाता रहे हैं उनका कहना है कि परागी की हत्या कर नहर में फेंका गया है। परागी गांव में ही एक छोटा-मोटा टेंट व्यवसाय का काम करता था जिसके परिवार में पत्नी पराना व चार बेटियां दो बेटे अमर और अरविंद है । जिसमें सबसे छोटा बेटा अरविंद अविवाहित है बाकी सब विवाहित हैं । मंगलवार की शाम परागी का शव जब गांव पहुंचा तो घर तथा गांव में कोहराम मच गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी उपेन्द्र यादव ने बताया कि हर पहलू पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

अप्ट्रॉन डिवीज़न में हुई मॉर्निंग रेड में 5 बिजली चोर धरे गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर मंगलवार को तालकटोरा मंडल के अंतर्गत बिजली विभाग द्वारा मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। तालकटोरा मंडल के अधीक्षण अभियंता मुकेश त्यागी ने बताया की अप्ट्रॉन डिवीज़न के अधिशाषी अभियंता कुलदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व अप्ट्रॉन खंड में विभागीय टीम के द्वारा हाई लॉस फीडर पर मॉर्निंग रैड की गई थी। इस दौरान मोज़्ज़म नगर, गुलाब नगर, मोमिन नगर रुस्तम नगर, फ़ाज़िल नगर आदि इलाक़ो में की गयी चेकिंग के दौरान कुल 5 उपभोक्ताओं को 15 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते हुए पाया गया। अधिशाषी अभियंता कुलदीप श्रीवास्तव के अनुसार बिजली चोरी करने वाले इन सभी उपभोक्ताओं की लाइट पोल से काट दी गई है तथा सभी पर बिजली चोरी की धारा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन्होंने बताया कि लोगों को निर्बाध बिजली देने व बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से चलाए जाने वाला यह अभियान आगे भी इसी तरह से जारी रहेगा। इस मॉर्निंग रेड अभियान के दौरान उपखण्ड अधिकारी अखिलेश कुमार यादव, अवर अभियंता राजेश कुमार, अवर अभियंता दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ आरपीआई ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गांधी प्रतिमा, हजरतगंज में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आरपीआई पदाधिकारियों ने भारत सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ कठोर एक्शन की मांग की एवं इस हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

आरपीआई प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के निर्देश पर आरपीआई लखनऊ महानगर एवं महिला मोर्चा ने कसमंडा स्थित प्रदेश कार्यालय से लेकर गांधी प्रतिमा तक पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एलबी यादव ने कहा कि ये हमला पूरे भारत की शांति एवं एकता को चुनौती देने वाला कृत्य है। ऐसे आतंकी हमलों के पीछे छिपे आतंकी संगठनों और उनका समर्थन करने वालों को कठोर संदेश देना समय की मांग है। हम भारत सरकार से माँग करते हैं कि इस बार आतंकियों और उनको संरक्षण देने वालों के ख़िलाफ़ ऐसी कार्यवाही हो कि आतंकवाद हमेशा के लिए कभी अपना फन न उठा सके।

महिला मोर्चा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शानू मल्ल कौशल ने कहा कि पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला हमारे देश की संप्रभुता और शांति के ख़िलाफ़ किया गया निंदनीय कृत्य है। इस हमले के ख़िलाफ़ आज पूरा देश एकजुट है। सरकार आतंकवादियों और इनको संरक्षण देने वालों के ख़िलाफ़ कभी न भूलने वाली कार्यवाही करे। विरोध प्रदर्शन के दौरान लखनऊ मंडल प्रभारी शिक्षा प्रकोष्ठ सरोज पांडे, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आरके गौतम, महिला प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष नसीमा कुरैशी, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष लखनऊ महानगर हिमांशु जायसवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ चांदनी कपूर, प्रदेश महामंत्री सुमन जायसवाल, प्रदेश मंत्री राजेश कुमार सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

यूपी डीजीपी से मिले जापान के फुटबॉलर और उनकी एनजीओ टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । जापान के प्रसिद्ध फुटबॉलर नोजोमु हगिहारा और उनकी एनजीओ टीम ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार से लखनऊ में मुलाकात की। इस दौरान पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश समेत पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अतिथि को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया है।

उल्लेखनीय है कि फुटबॉलर नोजोमु हगिहारा समाजिक कार्यों बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं। वह एफसी नोनो/नोजोमु फाउंडेशन एनजीओ के संस्थापक भी है। वह बच्चों को सशक्त बनाने और जापान-भारत खेल सहयोग को बढ़ावा देने जैसे धर्मार्थ उद्देश्यों के लिये कोलकाता से दिल्ली तक भारत के कई राज्यों को कवर करते हुये तीन मार्च से मई 2025 तक लगभग दो हजार किलोमीटर की दुनिया के सबसे लम्बी फुटबॉल ड्रिब्लिंग की यात्रा पर निकले हैं। अपनी इसी यात्रा के फाउंडेशन के संस्थापक व उनकी टीम लखनऊ से गुजरते समय पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की है। एडीजी लॉ एण्ड आर्डर ने उनकी यात्रा को और सुगम बनाने के लिए जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। एफसी नोनो/नोजोमु फाउंडेशन फुटबॉल के माध्यम से भारत में स्वास्थ्य प्रबंधन, पोषण सुधार, शिक्षा, मानव संसाधन विकास, पर्यावरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के लिए लक्ष्य एक हुक के रूप में फुटबॉल गतिविधियों के साथ, दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों के लिए लगातार कार्य कर रही है।

फुटबॉलर ने जुवेनाइल मामलों में जेल में निरूद्ध बच्चों को मोटीवेशनल स्पीच द्वारा उनके स्वभाव में सुधार के लिए बिहार व बंगाल प्रान्त की जेलों में भ्रमण किया है। यात्रा का मुख्य उद्देश्य बच्चों को दृढ़ता के मूल्य और चुनौतियों को स्वीकार करने के महत्व को बताना। जापान और भारत के बीच सांस्कृतिक और खेल आदान-प्रदान को मजबूत करना है। एफसी नोनो के साथ गिनिज बुक आफ इण्डिया की वीडियोग्राफी टीम भी आयी, जो पूरी यात्रा में लगातार उनके साथ रहेगी। इस मौके पर यूपी पुलिस की फुटबाल टीम ने भी फुटबॉलर से संवाद करते फुटबाल के गुर सीखे।

थाना अलीगंज क्षेत्र में नवविवाहित ने की आत्महत्या,पुलिस जांच मे जुटी

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। को समय करीब 08.42 पर सुबह मुल्लुराम पुत्र स्व0 शिवचरन प्रसाद द्वारा थाना अलीगंज पर लिखित सूचना दी जिसमें उन्होने बताया कि उनकी बहू प्रीति गौतम पत्नी अक्षय गौतम उम्र करीब 24 वर्ष ने घर की तीसरी मंजिल पर बने अपरे कमरे के छत में लगे पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है, घर वालो ने जब तक उसे पंखे से उतारा तब तक बहु की मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर थाना अलीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और वहां पहुंचकर फील्ड यूनिट को बुलाकर घटना स्थल का निरीक्षण कराया वहां मृतका का मायका पक्ष भी मौके पर मौजूद था जिसने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया कि दहेज के लिए उनकी बेटी को प्रताड़ित किया जाता था उनका आरोप था कि ये आत्महत्या नही बल्कि हत्या है जिसकी लिखित तहरीर भी उनके द्वारा थाने मे दी गई है इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अलीगंज द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही शुरु कर दी गई।

अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों की पदोन्नति का रास्ता हुआ साफ

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डा0 महेन्द्र देव ने बताया कि शासन द्वारा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के संबंध में आवश्यक शासनादेश जारी कर दिया गया है। इस शासनादेश के बाद अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा संबंधी प्रकरणों का समाधान सरलता से किया जा सकेगा।
जारी शासनादेश के अनुसार अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की पदोन्नति तथा सेवा संबंधी मामलों में माध्यमिक शिक्षा अधिनियम-1921 (यथासंशोधित) की व्यवस्था लागू होगी। उल्लिखित है कि उ0प्र0 शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में पदोन्नति तथा सेवा संबंधी मामलों का उल्लेख नहीं था, जिससे शिक्षकों की पदोन्नति तथा सेवा संबंधी मामलों के निस्तारण में कठिनाई आ रही थी। इस शासनादेश के प्रभावी होने से संबंधित मामलों के निस्तारण में सरलता होगी।

यूपी संस्कृत बोर्ड का परिणाम बुधवार को होगा घोषित

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। यूपी संस्कृत बोर्ड के सचिव शिव लाल ने बताया कि उ0प्र माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद का वर्ष 2025 की पूर्व मध्यमा द्वितीय (10वीं), उत्तर मध्यमा प्रथम (11वीं) एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय (12वीं) का परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को अपरान्ह 4.00 बजे, शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) शिविर कार्यालय, 18-पार्क रोड, लखनऊ से घोषित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल को संस्कृत शिक्षा परिषद की वेबसाइट बबब.फ्ब्द्धपपध्.दधद्ध पर देखा जा सकेगा।

मोहन मेकिंग पर अवैध रो—हाऊसों पर सीलिंग की कार्यवाही

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ के कदमरसूल वार्ड में मोहन मेकिंग रोड पर अवैध रो—हाऊसों पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के जोन चार की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय और प्राधिकरण कर्मचारियों ने सीलिंग की कार्यवाही की। मंगलवार को मोहन मेकिंग पर प्राधिकरण की कार्यवाही के दौरान जुटी भीड़ को पुलिसकर्मियों ने हटाया।
प्राधिकरण की जोनल अधिकारी वन्दना ने बताया कि मोहन मेकिंग रोड पर अज्ञात व्यक्ति की ओर से अवैध रो—हाऊसों के निर्माण की जानकारी मिली थी। इसकी पड़ताल में सूचना सही पाये जाने के बाद विहित न्यायालय में वाद योजित करते हुए सीलिंग की कार्यवाही करायी गयी। रो—हाऊसों के निर्माण करने वाले बिल्डरों शेर मोहम्मद एवं अलताफ ने बिना मानचित्र स्वीकृत कराये हुए रो—हाऊसों को बनवाना स्वीकार किया है।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महाकुम्भ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केंद्र सरकार ने महाकुंभ में भारत के साथ-साथ 45 देशों के 32388 श्रद्धालुओं का सर्वे कराया। सर्वे में पर्यटकों ने अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज में संगम को देश के टाप डेस्टिनेशन के रूप में चुना। यह भी सामने आया कि मेले के दौरान प्रयागराज आने वाले घरेलू और विदेशी श्रद्धालुओं ने औसतन 5877.63 रुपये व्यय किया। इस प्रकार महाकुंभ ने उत्तर प्रदेश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह जानकारी मेसर्स डिलायट द्वारा एक सर्वे में दी गई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेसर्स डिलायट राज्य की वन ट्रिलियन डालर इकोनामी के लक्ष्य में पर्यटन के अधिकतम योगदान पर कार्य कर रहा है। संस्था की ओर से बताया गया कि भारत सरकार द्वारा महाकुंभ स्पीरिचुअल सर्वे-2025 कराया गया था। इसका उद्येश्य देश के टाप डेस्टिनेशन का पता करना था ताकि वहां का आवश्यकतानुरूप विकास किया जा सके। इस क्रम में 28 जनवरी से 26 फरवरी के बीच प्रयागराज में तेलियरगंज, झूंसी, अरैल, परेड ग्राउंड सहित अन्य स्थलों पर आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गर्वनमेंट एआइआइएलएसजी द्वारा सर्वे कराया गया।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि इस प्रकार महाकुंभ ने भारतीय संस्कृति को विश्व में प्रचारित करने के साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को पर्यटन विभाग ने विशिष्ट अनुभव प्रदान किया। सर्वे में यूएसए, यूके, कनाडा, नेपाल, आस्ट्रेलिया, फिजी सहित 45 देशों के 1093 पर्यटकों ने जबकि भारत के 351295 पर्यटकों ने हिस्सा लिया। सभी से इसमें लास्ट विजिटेडप्लेस में 27.32 प्रतिशत ने अयोध्या, 22.68 प्रतिशत ने संगम प्रयागराज और 8.81 प्रतिशत लोगों ने वाराणसी बताया। आगामी भ्रमण में 32.57 प्रतिशत ने संगम प्रयागराज, 12.46 प्रतिशत ने अयोध्या और 7.46 प्रतिशत ने वाराणसी चुना। इसके साथ ही अपनी पसंदीदा जगह में 22.55 प्रतिशत लोगों ने अयोध्या, 19.96 प्रतिशत ने संगम प्रयागराज और 12.27 प्रतिशत ने अयोध्या को चुना। सर्वे के मुताबिक घरेलू पर्यटकों ने परिवार के साथ जबकि विदेशी पर्यटकों ने अकेले महाकुंभ भ्रमण को प्राथमिकता दी।

अक्षय तृतीया पर सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन, विद्वान आचार्य हुए आमंत्रित

लखनऊ। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर लखनऊ के अलीगंज स्थित श्रीहनुमान मंदिर में सामूहि?क यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के महामंत्री देवेन्द्र शुक्ला ने दी। महामंत्री देवन्द्र शुक्ला ने कहा कि श्रीहनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह नौ बजे से यज्ञोपवीत संस्कार आरम्भ होगा। विद्वान आचार्यो द्वारा वैदिक रीति रिवाज से यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न कराया जायेगा। इससे पहले इच्छुक परिवारों से 25 सौ रूपये शुल्क के जमा कराये गये हैं। इससे बटुक को धोती, कुर्ता, अंगौछा, जांघिया, बनियान दिये जायेंगे। साथ ही पाटी, पाटा, खड़ाऊं, मूंज मेखला, जनेऊ की व्यवस्था भी मिलेगी। माता की भिक्षा, सूप साज, महावर समस्त व्यवस्थाओं को कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार के दौरान ही बैण्ड बाजा के साथ काशी पठन हेतु जाने पर बटुकों को मनाया जाता है। आचार्यो को दक्षिणा भी दी जाती है।

सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने अखिलेश जायसवाल, महामंत्री अवनीश दीक्षित

लखनऊ। सेंट्रल बार एसोसिएशन के वर्ष 2025 में सम्पन्न हुए चुनाव में 1334 वोटों को पाकर अखिलेश जायसवाल अध्यक्ष चुने गये। अखिलेश जायसवाल ने अपने प्रतिद्वंदियों राजेश वर्मा और आदेश कुमार सिंह को बड़े अंतर से हरा दिया। मतगणना के दिन, महामंत्री पद पर अवनीश दीक्षित (हनी दीक्षित) ने जीत दर्ज की। अवनीश दीक्षित को 1364 वोट मिले। श्री दीक्षित ने अपने प्रतिद्वंदियों विष्णु कुमार मिश्रा एवं ध्रुव कुमार सिंह को बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सभी को पीछे छोड़ते हुए प्रमोद पाल ने 550 वोट प्राप्त कर विजय हासिल की। सेंट्रल बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों पर देर शाम तक गिनती जारी रही। वहीं पदों पर जीत हार का इंतजार कर रहे उम्मीदवारों एवं उनके समर्थकों की भारी भीड़ लगी रही।

योगी सरकार की पहल से एनक्वास ने बढ़ाया सरकारी अस्पतालों पर भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । योगी सरकार के मार्गदर्शन में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) के प्रमाणन से प्रदेश के लोगों का सरकारी अस्पतालों पर भरोसा बढ़ा है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर से लेकर जिला अस्पताल तक ओपीडी में बढ़ी मरीजों की संख्या, आपरेशन व जांच की बढ़ती तादाद दावे की पुष्टि कर रहे हैं। मालूम हो कि योगी सरकार की दूरदर्शी सोच से प्रदेश में अब तक 1,059 स्वास्थ्य इकाइयां एनक्वास प्रमाणित हो चुकी हैं।

एनक्वास मिलने के बाद सरोजनीगर सीएचसी के ओपीडी में आ रहे 300 मरीजसरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की ही मिसाल ले लीजिए। वर्ष 2022 में यहां ओपीडी में 100 से भी कम मरीज आते थे, लेकिन एनक्वास मिलने के बाद 250 से 300 मरीज रोजाना सीएचसी की ओपीडी में आ रहे हैं। यहां फिजिशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, डेंटल सर्जन व बेहोशी के डॉक्टर मौजूद रहते हैं। सीएचसी में साफ-सफाई व मिलने वाली सुविधाओं के कारण आसपास के लोग यहां आते हैं। ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर स्वराज मोहन के मुताबिक सीएचसी की दीवार से सटा सरोजनीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) होने के कारण भी लोगों का यहां भरोसा बढ़ा है। यहां पर दरोगाखेड़ा, बंथरा, मोहनलालगंज, उतरेटिया से मरीज आते हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. चंदन यादव के मुताबिक पीएचसी में भी फिजिशियन, डेंटल सर्जन, आयुष चिकित्सक बैठते हैं। दोनों अस्पताल एकदम पास होने व डॉक्टरों की उपलब्धता के कारण आसपास के लोगों का यहां भरोसा ज्यादा दिखता है। एनक्वास मिलने के बाद अस्पताल की ब्रांड इमेज, ओपीडी, भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या, प्रसव बढ़े हैं। दोनों अस्पताल मिलाकर रोजाना 400 से 500 मरीजों का इलाज करते हैं। मरीजों को दी जा रही ऑनलाइन रिपोर्ट पर डॉ. चंदन ने बताया कि अस्पताल में कंगारू मदर केयर (केएमसी), न्यू बार्न सिक यूनिट (एनबीएसयू) मौजूद है। मरीजों को आनलाइन लैब रिपोर्ट मिल रही है। इसके अलावा टेलीमेडिसिन सुविधा व मरीजों को 200 दवाएं निःशुल्क मिलती हैं। बक्शी का तालाब के बाद सरोजनीनगर सीएचसी को एनक्वास मिला। इससे पहले लक्ष्य व कायाकल्प का तमगा भी सीएचसी को मिल चुका था।

वक्फ संशोधन कानून से भू माफियाओं की टूटेगी कमर : राजेश शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम के जन जागरण हेतु भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में एक प्रेस वार्ता का आयोजन स्थानीय नेहरू हाल में में किया गया प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा लोकतांत्रिक विधियो का पालन करते हुए वक्फ संशोधन अधिनियम का कानून पास कर दिया गया है। दुर्भाग्य का विषय है कि देश और विशेष कर पसमांदा मुसलमान के हित में बनाए गए इस कानून पर विपक्षी दल देश के लोगों खासकर मुस्लिम समुदाय को गुमराह कर रहे हैं। जबकि यह बिल गरीब मुसलमान के हित का बिल है वक्फ बिल संशोधन के नाम पर मुस्लिम समुदाय का कोई अहित नहीं होने वाला है बल्कि इससे भूमाफियाओं की कमर टूट जाएगी भू माफिया वक्फ के नाम पर बहुत सारी जमीन हड़प कर देश का लंबे समय से नुकसान कर रहे हैं अब इन जमीनों को संवैधानिक तरीकों से नियम बद्ध किया जाएगा जिस पर देश के विकास की इबारत लिखी जाएगी। जिससे गरीब तबके और पसमांदा मुस्लिम समाज के गरीब लोगों को भी लाभ होगा इस प्रकार वक्फ संशोधन बिल सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र से जुड़ा हुआ एक विषय है जिससे गरीब मुसलमान और अन्य वर्गों जिनकी जमीन वक्फ का बहाना देकर कब्जा कर ली गई थी उसे नियम बंद करके भू माफियाओं से छुड़ाया जाएगा ।जिला अध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी कोई भी ऐसा कार्य नहीं करती है जिससे भारत माता के किसी लाल को कोई तकलीफ हो लेकिन भू माफियाओं और नकारात्मक प्रवृत्ति से कब्जा दारी कर रहे लोगों को भारतीय जनता पार्टी कभी क्षमा नहीं करती है आज वही लोग देश में उक्त कानून के विरोध में नकारात्मक माहौल फैलाने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन देश की जनता सब समझती है उसे हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति पर पूर्ण विश्वास है राजेश शुक्ला ने यह भी बताया कि वक्फ संशोधन बिल पास हो जाने के बाद कांग्रेस सपा बसपा की तुष्टिकरण की राजनीति स्वतः समाप्त हो जाएगी। और देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुरक्षित हाथों में स्वयं को गौरवशाली महसूस करेगा। उन्होंने बताया कि वक्फ संशोधन बिल पास होने के बाद अल्पसंख्यक समुदाय में भी विशेष खुशी देखी जा रही है प्रेस वार्ता में अभियान संयोजक राजेश्वर रस्तोगी सहसंयोजक उदित वाजपेई महबूब राजा, विश्राम सागर राठौर ,जया सिंह कामेश शुक्ला सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

एआरपी मेंटर्स के दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन0ई0पी0), एफ0एल0एन0 मिशन एवं निपुण भारत अभियान को प्रभावी रूप से ज़मीनी स्तर पर लागू करने हेतु सीतापुर जनपद में ए0आर0पी0 (अकादमिक रिसोर्स पर्सन) मेंटर्स का दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम डाइट खैराबाद में दिनांक 29 अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुआ।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य मेंटर्स को उनके उत्तरदायित्वों, विद्यालय स्तर की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण प्रणाली, और निपुण भारत मिशन में उनकी भूमिका के प्रति संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं विशिष्ट अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। जिला स्तरीय अधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के विशेषज्ञों द्वारा प्रेरक सत्र लिए गए।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अपने संदेश में कहा कि ए0आर0पी0एस0 को मैदान में एक कोच की भूमिका निभाते हुए शिक्षकों को अकादमिक सहयोग प्रदान करना चाहिए। निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सभी छात्रों को निपुण बनाना प्राथमिकता है और इसके लिए शिक्षा प्रणाली में सकारात्मक परिवर्तन लाकर गुणवत्ता में सुधार आवश्यक है।

पहले दिन में एन0ई0पी0 व एफ0एल0एन0 के अंतर्गत नीतिगत समझ, शिक्षक संवाद, और टीम कार्य जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं दूसरे दिन सपोर्टिव सुपरविजन, फीडबैक तकनीक और गुणवत्ता ऐप जैसे महत्वपूर्ण टूल्स पर प्रशिक्षण प्रस्तावित है।

कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, डाइट प्राचार्य अतुल कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी, गोंदलामऊ सिमी निगार, जिला समन्वयक प्रशिक्षण आर्य कुमार दीक्षित सहित सभी एस0आर0जी0 उपस्थित रहे।

दो साल से खराब पड़े हैंडपंप, पानी की किल्लत से जूझ रहे लोग, प्रशासन मौन

सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। शहरी हो या ग्रामीण इलाका, पीने के साफ पानी की समस्या आज भी आम जनजीवन को प्रभावित कर रही है। जिले के ब्रह्मपुरी मोहल्ला और सीतापुर आरएमपी रोड की बस्ती में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप बीते दो वर्षों से अधिक समय से खराब पड़े हैं, लेकिन अब तक किसी भी जिम्मेदार विभाग ने इनकी मरम्मत की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ब्रह्मपुरी मोहल्ला स्थित अशरफी की प्रेस की दुकान के पास लगा हैंडपंप वर्षों से बंद पड़ा है। गर्मी में आसपास के दुकानदार और राहगीर यहां बैठते तो हैं, लेकिन पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। इसी तरह, सीतापुर आरएमपी रोड पर गन्ना दफ्तर के पास बसी सड़क किनारे की बस्ती में भी हैंडपंप लंबे समय से खराब है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो गई है, लेकिन प्रशासन अब तक आंख मूंदे बैठा है। मोहल्ले के निवासियों ने बताया कि कई बार नगर पालिका और संबंधित विभागों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन नतीजा शून्य रहा। दो वर्षों से हैंडपंपों की मरम्मत नहीं होने से लोगों को कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। इस संबंध में आज़ाद अधिकार सेना सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने एक माह पूर्व जिलाधिकारी को पत्र लिखकर खराब हैंडपंपों की मरम्मत और पहले से मरम्मत किए गए हैंडपंपों का भौतिक सत्यापन कराने की मांग की थी। बावजूद इसके अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है, जिससे स्पष्ट होता है कि जनहित के कार्यों को लेकर प्रशासनिक उदासीनता बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इन हैंडपंपों की अविलंब मरम्मत कराई जाए ताकि आम जनता को गर्मी में राहत मिल सके।

टॉप-10 अपराधी सहित कुल दो अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा अवैध शस्त्र/शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में थाना कमलापुर एवम् तंबौर पुलिस टीम द्वारा अपने थानाक्षेत्रों में चेकिंग के दौरान टॉप-10/हिस्ट्रीशीटर सहित कुल दो अभियुक्तों को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया है, विवरण निम्नवत है- थाना कमलापुर द्वारा टॉप-10 अपराधी, अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार:- थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त मानसिंह पुत्र छोटेलाल नि. चपरुवा मजरा सुल्तानपुर मारुफ थाना कमलापुर सीतापुर को 01 अदद अवैध देशी तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना हाजा का टॉप-10 अपराधी एवम् हिस्ट्रीशीटर है जिसके विरुद्ध पूर्व से लूट/हत्या का प्रयास/चोरी/नकबजनी/अवैध शस्त्र रखेने आदि जैसे आपराधिक कृत्यों में करीब दो दर्जन से भी अधिक अभियोग पंजीकृत हैं। बरामद अवैध शस्त्र के संबंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या 85/2025 धारा 25 (1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया है ।

खुद को आंबेडकर के समकक्ष खड़ा करना चाहते हैं अखिलेश : डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल

लखनऊ। दलित चिंतक एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने समाजवादी पार्टी के होर्डिंग में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आधी तस्वीर काटकर उस हिस्से में अखिलेश यादव की तस्वीर लगाए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे घोर आपत्तिजनक बताते हुए कहा कि यह बाबा बाबा साहब का अपमान है। डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि हम अंबेडकरवादी लोग बाबा साहब का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का कृत्य खुद दलित विरोधी है। उन्होंने अपने शासनकाल में दलित कार्मिकों के प्रमोशन में आरक्षण पर रोक लगाई जिससे लाखों दलित अधिकारियों और कर्मचारियों को डिमोशन का दंश झेलना पड़ा। दलित समाज अभी तक इसे भूला नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव दलितों को अपमानित करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। बाबा साहब की आधी तस्वीर काटकर उसमें अपनी आधी तस्वीर लगाकर वे शायद दलित समाज को यह बताना चाहते हैं कि वे बाबा साहब के बराबर हैं, लेकिन उनके इस कृत्य से दलित समाज न सिर्फ आहत है बल्कि इसे अखिलेश द्वारा जानबूझकर बाबा साहब का अपमान किए जाने का कुत्सित प्रयास मान रहा है। डॉ. निर्मल ने कहा कि अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम से बने संस्थानों से डॉ. आंबेडकर का नाम हटा दिया था।

लगवाये जायें हैंडपंप व बनवाये जायें यूरिनल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गर्मी में प्यास बुझाने को जहांगीराबाद चौराहे के आसपास नहीं है कोई हैंडपंप

रोजाना हजारों लोगों का बना रहता है आवागमन

जहांगीराबाद (सीतापुर)। मई जून महीनों की शुरुआत भी नहीं हुई है लेकिन अभी से गर्मी ने सितम ढाना शुरू कर दिया है। गर्मी दिनों दिन अपनी चरम सीमा पर पहुंच रही है। जहांगीराबाद चौराहे पर इस चिलचिलाती गर्मी और धूप में लोग प्यास बुझाने के लिये इधर उधर भटकते रहते हैं। चौराहे के आसपास कोई भी इण्डिया मार्का नल नहीं है जिससे राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना ही नहीं लघुशंका के लिये काफी दूर जाना पड़ रहा है। सीतापुर -बहराइच मार्ग पर जहांगीराबाद कस्बे की सीमा में लगभग 500मीटर तक कोई भी यूरिनल न होने से राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। सबसे ज्यादा परेशानी महिला राहगीरों को हो रही है।

यह हाल सीतापुर-बहराइच मुख्य मार्ग पर जहांगीराबाद चौराहे का है जहां पूरे चौराहे पर कोई भी इण्डिया मार्का नल नहीं है। काफी समय पहले जिला सहकारी बैंक के निकट एक मात्र इंडिया मार्का नल सड़क किनारे लगा था जो काफी समय तक बंद पड़ा रहा फिर उसे ग्राम पंचायत ने उखड़वा लिया जिस कारण चौराहे पर पानी की भारी किल्लत हो रही है। इस समय भयंकर गर्मी और लू चल रही है। ऐसे में रोजाना सुबह से रात तक सैकड़ों लोगों को प्यास बुझाने के लिये या तो दुकानों व ठेलों पर बिकने वाली 10 या 20 ? की बोतलों को खरीदना पड़ रहा है अथवा चाय मिठाई की दुकानों में झांकना पड़ रहा है। गेट आफ गांजर के नाम से विख्यात इस जहांगीराबाद कस्बे से प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों का लखनऊ, महमूदाबाद, सीतापुर, दिल्ली, बहराइच, रेउसा व तम्बौर आदि नगरों की ओर आना जाना रहता है जो जहांगीराबाद चौराहे से ही विभिन्न साधनों द्वारा अपने गंतव्य तक जाते हैं। चौराहे पर प्यास लगने पर उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

गौरतलब है कि इतने बड़े और व्यस्ततम चौराहे पर दूर-दूर तक कहीं भी एक यूरिनल नहीं बना है जिससे यहां बाजार में खरीदारी करने आये लोगों और यहां से अपने गन्तव्य तक जाने वाले यात्रियों को यदि लघुशंका की जरूरत पड़ जाती है तो उन्हें चौराहे के दोनों ओर लगभग 500 - 500 मीटर दूर जाना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को होती हैं। बताते चलें कि चौराहे के ?दोनों ओर काफी दूरी तक? सड़क किनारे मकान व दुकानें बन गयी हैं।यदि चौराहे के आसपास यूरिनल बनवा दिये जायें तो सैकड़ों लोगों को सुविधा मिल सकेगी। गांव व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने जहांगीराबाद चौराहे के निकट पानी के लिये इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाये जाने व यूरिनल बनवाये जाने की मांग उच्चाधिकारियों से की है। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी ने कहा कि यह समस्याएं मेरी जानकारी में हैं। जल्द ही पीने के पानी की व्यवस्था सही करायी जायेगी तथा चौराहे के आसपास व टैम्पो स्टैंड के निकट यूरिनल बनवाये जाने का प्रस्ताव कर लिया गया है जैसे ही पैसा रिलीज होगा तुरंत ही एक माह के अन्दर दोनों समस्याओं का समाधान करा दिया जायेगा। इस बारे में ग्राम विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा प्रयास रहता है कि किसी को भी कोई परेशानी न होने पाये। बंद पड़े की इंडिया मार्का नलों को सही कराया जा चुका है और जहां कहीं भी कोई गड़बड़ी रह गई है उसे भी जल्द ही ठीक करा दिया जायेगा। यदि नये नल मिले तो चौराहे के आसपास एक और नल लगवा दिया जायेगा। यूरिनल तो जहांगीराबाद जैसे चौराहे के लिए बहुत जरूरी है। देखते हैं कहीं भी सड़क किनारे उचित जगह मिल जाती है तो जल्द ही यूरिनल बनवाये जायेंगे।

सर्राफा दुकान से दिनदहाड़े सोने चांदी से भरा बैग ले भागे बदमाश

हमीरपुर। मौदहा कस्बे में मंगलवार को दिनदहाड़े सर्राफा व्यापारी के साथ टप्पेबाजी हो गई। दो युवक व्यापारी का सोने-चांदी के गहनों व कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गये। घटना से कस्बे में हड़कम्प मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। टप्पेबाजों का कोई सुराग नहीं मिला है।

कस्बे के पुराना बस स्टैंड के निकट मराठीपुरा मोहल्ला निवासी मनोज सोनी की सर्राफा की दुकान है। वह मंगलवार को दुकान खोलने पहुंचा। शटर उठाकर कुर्सी बाहर रखी और झाड़ू लगाने लगा। दुकान में ही उसने सोने-चांदी के गहनों व 13 हजार रुपये कैश से भरा बैग काउंटर पर रख दिया। इतने में एक युवक आया और दुकान के बाहर रखी कुर्सी उठाकर आगे बढ़ गया। मनोज इससे बेखबर झाड़ू लगाता रहा। तभी दूसरे युवक ने मनोज के पास पहुंचकर बताया कि कोई तुम्हारी कुर्सी उठाकर लिए जा रहा है।

तालाब जीर्णोद्धार कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ

जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम-ग्राम पंचायत भिठौली-भिखनापुर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जल ही जीवन है-इसी मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए जनपद सीतापुर में मंदाकिनी संरक्षण अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को समर्पित एक अहम पहल की गई। ग्राम पंचायत भिठौली-भिखनापुर, विकास खंड मिश्रित में आयोजित कार्यक्रम में माननीय सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान तथा जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने तालाब जीर्णोद्धार कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण एवं पुनर्जीवित करना है, जिससे न केवल भूजल स्तर में सुधार होगा बल्कि पर्यावरणीय संतुलन को भी मजबूती मिलेगी। लोक भारती संस्था, सीतापुर के सहयोग से प्रारंभ की गई। इस पहल को जनपद में एक नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने अपने वक्तव्य में कहा कि ल्लइस तरह के प्रयास न केवल स्थानीय स्तर पर जल संकट को कम करेंगे, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएंगे। उपजिलाधिकारी मिश्रित शैलेन्द्र मिश्रा, तहसीलदार अजीत कुमार, डी0सी0 मनरेगा, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 एवं लोक भारती संस्था के प्रतिनिधिगण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण जनता, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। मा0 सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ग्राम स्तरीय प्रयासों के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जल संसाधन प्रदान कर सकते हैं। सरकार और समाज के संयुक्त प्रयास से ही यह लक्ष्य संभव है। यह नदी पुनर्जीवित कार्यक्रम को प्रदेश में मॉडल बनाने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को तालाबों की महत्ता, वर्षा जल संचयन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही स्थानीय बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई 'जल बचाओ-जीवन बचाओ' का संदेश दिया गया।

यह पहल जनपद सीतापुर को जल आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। आने वाले समय में अन्य ग्राम पंचायतों में भी इसी तर्ज पर जीर्णोद्धार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे जनपद में व्यापक स्तर पर जल संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महाकुम्भ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया : जयवीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। केंद्र सरकार ने महाकुंभ में भारत के साथ-साथ 45 देशों के 352388 श्रद्धालुओं का सर्वे कराया। सर्वे में पर्यटकों ने अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज में संगम को देश के टाप डेस्टिनेशन के रूप में चुना। यह भी सामने आया कि मेले के दौरान प्रयागराज आने वाले घरेलू और विदेशी श्रद्धालुओं ने औसतन 5877.63 रुपये व्यय किया। इस प्रकार महाकुंभ ने उत्तर प्रदेश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह जानकारी मेसर्स डिलायट द्वारा एक सर्वे में दी गई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मेसर्स डिलायट राज्य की वन ट्रिलियन डालर इकोनामी के लक्ष्य में पर्यटन के अधिकतम योगदान पर कार्य कर रहा है। संस्था की ओर से बताया गया कि भारत सरकार द्वारा महाकुंभ स्पीरिचुअल सर्वे-2025 कराया गया था। इसका उद्येश्य देश के टाप डेस्टिनेशन का पता करना था ताकि वहां का आवश्यकतानुरूप विकास किया जा सके। इस क्रम में 28 जनवरी से 26 फरवरी के बीच प्रयागराज में तेलियरगंज, झूंसी, अरैल, परेड ग्राउंड सहित अन्य स्थलों पर आल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गर्वनमेंट एआइआइएलएसजी द्वारा सर्वे कराया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि इस प्रकार महाकुंभ ने भारतीय संस्कृति को विश्व में प्रचारित करने के साथ ही प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों को पर्यटन विभाग ने विशिष्ट अनुभव प्रदान किया। सर्वे में यूएसए, यूके, कनाडा, नेपाल, आस्ट्रेलिया, फिजी सहित 45 देशों के 1093 पर्यटकों ने जबकि भारत के 351295 पर्यटकों ने हिस्सा लिया। सभी से इसमें लास्ट विजिटेडप्लेस में 27.32 प्रतिशत ने अयोध्या, 22.68 प्रतिशत ने संगम प्रयागराज और 8.81 प्रतिशत लोगों ने वाराणसी बताया। आगामी भ्रमण में 32.57 प्रतिशत ने संगम प्रयागराज, 12.46 प्रतिशत ने अयोध्या और 7.46 प्रतिशत ने वाराणसी चुना। इसके साथ ही अपनी पसंदीदा जगह में 22.55 प्रतिशत लोगों ने अयोध्या, 19.96 प्रतिशत ने संगम प्रयागराज और 12.27 प्रतिशत ने अयोध्या को चुना। सर्वे के मुताबिक घरेलू पर्यटकों ने परिवार के साथ जबकि विदेशी पर्यटकों ने अकेले महाकुंभ भ्रमण को प्राथमिकता दी।

योगी सरकार में छह गुना घटी बेरोजगारी दर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार के नेतृत्व में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास अब रंग ला रहे हैं। प्रदेश में बेरोजगारी दर में ऐतिहासिक कमी दर्ज की गई है।

वर्ष 2016 में जहां प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी, वहीं वर्तमान में यह घटकर महज तीन प्रतिशत रह गई है। सरकार की योजनाओं, पारदर्शी भर्ती प्रक्रियाओं और रोजगारोन्मुखी नीतियों का लाभ अब जमीन पर साफ दिखने लगा है।योगी सरकार के सतत प्रयासों का परिणाम है कि बेरोजगारी दर में छह गुना कमी आई है। प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों के दरवाजे खोले हैं, तो निजी क्षेत्र में भी व्यापक रोजगार सृजित किया गया है। इससे प्रदेश के युवाओं में आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना बढ़ी है। 8.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरीप्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि योगी सरकार की निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती नीति के तहत विभिन्न आयोगों और भर्ती बोर्डों के माध्यम से अब तक 8.5 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। इसमें पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व जैसे तमाम विभागों की भर्तियां शामिल हैं।

सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, जिससे युवाओं का भरोसा सरकारी प्रणाली पर और अधिक मजबूत हुआ है। सरकार ने नवीन आउट सोर्सिंग नीति लागू कर इस क्षेत्र में कार्यरत कार्मिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। इसके माध्यम से कार्य व्यवस्था में पारदर्शिता लाई गई है। वहीं, नवीन पालिसी के तहत अब आउट सोर्सिंग सेवा निगम के गठन की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। यह निगम राज्य भर में आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के हितों की रक्षा करेगा और एक केंद्रीकृत व्यवस्था के तहत नियोजन को पारदर्शी बनाएगा। युवाओं में बढ़ा आत्मविश्वास, प्रदेश बना रोजगार हबउन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं और पारदर्शी व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को देश के एक बड़े रोजगार केंद्र के रूप में स्थापित किया है। अब प्रदेश के युवा दूसरे राज्यों में नौकरी तलाशने के बजाय अपने ही राज्य में बेहतर भविष्य देख रहे हैं। स्टार्टअप, स्वरोजगार योजनाओं और मिशन रोजगार जैसी योजनाओं ने भी युवाओं को नए अवसर दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार की दिशा में ठोस और दूरगामी कार्य किए जा रहे हैं।

सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न

बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घटित दुखद घटना के पीड़ितों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु रखा गया दो मिनट का मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। सांसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र रायबरेली अध्यक्ष ''दिशा'' समिति राहुल गांधी एवं संसद सदस्य लोकसभा संसदीय क्षेत्र अमेठी सह-अध्यक्ष ''दिशा'' समिति किशोरी लाल एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बचत भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति ''दिशा'' की बैठक की। बैठक में जिले के विकास से जुड़े सभी बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) से सम्बन्धित समस्त योजनाओं का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण किया। अध्यक्ष ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना (मनरेगा), प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, मध्यान्ह भोजन योजना, समेकित बाल विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, दीनदयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल योजना, डिजिटल इण्डिया-भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, अवस्थापना सम्बन्धी कार्यक्रम, समन्वित ऊर्जा विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल प्रबन्धन कार्यक्रम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना सहित अन्य योजनाओं पर गम्भीरतापूर्वक चर्चा की गई।

सांसद ने जिलाधिकारी को सड़कों की मरम्मत व निर्माण कार्य से संबंधित जन प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। पशुपालन विभाग से वेटरनरी डॉक्टरों की उपलब्धता और कृत्रिम गर्भाधान सुविधाओं की जानकारी ली। एनएचआई द्वारा कराये जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण कार्य की प्रगति भी जानी। जनपद में बन रहे बाईपास सड़कों पर भी चर्चा हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता की भी जानकारी ली। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके अभ्यर्थियों का फालोअप कर रोजगार दिलाए। उन्होंने पूर्व में आयोजित दिशा बैठक के अनुपालन आख्या की भी समीक्षा की तथा संतोष व्यक्त किया।

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जन सुविधाओं से जुड़े अनेक सुझाव और समस्याओं को भी रखा गया, जिनके समाधान के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। सांसद ने कहा कि जन समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए अधिकारी प्राथमिकता से समयबद्ध उसका समाधान करायें। विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु एक ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य करें। जनप्रतिनिधि व अधिकारी जनपद के विकास के लिये समन्वय बनाकर टीम भावना से कार्य करें, जिससे जनपद विकास में अग्रणी रहे।सांसद द्वारा बैठक में महिला हेल्पाइन नम्बर 181 पर काल करायी गयी, काल करने पर काल तुरन्त रिसीव हुयी तथा सांसद द्वारा कार्यरत कार्मिक से वार्ता करने पर उनके द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। बैठक के अन्त में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उप्र दिनेश प्रताप सिंह द्वारा जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में घटित दुखद घटना के पीड़ितों के प्रति शोक संवेदना व मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त करने हेतु दो मिनट का मौन रखने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ने सहमति व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, सदस्य विधान परिषद उमेश द्विवेदी, सदस्य विधान परिषद अवनीश कुमार सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार, विधायक सरेनी देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बछरावां श्याम सुन्दर भारती, विधायक हरचंदपुर राहुल राजपूत अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रायबरेली शत्रोहन सोनकर, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

अंडरटेकिंग रोडवेज बस अचानक लगी आग, यात्रियों ने कूद कर बचाई जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद से वाराणसी जा रही अंडरटेकिंग बस हादसे का शिकार हो गई। मंगलवार को वाराणसी जिले के चोलापुर थाना क्षेत्र के मोहाव स्थित ओवरब्रिज पर बस में आग लग गई। यात्रियों ने बस से कूद कर अपनी जान बचाई। आजमगढ़ से अनुबंधित बस यात्रियों को लेकर वाराणसी आ रही थी। करीब 45 यात्री बस में सवार थे। गाड़ी का इंजन गर्म होने पर चालक ने परिचालक को आगाह किया।

जिसके बाद परिचालक ने यात्रियों को उतरने के लिए कहा। देखते ही देखते बस में आग लग गई। यात्रियों ने आनन-फानन कूद कर जान बचाई। घटना के दौरान एक यात्री का बैग बस में छूट गया। जो आग में जल गया। सभी यात्री जैसे ही उतरे बस धू-धू कर जलने लगी। आग इतनी भीषण लगी कि कुछ ही देर में पूरी गाड़ी जल गई। चोलापुर थाने में खड़ी फायर ब्रिगेड और पुलिस कर्मियों ने तत्काल आग बुझाने का काम किया।

हालांकि तब तक बस जल चुकी थी। दरोगा चंदन चौरसिया ने बताया कि किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ है। एक यात्री का बैग जला है। चालक परिचालक ने बताया था कि इंजन गर्म होने और वायरीग शार्ट की वजह से आग लगी है।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद के जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की और संस्थागत प्रसव के कम होने पर नाराजगी व्यक्त किया एवं कम उपलब्धि वाले इकाई के अधीक्षक को बेहतर कार्य योजना बनाकर प्रसव को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि फ्रंट लाइन वर्कर को योजना बनाकर प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य इकाईयों में रोगी कल्याण समिति के मद का उपयोग करते हुए चिकित्सालय में साफ सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। डब्ल्यूएचओ द्वारा नियमित टीकाकरण के अंतर्गत प्रगति की समीक्षा की गई एवं कम उपलब्धि वाले स्वास्थ्य इकाई को सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को बेहतर योजना बनाकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया एवं कहा कि किसी प्रकार की समस्या होने की दशा में जिला स्वास्थ्य समिति को अवगत कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अशोक कुमार, समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, समस्त अधीक्षक प्रभारी चिकित्साधिकारी, अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एसपी ट्रैफिक ने अध्यक्षता में एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित कार्याशाला संपन्न

आजमगढ़। जनपद के पुलिस लाईन स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक यातायात जनपद आजमगढ़ विवेक त्रिपाठी द्वारा ड्रग डिस्पोजल में धारा-52ए की कार्यवाही, व उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों की 03 पीडीएफ फाइल क्रमशः पीडीएफ 1-अनिवार्य दिशा- निर्देश, पीडीएफ-2 निर्देशिका चेकलिस्ट पीडीएफ, 3-पुलिस अधिकारियों के भिन्न अन्य राजपत्रित अधिकारियों की सूची एवं उनके मो0नं0 पीडीएफ फाइल में उपलब्ध कराकर आवष्यक कार्यवाही हेतु अपने विवेचकों तथा पर्यवेक्षणकर्ता अधिकारियों को उनके मोबाइल फोन में रेडी रैकनर(गणक) के रूप में रखने हेतु आदेशित किया गया जिसकी पुलिस उपाधीक्षक/प्रशासनिक मजिस्ट्रेट से उपर पंक्ति के सभी अधिकारी, जांच/विवेचनाधिकारी की आकास्मिक जांच कर सकते है।

जवाहर नवोदय विद्यालय के तीन छात्रों को कुशल शिक्षकों के इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए किया गया चयनित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के तीन होनहार छात्रों को कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए चयनित किए गए हैं। जिनको सरकार द्वारा दस-दस हजार रुपए आर्थिक प्रोत्साहन राशि भी दी गई है। बताते चलें कि दिनांक 29/04/2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विनीत कुमार पाठक के मार्गदर्शन में विद्यालय के तीन छात्रों का चयन इंस्पायर मानक अवार्ड के लिए हुआ है, जिनके नाम अभिनवअश्मित, वैभव व अंश प्रजापति का चयन हुआ है, इस बारे में कुशल शिक्षक विनीत कुमार पाठक ने बताया कि इन छात्रों ने अपने अभिनव विचारों और उत्कृष्ट परियोजनाओं के माध्यम से यह उपलब्धि प्राप्त की है।

इंस्पायर मानक अवार्ड विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में युवाओं को प्रोत्साहित करने हेतु भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदान किया जाता है, तथा प्रत्येक छात्र को इंस्पायर मानक अवार्ड के तहत दस हजार की प्रोत्साहन धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई है। यह चयन विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व और प्रेरणा का विषय है विद्यालय परिवार की ओर से इन छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की विद्यालय परिवार कामना करता है।

वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य चंदन बागीश ने बताया कि विद्यालय के तीन होनहार छात्रों द्वारा इंस्पायर मानक अवार्ड में चयन हुआ है तथा उनको प्रोत्साहन राशि भी दी गई है, तथा ऐसे होनहार बच्चे आगे चलकर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे जिससे जवाहर नवोदय विद्यालय का नाम जिले सहित प्रदेश स्तर पर भी होगा।

बताते चलें कि जवाहर नवोदय विद्यालय परिसर में ही विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 22 प्रतिभाशाली छात्रों का विज्ञान ओलंपियाड हेतु चयन किया गया है। जिसके गाइड विनीत कुमार पाठक थे जिनके अथक प्रयास से यह सम्मान विद्यालय को मिला है। इस अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी छात्रों को सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

जिलाधिकारी ने की चकबंदी के कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद के जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त नवीन परती एवं पुरानी परती भूमि तथा एक जैसी जमीनों को चिन्हित कर एक जगह किया जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित सरकारी जमीनों को चकरोड के किनारे करना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में उस जमीन का उपयोग सरकारी योजनाओं में किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिस ग्राम पंचायत में चकबंदी कार्यों का विरोध हो रहा है, उसका कारण स्पष्ट करें।

उन्होंने कहा कि यदि आम लोग चकबंदी कार्य का विरोध कर रहें है तो उनसे बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए चकबंदी प्रक्रिया को पूर्ण कराएं तथा यदि चकबंदी कार्य का विरोध कोई भू माफिया करता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो चकबंदी लेखपाल लंबे समय से एक जगह तैनात है, उनका अन्य क्षेत्रों में हस्तानांतरण कर नवनियुक्त चकबंदी लेखपालों को वहां पर तैनात करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जहां पर चकबंदी प्रक्रिया आधी पूर्ण हो चुकी है, वहां पर चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जब एक ग्राम की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण हो जाए, तभी दूसरे ग्राम की चकबंदी प्रक्रिया शुरू करें।

बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चे हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर।नगर। पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड 11 विवेकानंद नगर केश्वर इंटरमीडिएट कॉलेज बनवारी टोला के बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को सम्मानित किया।मंगलवार को आयोजित सम्मान कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पुरंदर प्रताप यादव ने कहा कि बच्चों ने ईमानदारी से मेहनत कर परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर अपने गुरुजनों और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। आप भविष्य के नागरिक हैं।

लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें तो निश्चित ही मंजिल मिलेगी। प्रधानाचार्य श्री यादव ने इंटरमीडिएट की मेधावी काजल यादव, रोशनी सिंह, अनुभव प्रताप यादव, ब्यूटी गुप्ता, मुस्कान प्रियदर्शी, पिंकी पटेल, पुष्पा, खुशी, कविताऔर हाईस्कूल में अंजली चौहान, ज्योति सिंह, निभा मद्धेशिया, शेखर कुशवाहा, संदीप गुप्ता, निलेश चौहान, अंकिता, ब्यूटी, संजना, एस एन यादव, सिद्धांति, सृष्टि, लक्ष्मीना चौहान सहित सफल बच्चों को मिठाई खिलाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रभारी देवेंद्र प्रताप यादव, शेषनाथ यादव, अमरजीत यादव, जयसिंह प्रसाद, कमलेश कुमार भारती, कहैया वर्मा, जगतराज चौहान, सतवीर कुशवाहा, रागिनी चौहान, मोनिका, नीलू सिंह, शशिमा पटेल, अंबालिका यादव, मुन्नी देवी सहित बच्चे मौजूद रहे।

बकायेदारो का कटेगा आन-लाईन कनेक्शन

कुशीनगर। बिजली के बकायेदार अब सतर्क हो जाये, कभी भी आपके घर मे अंधेरा कायम हो सकता है। क्योंकि बिजली विभाग ने बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन आन-लाईन काटना शुरू कर दिया है। यह जानकारी विद्युत वितरण खण्ड, पडरौना के अधिशासी अभियन्ता संजय सागर व अवर अभियन्ता शुभंम गोड ने संयुक्त रूप रुप से देते हुए कहा कि बिजली बिल बकायेदार उपभोक्ता तत्काल अपना बिजली का बिल जमा कर आन-लाईन बिजली कनेक्शन कटने से बचें। उन्होने बताया कि विद्युत चेंकिंग का बृहद अभियान शुरू होने जा रहा है। इसके तहत जिन उपभोक्ताओं के मकान, दुकान आदि परिसर में एसी, डीप-फीजर व प्रयुक्त भार से अतिरिक्त भार जुड़ा हुआ पाया जाता है तो उस पर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

साइबर फ्रॉड के छः पीड़ितों को वापस कराया गया कुल 2,33,980 रूपया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

आजमगढ़। जनपद में भिन्न भिन्न साइबर फ्रॉड के माध्यम से पीड़ितों के खाते मे से फ्राड हुए रूपयों के सम्बन्ध मे एनसीआरपी पोर्टल/हेल्पलाइन न0 1930 के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विधिक कार्यवाही करते हुए छः आवेदकों के खातों मे कुल 2,33,980/- रूपये की बरामदगी की गयी। साइबर अपराध के रोकथाम के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर निहार नंदन कुमार के निर्देशन में थाना मुबारकपुर के साइबर डेस्क पर नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर मेहताब आलम एवं महिला आरक्षी दीक्षा मिश्रा द्वारा एनसीआरपी पोर्टल/हेल्पलाइन न0 1930 के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर पर विधिक कार्यवाही करते हुए साइबर फ्रॉड के कुल 2,33,980/- रूपये वापस कराये गये।

टीबी को हराने के लिये पौष्टिक एवं संतुलित आहार जरूरी-सीएमओ

आईएमए,प्रवासी मदद फाउंडेशन एवं ऐशप्रा ज्वेलर्स के सहयोग से टीबी रोगियों को दी गयी पोषण की पोटलीपड़रौना,

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम जनपद में चलाया जा रहा है।जिसके क्रम में मंगलवार को जिला क्षयरोग केंद्र पर आईएमए,प्रवासी मदद फाउंडेशन एवं ऐशप्रा ज्वेलर्स के सहयोग से 32 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुपम प्रकाश भास्कर ने कहा कि टीबी को हराने के लिये पौष्टिक एवं संतुलित आहार की जरूरत पड़ती है जिसे मरीज दवा के साथ खाकर शीघ्र स्वस्थ हो जाता है। डॉ भास्कर ने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी का सपना 2025 टीबी मुक्त भारत का आप सभी के सहयोग से ही साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी रोगी अपने साथ रह रहे सभी व्यक्तियों की जाँच अवश्य कराये तथा ताकि उनके बचाव हेतु दवा दिया जा सके। टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली देने वाले आईएमए,प्रवासी मदद फाउंडेशन एवं ऐशप्रा ज्वेलर्स की प्रशंसा करते हुये उन्हें शुभकामनाएं दिये।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें प्रतिमाह प्रोटीनयुक्त आहार देने वाले निक्षय मित्रों के सहयोग से ही टीबी रोगी के स्वस्थ होने की सफलता दर में भी लगातार बृद्धि हो रहीं है। उन्होंने ने कहा कि जनपद के प्राइवेट चिकित्सक गण का टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग मिल रहा है। आईएमए के पूर्व सचिव डॉ अजय शुक्ला,प्रवासी मदद फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश कुमार पिंटू एवं सन्दीप मिश्र,ऐशप्रा ज्वेलर्स के उमंग खेतान ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत जिला कार्यक्रम समन्वयक अनुपम मिश्र एवं आभार पीपीएम नितेश राय ने व्यक्त किया।इस दौरान एसटीएस विवेक यादव,लेखाकार कमलशंकर पांडेय,अरमान अहमद,राकेश सिंह,सुमन्त शुक्ला,अविनाश गुप्ता,अनिल सिंह,सूर्य प्रकाश शर्मा,राजा,प्रभु,विद्या,वीरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

एनसीसी सशस्त्र बलों की है प्रारंभिक और युवा शाखा : विनय जायसवाल

कुशीनगर। नगर पालिका परिषद पडरौना के चेयरमैन विनय जायसवाल ने मंगलवार को एनसीसी कैडेटों को सी प्रमाण पत्र वितरित किया। कैडेट खुशी वर्मा को बटालियन का मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया गया।पडरौना नगर के 50वीं उत्तरप्रदेश वाहिनी एनसीसी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि एनसीसी भारतीय सशस्त्र बलों की प्रारंभिक और सबसे युवा शाखा है।

75 वर्ष पूर्व एक दीर्घकालिक सोच की उपज रही एनसीसी विंग एक तरफ जहाँ युवा पीढ़ी को अनुशासन का पाठ पढ़ाती है वहीं दूसरी तरफ छोटे हथियारों और बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण देकर राष्ट्र और सैन्य सेवाओं के प्रति युवाओं को आकर्षित करने का काम किया है।

एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया पौधारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत छत्रपति शिवाजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में निर्वाण सेवा संस्थान द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए फलदार पौधे लगाए गए।मंगवार को प्रकृति, धरती के संरक्षण और मनोरम वातावरण के लिए आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता संजय सिंह ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। विद्यालय के प्रबंधक ध्रुव सिंह पटेल ने आह्वान किया कि इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार सिंह, भुनेश्वर चतुर्वेदी, विजय कुमार शर्मा ने अपने विचार रखे।

नाला खुदाई का कार्य दिखाकर डकारा जा रहा धन

वास्तविकता से कोसों दूर है अपलोड की जा रही फोटो

मनरेगा में फर्जीवाड़ाः मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायत बनकटी सूर्यबली सिंह का मामला

कागजों में काम कर रहे 97 श्रमिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायत बनकटी सूर्यबली में मनरेगा योजना के कार्यों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की जा रही है।यहां कागजों में बीडीएस स्कूल से नदी तक नाला खुदाई का का म दर्शा दिया जाता है।लगातार महीनो से कार्य चल रहा है स्कूल से नदी तक नाला सफाई का कार्यकराया कागज में चल रहा है।यहां 15 अप्रैल से 45 श्रमिकों का मस्टर रोल कागज में चल रहा था।उसके कुछ दिन फिर 97 श्रमिकों का मस्टर रोल कागज में लगातार चलने लगा इतना ही नहीं पुरनी फोटो अपलोड करके बड़ा खेला किया जाता है।प्रधान,रोजगार सेवक व सचिव की मिलीभगत से बिना काम कराए ही मजदूरों क़ो भुगतान कराने कि तैयारी की जा रही है।मुजेहना ब्लाक के ढुढाव ग्राम पंचायत के मजरा पनभिटवा तालाब की खु दाई दूसरा कर सिरकिहवा तालाब की खुदाई का कार्य मस्टर रोल में चल रहा है।यहां दस मस्टर रोल में 97 मजदूर लगा होना दर्शाते हुए आनलाइन अ पलोड किया गया।इतना ही नहीं,इसमें फोटो भी लोड की गई,मगर हकीकत कुछ और थी।उक्त दो नों स्थानों पर एक भी मजदूर कार्य नहीं कर रहें है।गांव के एक व्यक्ति ने नाम न छपने की शर्त पर बताया है कि दोनों जगह पर आज काम बंद है। इसी तरह दिनारा ग्राम पंचायत में गाटा संख्या 56 5,हटयारवा तालाब में मिट्टी पटाई सुंदरीकरण के कार्य में 70,मजदूर लगाकर आनलाइन दर्शाया गया है,लेकिन यहां पर तालाब पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं है।आश्चर्य तो यह है कि इन कार्यों को देखने के लिए सभी जगह पर सहायक टेक्नीशि यन की तैनाती है। इसके बावजूद प्रधान, रोजगार सेवक और सचिव के द्वारा फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।इस संबंध में बीडीओ मजेहना से उनके मो बाइल फोन पर बात की गईं तो उन्होंने बताया कि इसे दिखवाते हैं अगर ऐसा है तो उन पर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री से की मनरेगा में धांधली की शिकायत

मुजेहना ब्लॉक में मनरेगा योजना में चल रही धां धली को लेकर क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री से शिकायत की गई है। शिकायती पत्र में में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि ब्लाक बीडीओ से लेकर एपीओ,और प्रधान रोजगार सेवक भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहें हैं और मनरेगा के कार्यों में भ्रष्टा चार पर लगाम नहीं लगा पा रहें हैं।वहीं ग्राम धुसवा कोल्हुवा,रयगाँव और उज्जैनी कला में हुए मनरेगा के कार्य अपलोड किए गए हैं।धुसवा गांव में 49 कोल्हुवा में 50,रयगाँव में 60, श्रमिकों की हाजिरी लगाई गई है और जो फोटो अपलोड की गयी है, उसमें एक ही फोटो डाउनलोड है,जिसमें एक ही मजदूर की फोटो कई मस्टर रोल में लगी है।

क्या कहती हैं सीडीओ अंकिता जैन

जिले के अलग-अलग विकास खंड क्षेत्रों में मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों में फर्जी तरी के से चल रहे मस्टर रोल की शिकायत के मामले में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच कराकर कार्र वाई की जाएगी।

सांसद निधि में दी गलत जानकारी, अधिशासी अभियंता को मिली परिनिन्दा की सजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने ग्रामीण अभियंत्र ण विभाग के अधिशासी अभियन्ता जेबी सिंह के विरुद्ध वित्तीय प्रकरण में की गई गंभीर असावधा नी एवं लापरवाही के दृष्टिगत मध्यावधि विशेष प्र तिकूल प्रविष्टि के अंतर्गत परिनिन्दा की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में सांसद कैसरगंज के द्वारा अनुमोदित तीन परियो जनाओं के सापेक्ष अवमुक्त प्रथम किश्त रूपये 28 227 लाख के उपभोग प्रमाणपत्र एवं द्वितीय कि श्त की मांग से सम्बंधित पत्राचार में अधिशासी अ भियन्ता द्वारा जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को प्रेषित उपयोगिता प्रमाणपत्रों में धनराशि का अंक न त्रुटिपूर्ण पाया गया।मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत अभिलेखों के परीक्षण उपरांत य ह तथ्य प्रकाश में आया कि अधिशासी अभियन्ता के द्वारा चार फरवरी एवं चार अप्रैल 2025 को प्रे षित दो अलग-अलग पत्रों में परियोजना कलहंसन पुरवा मसौलिया परसपुर में शंकर के खेत से रिंकू के खेत तक ढाई सौ मीटर लम्बाई में इंटरलॉकिंग कार्य'' की धनराशि रूपये 8.154 लाख एवं 13. 69 लाख दर्शायी गई,जबकि वास्तविकता में उक्त परियोजना में मात्र रूपये 7.786 लाख की धन राशि ही प्रथम किश्त के रूप में निर्गत की गई थी।एक ही प्रकरण में दो बार इस प्रकार की त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक सूचनाएं प्रदान किया जाना प्रशासनिक प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न करने वाला तथा अत्यन्त गंभीर वित्तीय लापरवाही का द्योतक माना गया है।

बिना एचएसआरपी वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई तेज, बारह वाहन जब्त

पीटीओ शैलेंद्र तिवारी और उनकी टीम ने चलाया सघन चेकिंग अभियान,कई वाहन निरुद्ध

ई-रिक्शा सहित अपंजीकृत वाहनों पर शिकंजा, अब तक 34 वाहनों पर कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशन में जन पद में बिना एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजि स्ट्रेशन प्लेट) व अपंजीकृत वाहनों के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान लगातार जारी है।इसी क्रम में यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी एवं उनकी टीम ने आज जनपद के विभिन्न स्थलों पर चेकिंग अभि यान चलाया और बारह ऐसे वाहनों के विरुद्ध चा लान व निरुद्ध करने की कार्रवाई की,जो बिना मानक पंजीयन प्लेट या पंजीकरण के पाए गए।इससे पहले वर्ष 2024-25 में अब तक 489 वाहनों के विरुद्ध बिना एचएसआरपी अथवा अधोमानक पंजीयन प्लेट के कारण चालान निरुद्ध करने की कार्यवाही की जा चुकी है। साथ ही 61 ऐसे वाहन, जो बिना पंजीयन अथवा बिना पंजीयन प्लेट के संचालित हो रहे थे,उनके विरुद्ध भी विधि क कार्रवाई की गई है।मुख्यमंत्री योगी आदित्य ना थ ने ई-रिक्शा को लेकर दिए गए विशेष निर्देशों के क्रम में एक अप्रैल से तीस अप्रैल 2025 तक चल रहे विशेष अभियान के तहत अब तक कुल 34 अ पंजीकृत ई-रिक्शाओं के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई की गई है,जिनमें 29 अप्रैल क़ो वाहन वाहन भी सम्मिलित हैं।

परिवहन विभाग,गोण्डा द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि फिटनेस प्रमाण जैसे विभागीय कार्य केवल उन्हीं वाहनों का किया जा रहा है जिनमें एचएसआरपी प्लेट लगी हो,और पिछले वित्तीय वर्ष में तीन हजार आठ सौ 95 वाह नों का फिटनेस इसी शर्त पर किया गया।परिवहन विभाग द्वारा जनपद में मानक युक्त और पंजीकृत वाहनों की व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु यह प्र वर्तन अभियान सतत रूप से जारी रहेगा। नागरि कों से अपेक्षा की गई है कि वे समय से एचएस आरपी लगवाएं और नियमों का अनुपालन कर प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

पुलिस ने सास और दामाद दोनों को किया बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के खोडारे थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुमशुदा महिला उषा देवी (44) को 72 घंटे के भीतर बरामद कर लिया है। महिला को थाने लाकर पूछताछ की गई और बाद में उसे कागजी कार्यवाही के बाद उसके पति किशन को सुपुर्द कर दिया गया। अब किशन अपनी पत्नी को साथ लेकर घर लौट गया है।

गौरतलब है कि 9 मई को उषा देवी की बे टी की शादी है।उषा देवी खोडारे थाना क्षेत्र के हबी रपुर गांव की रहने वाली हैं।वह 25 अप्रैल की सुब ह करीब सात बजे बिना किसी को कुछ बताए घर से निकल गई थीं।परिवार वालों ने काफी खोज बी न की,लेकिन जब कोई जानकारी नहीं मिली तो 27 अप्रैल की शाम सात बजे थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।उषा देवी ने अपनी बेटी की शादी बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के भुईरा गांव निवासी रामस्वरूप से तय की थी।लेकिन शा दी तय होने के बाद रामस्वरूप ने लड़की से विवाह करने से इनकार कर दिया।इसके बाद रामस्वरूप ने उषा देवी से संपर्क बनाए रखा।इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और उषा देवी 25 अप्रैल को रामस्वरूप के साथ चली गईं।बस्ती जिले की दुबौलिया पुलिस ने उषा देवी और रामस्वरूप दोनों को बरामद किया और पूछताछ के बाद उषा देवी को खोडारे थाने की पुलिस के सुपुर्द कर दिया। रामस्वरूप से पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया।उषा देवी ने बताया,''मेरी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी,इसलिए मैं अपने पहले होने वाले दामाद के साथ चली गई थी।मैं न तो कोई पैसा साथ ले गई थी न ही कोई जेवर।अब मैं अपने पति के साथ घर वापस जा रही हूँ।पहले हमने रामस्व रूप से बेटी की शादी तय की थी,लेकिन अब उस की शादी 9 मई को किसी और युवक से हो रही है।''पति किशन ने बताया,''मेरी पत्नी मानसिक रूप से ठीक नहीं थी। 25 अप्रैल को सुबह वह घर से निकल गई थी और कटरा चली गई थी।फिर उसे दुबौलिया पुलिस ने बरामद कर थाने लाया, जहां से हम उसे वापस लेकर आए हैं।जिन पर आरोप लग रहा है, उनसे हमारा अब कोई संबंध नहीं है।बेटी की शादी अब किसी और युवक से 9 मई को हो रही है।

सीमा क्षेत्र में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त मदरसों पर कार्यवाही जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । भारत नेपाल सीमा के बफर जोन में संचालित अनाधिकृत मदरसों की सघन जांच कर कार्यवाही का सिलसिला आज दूसरे दिन भी जारी रहा । जनपद बहराइच में अब तक एक दर्जन से अधिक मदरसों की जांच की गई जिनमें से पांच मदरसे पूरी तरह सील कर दिया गया है जबकि आधा दर्जन से अधिक मदरसों को बगैर मान्यता मदरसा संचालित न किये जाने की चेतावनी दी गयी है।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने आज मोतीपुर थाना क्षेत्र के मदरसा दारुल उलूम अजीजिया हदीकतुल नोमान दरोगापुरवा की सघन जांच की तथा मदरसे के वैध दस्तावेज मांगे जिस मदरसा संचालक अब्दुल अजीज मदरसे की भूमि तथा आय-व्यय, प्रवेश एवं छात्र उपस्थित रजिस्टर समेत कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सके। मदरसा अनियमित तरीके से संचालित पाये जाने पर सील कर दिया गया है मदरसा संचालक को वैध कागजात प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री मिश्र ने बताया कि मदरसा दारुल उलूम अहले सुन्नत गौसुलवरा दरोगापुरवा तथा मदरसा अरबिया इस्लामिया अनवारुल कुरान गोपिया को मदरसा संचालित न किये जाने की चेतावनी जारी की गयी। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया अधिकांश मदरसे निजी मकान में बिना किसी कागजात के, भवन, मानक के अनधिकृत रूप से संचालित है। ज्ञातव्य है कि भारत नेपाल सीमा ओपन बोर्डर है, जहां से एक दूसरे देश में लोगों का बिना वीजा पासपोर्ट के आवागमन होता रहता है द्य ऐसे संवेदनशील बॉर्डर एरिया में बिना मान्यता और बिना नियम कानून, मानक के मदरसे संचालित हो रहे हैं ऐसे मदरसे सुरक्षा की दृष्टि से भी बहुत संवेदनशील हो जाते हैं। सीमा की संवेदनशीलता और सुरक्षा के महत्व को देखते हुए बफर जोन में संचालित उन अनधिकृत मदरसों को सीज करने की कार्यवाही की जा रही है।श्री मिश्र ने बताया कि अब तक रूपईडीहा थाना क्षेत्र के चार तथा मोतीपुर थाना क्षेत्र के एक मदरसे को सीज किया गया है।

नगर पालिका नानपारा में कर संग्रहण पोर्टल की हुई लांचिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । मंगलवार को नगर पालिका परिषद, नानपारा में ऑनलाइन कर संग्रहण पोर्टल का उदघाटन मुख्य अतिथि चेयरमैन अब्दुल वहीद, ईओ रंग बहादुर सिंह व विशिष्ट अतिथि इंडियन बैंक के सहायक महाप्रबंधक कृष्ण चंद्र साहू द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इंडियन बैंक के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद का पोर्टल विकसित किया गया और आधिकारिक रूप से शहरवासियों को समर्पित किया गया।

इस दौरान समस्त सभासद के साथ-साथ इण्डियन बैंक अंचल कार्यालय के मुख्य प्रबंधक चन्दन कुमार एवं इण्डियन बैंक, शाखा नानपारा शाखा के प्रबंधक अमित वर्मा मौजूद रहे। इस मौके पर सहायक महाप्रबंधक ने इसकी आवश्यकता बताते हुए कहा कि इस पोर्टल का लाभ शहरवासियों को कई प्रकार से मिलने वाला है। जल कर और गृह कर की अद्यतन जानकारी आपको पोर्टल से प्राप्त हो जाएगी और अपना टैक्स अपने खाते से या डेबिट या क्रेडिट कार्ड और पेमेंट ऐप से जमा कर सकेंगे। जो तत्काल प्रभाव से अपडेट हो जाएगा और इसकी जमा रसीद आप डाउनलोड भी कर सकेंगे। चेयरमैन अब्दुल वहीद ने इंडियन बैंक का आभार व्यक्त करते हुए लोक हित में कार्य करने और जनपद में अग्रणी भूमिका निभाते रहने के लिए शुभकामनाएं दी और पालिका की वेबसाइट एनएनपीनानपारा.कॉम के बारे में बताया। सहायक महाप्रबन्धक के सी साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और मुख्य महाप्रबंधक एवं नगर पालिका के सभी सभासद व कर्मचारियों का पोर्टल विकसित करने में सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया।

पांच महीने से बिजली पोल जमीन पर, मरम्मत कार्य ठप

गोरखपुर। क्षेत्र के शाहपुर कस्बे के निवासी पिछले पाँच महीनों से बिजली की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। जनवरी माह में एक ट्रक की टक्कर से पाँच बिजली पोल और केबल तार क्षतिग्रस्त हो गए थे, लेकिन इतने लंबे समय बाद भी संबंधित विभाग ने मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया है।क्षेत्र के लगभग 25 घरों के लोग जुगाड़ से अस्थायी व्यवस्था कर किसी तरह बिजली की आवश्यकता पूरी कर रहे हैं, लेकिन यह स्थिति बेहद असुरक्षित और असुविधाजनक है। स्थानीय निवासियों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत की, मगर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।स्थानीय निवासी रियाजुद्दीन हाशमी, हरिशंकर जायसवाल मुर्तुजा, गुलाम हुसैन, जयप्रकाश, कृपालु जगन्नाथ, सदरेआलम सुल्तान, मेराज, अरविंद कुमार, तारकेश्वर प्रजापति आदि ने बताया कि इस सम्बन्ध में की बार जेई से शिकायत दर्ज कराई गई लेकिन अभी तक बिजली के पोल और केबल तार नहीं ठीक कराया गया। इस सम्बन्ध में एसडीओ देवेश कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है । जेई को मौके पर भेज कर पता कराया जाएगा और जल्द से जल्द पोल और केबल लगवा दिया जाएगा।

मोहम्मद वाजिक शिबू को अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच का प्रदेश मंत्री नियुक्त

गोरखपुर। शहर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं साहित्यप्रेमी मोहम्मद वाजिक शिबू को राष्ट्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक एवं प्रदेश अध्यक्ष इमरान अहमद की स्वीकृति के बाद भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है मोहम्मद वाजिद शिबू ने बताया कि उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदेश अध्यक्ष जी के द्वारा ईमेल के माध्यम से प्राप्त हुआ है उन्होंने कहा कि संगठन का मकसद सदैव माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सब का प्रयास को चरितार्थ करते हुए मुस्लिम समाज को भारतीय जनता पार्टी से मुख्य रूप से जोड़ना है । जिसके बाद अनेक लोगों ने फोन करके मोहम्मद वाजिक शिबू को बधाई दी ।

भगवान परशुराम जन्मोत्सव निकाली गयी शोभायात्रा

उन्नाव। सदर स्थिति साकेत धाम श्री राम लीला मैदान से प्रारंभ होकर सदर भ्रमण करते आवास विकास कालोनी के अखिलेश्वर महादेव मंदिर में हुआ यात्रा का समापन। राष्ट्रीय परशुराम जनकल्याण संस्था के तत्वावधान में निकली यात्रा। शोभायात्रा का कार्यकम में उत्तर प्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्याम जी त्रिपाठी,श्री राम कथा मर्मज्ञ श्री सुधीरानंद नंद जी महराज ने पूजन अर्चन कर किया यात्रा का किया शुभारम्भ । हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री विमल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

प्राथमिक शिक्षक संघ कल बीएसए कार्यालय पर करेगा विशाल धरना प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद बहराइच के तहसील महसी की बैठक ब्लॉक संसाधन केंद्र तजवापुर में ज्ञान प्रकाश पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में तजवापुर, महसी व फखरपुर के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक में 1 मई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर होने वाले धरने की तैयारी की समीक्षा की गई। महसी के अध्यक्ष व जनपद के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अवस्थी ने कहा की न्याय पंचायत प्रभारी द्वारा शिक्षकों से संपर्क कर धरने की जानकारी दे दी गई है। महसी से सैकड़ो शिक्षक धरना में प्रतिभाग करेंगे। फखरपुर के कोषाध्यक्ष चांचरिक पांडे ने कहा शिक्षकों में धरने को लेकर बहुत उत्साह है बहुत बड़ी संख्या में शिक्षक धरने में उपस्थित होंगे। तजवापुर के अध्यक्ष भुवनेश्वर पाठक ने तैयारियों पर चर्चा करते हुए बताया तजवापुर से लगभग चार सौ की संख्या धरने में पहुंचेगी ।

बैठक को जिलाध्यक्ष आनंद कुमार पाठक, जिलामंत्री विजय कुमार उपाध्याय, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने शिक्षक समस्याओं पर व्यापक चर्चा की। बैठक में महसी के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र ओझा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नैमिष गिरी, संयुक्त मंत्री अभिषेक दीक्षित, संजीव कुमार अवस्थी, तजवापुर मंत्री अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष जय सुख लाल मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा, संयुक्त मंत्री नफीस अहमद,उपाध्यक्ष चंद्र शेखर नागवंशी,बृजेन्द्र मणि पांडे, विजय कुमार गुप्ता,अमरेंद्र पांडे आदि अनेक शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे,इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी सुरेश कुमार यादव ने दी।

गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए डीएम ने अधिकारियों को दिये निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बढ़ती हुई गर्मी व हीट वेव से आमजनमानस, पशु-पक्षी आदि सभी को राहत दिये जाने के उद्देश्य से ड्रेनेज, नलकूप, वन व पंचायती राज विभाग को निर्देश दिया गया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से सभी अमृत सरोवरों व जल स्रोतों को एक सप्ताह में भरवाना सुनिश्चित करें ताकि आमजन तथा मवेशियों को गर्मी के दौरान पानी की दिक्कत न हो। डीएम ने नगर निकाय, पंचायती राज व जल निगम को निर्देश दिया कि नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत हैण्डपम्पों को क्रियाशील रखा जाय। सिंचाई विभाग को निर्देश दिया गया है कि रोस्टर के अनुसार नहरों के संचालन के साथ यह भी सुनिश्चित करें कि पानी नहरों की टेल तक अवश्य पहुँचे।डीएम ने अधि.अभि. नलकूप को निर्देश दिया है कि शुष्क मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी राजकीय नलकूपों को चालू हालत में रखें। यांत्रिक एवं विद्युत दोष से बन्द नलकूपों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराया जाय तथा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि छोटी-मोटी फाल्ट से नलकूप बन्द न होने पाएं। डीएम ने सभी कार्यालयों में शीतल पेयजल की व्यवस्था के तहत कम से कम प्राकृतिक फ्रिज (मटके) की व्यवस्था किये जाने के निर्देश दिये।

डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि ऐसे प्रबन्ध किये जायें जिससे बच्चे, वृद्धजन व अस्वस्थ व्यक्ति हीटवेव से प्रभावित न होने पाये।ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए डीएम ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि खराब ट्रांसफामर्स को तत्काल ठीक करा दें तथा जिन स्थानों पर ओवर लोडिंग के कारण कोई समस्या हो वहाँ पर उचित बन्दोबस्त कर दिये जाएं। डीएम ने पशुपालन विभाग को निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जनपद में संचालित समस्त गो आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों हेतु हरे चारे, पानी, छांव, भूसे, उपचार की माकूल व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यकतानुसार पंखों की व्यवस्था भी करायी जाय।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने भंग की ब्लाक कार्यकारिणी

गोरखपुर । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सम्बध्द अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद शाखा गोरखपुर ने ब्लाक इकाई गठन का तीन वर्ष पूर्ण होने पर तत्काल प्रभाव से जनपद के समस्त ब्लाक इकाई को भंग कर दिया गया है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम वर्तिका VARTIKA पुत्री सुरेन्द्र कुमार सिंह त्रुटिवश कुछ अभिलेखों में दर्ज हो गया था,जबकि मेरा सही और वास्तविक नाम वर्तिका सिंह VARTIKA SINGH है,भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये,वर्तिका सिंह पुत्री सुरेन्द्र कुमार सिंह ग्राम मनहना,पोस्ट पूरे घीसीराम तरबगंज गोंडा, उत्तर प्रदेश।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ ने परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।मंगलवार नगर के एक होटल में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के संस्थापक एवं पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कालेज फार्मेसी मेडिकेयर हॉस्पिटल के एमडी की ओर से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसको भगवान परशुराम का जन्मोत्सव का नाम दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित के साथ की गई।कार्यक्रम के दौरान पूरा हाल खचाखच भर गया। दूर दराज से आए आंगुतको ने इसकी काफी सराहना की है। गोला गोकर्णनाथ के चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।तहसील पूरनपुर के पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक मेडिकेयर के एमडी व महासंघ के संस्थापक अमित मिश्रा के द्वारा पूरनपुर एक निजी होटल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया।जिससे भारी तादात मे लोग मौजूद रहे।जिसमें मुख्य अतिथि के गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला पहुंचे। जिसमें वहीं भारी मात्रा में ब्राह्मण समाज के लोग पहुंचे और सभी को संबोधित किया गया।ब्राह्मणों को एकजुट होकर सद्भाव रास्ते पर चलने के लिए प्रसारित किया बताया कि गरीब निर्धन ब्राह्मण की मदद करें और कन्याओं के शादी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।इसके बाद स्मृति चिन्ह के साथ सम्मानित करते हुए कश्मीर के पहलगांव में हुई घटना को लेकर निंदा की और बताया कि ब्राह्मण शास्त्र पढ़ना जानता है। तो शस्त्र उठाना भी जानता है। इसीलिए एकजुट होकर हिंदुत्व की रक्षा के लिए आगे बढ़े।आतंकियों के द्वारा पहलगाव में धर्म पुछकर मारे गए।ब्राह्मण व हिंदूओ के लिए बहुत ही निंदनीय घटना है।जिसका विरोध पूरा भारत कर रहा है। सरकार से मांग कि आतंकवादियों के ऊपर कठोर कार्रवाई की जाए और जो पहलगाव में मारे गए हिंदुओं को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।बताया कि अब बटने का समय नही एकजुट होने का समय है। एकजुट होकर मुंह तोड़ जवाब देने का समय आ गया है।इस दौरान महिलाओं को सिलाई मशीनें भी बांटी गई। अमित मिश्रा ने ब्राह्मणों का अस्पताल में निशुल्क इलाज और आपरेशन करने की बात कही है। इस दौरान विजय शुक्ला चेयरमैन गोला गोकर्णनाथ, अशोक अवस्थी,पीलीभीत

ब्राह्मणों को एक मंच पर लाने में सफल हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के संस्थापक अमित मिश्रा

सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सरोज वाजपेई, पूरनपुर प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन अमिताभ मिश्रा, महामंत्री संजय पांडेय,नितिन दीक्षित, रजनीश मिश्रा, प्रवीण भारद्वाज,अवनि पांडेय, रामपाल पांडेय, ओमबाबू शर्मा, अचलेन्द्र मिश्रा, संजीव, डाक्टर ओमबाबू शर्मा,आलोक शर्मा, गौरव पांडेय एडवोकेट, त्रिभुवन शर्मा,नवनीत शर्मा, राजेंद्र पांडेय, डॉक्टर सुधाकर पांडेय, संजीव अवस्थी, ऋषभ पांडे, मनोज मिश्रा,अनिल शुक्ला, आदर्श शुक्ला,पुनीत पांडेय अनादि मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने किया है। कार्यक्रम के अंत में आए हुए सभी लोगों का संस्थापक अमित मिश्रा ने आभार व्यक्त किया है।

भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददातान्यूज

पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में सोमवार को भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत डॉक्टर अंबेडकर के जीवन से जुड़े प्रेरणात्मक प्रसंग एवं विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। साथ ही आपसी भाईचारे को बढ़ाने हेतु संकल्पात्मक शपथ का भी आयोजन किया गया। पखवाड़े के समापन अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने सभी विद्यार्थियों से डॉ0 अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेने और उनके बताए मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया।उन्होंने बच्चों को धर्म एवं जाति के भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को एक समान मानने और आपसी सौहार्द बनाए रखने तथा दूसरों को भी इस हेतु प्रेरित करने का संकल्प दिलाया।इस अवसर पर डॉ0 भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। निबंध प्रतियोगिता में कृष्णा,कौशल राज,झलक वर्मा,ऋषभ,अतुल कुमार और आस्था शर्मा,रंगोली प्रतियोगिता में रेनु कुमारी, चंदा, आस्था शर्मा, पल्लवी, हेमलता, झलक वर्मा,

कार्यक्रम समाप्ति को लेकर आयोजित की गई कई प्रतियोगिताएं प्रधानाध्यापक ने वितरण किए पुरस्कार

चित्रा देवी, सोनी, आयुषी सागर, साधना देवी, पल्लव मौर्य, अतुल कुमार, ऋषभ, कृष्णा, अमन और जितिन कुमार, क्विज प्रतियोगिता हेतु चित्रा देवी, सोनी,आर्यन कुमार मौर्य, कौशल राज, सोनाक्षी और ऋषभ, पोस्टर प्रतियोगिता में पल्लव मौर्य, साधना, पल्लवी, कृष्णा, कौशल राज, ऋषभ, झलक वर्मा, गुंजन, हेमलता, प्रांशी, साधना देवी, अलका, बरखा और आराध्या तथा वाद-संवाद प्रतियोगिता हेतु कौशल राज, पल्लवी, सोनाक्षी, चित्रा देवी और अतुल कुमार आदि विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ममता देवी, प्रगति धामी, प्राज्ञी अग्रवाल, अंजना शुक्ला उपस्थित रहीं हैं।

पुलिस ने गुमशुदा बालिका को चौबीस घण्टे में तलाश कर परिजनों को सौंपा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बाजार शुकुल पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को चौबीस घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया है एवं परिजनों को सुपुर्द कर परिजनों की मुस्कान लौटाई है। थाना क्षेत्र के ग्राम कंचनगढ़ मजरे इंदरिया निवासिनी राम कुमारी पत्नी पूर्वीदीन ने सोमवार को पुलिस को लिखित तहरीर दी गयी थी कि उनकी नातिन लक्ष्मी पुत्री राम बहादुर निवासी ग्राम सराय थाना सुबेहा जनपद बाराबंकी उम्र ग्यारह वर्ष जो कि सत्ताइस अप्रैल को दिन में बारह बजे घर के बच्चों के साथ खेल रही थी और खेल खेल में बच्चों के आपस में लड़ने से नाराज होकर कहीं चली गयी है। उक्त सूचना पर स्थानीय पुलिस ने अभियोग दर्जकर लिया था तथा पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा टीमें गठित कर उक्त गमुशुदा की बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये थे।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना बाजार शुकुल पुलिस द्वारा आसपास के गांवों व बगीचों में उक्त गुमशुदा की तलाश की जा रही थी तलाश के क्रम में सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़की ग्राम पाली में टहल रही है।उक्त सूचना पर थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा मय हमराही ग्राम पाली पहुंचकर बालिका को सकुशल बरामद किया गया तथा नियमानुसार कार्यवाही करते हुये बालिका को उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया।परिजनों एवं ग्राम वासियों द्वारा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

मोहनगंज पुलिस ने बावन ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज पुलिस ने ग्राम पाकरगांव के पास से बावन ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान सुनील कुमार उर्फ सुल्ली पुत्र सुंदर लोध निवासी डहरुआ मजरे पाकरगांव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी को ग्राम पाकरगांव के पास से बावन ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

मोहनगंज पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को तमंचा के साथ भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना मोहनगंज पुलिस ने ग्राम पाकरगांव के पास से एक हिस्ट्रीशीटर को अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल सवार अभियुक्त मैकूलाल पुत्र स्वर्गीय रामनरेश निवासी ग्राम डहरुवा मजरे पाकरगांव थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब पैंतालिस वर्ष को ग्राम पाकरगांव के पास से समय करीब पौने ग्यारह बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में हिस्ट्रीशीटर के कब्जे से एक अदद तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ और मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा न सका। कोतवाली प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार युवक एक शातिर अपराधी है जो थाना मोहनगंज का हिस्ट्रीशीटर भी है जिसके विरुद्ध जनपद अमेठी, अयोध्या व बाराबंकी में विभिन्न अभियोगों में पूर्व में डकैती, चोरी, हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर आदि धाराओं में कुल सत्रह अभियोग पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण प्रारंभ

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बडौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में 12 दिवसीय अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जलाकर प्रारंभ किया गया हैं।सभी समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर कार्य प्रारंभ करने को सहमति दी है जिससे कि आत्मनिर्भर बनकर सम्मानजनक जीवन व्यतीत किया जा सके। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान, चिकित्सक, संस्थान की प्रभारी फिजा खानम सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

जनपद में आज आएगी राज्य महिला आयोग की सदस्य करेगी जनसुनवाई

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। सदस्य राज्य महिला आयोग उ0प्र0 सुनीता सैनी द्वारा महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने,महिला उत्पीडन की घटनाओं की समीक्षा व जनसुनवाई की जायेगी। आज पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में 09 बजे आगमन, प्रातः 10 से 11 बजे तक ऑगनबाडी केन्द्र व प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण,11 बजे से बजे जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन गांधी सभागार में किया जाएगा। तत्पश्चात 03 बजे से जिला कारागार का निरीक्षण किया गया तथा दिनांक 01.05.2025 को सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं विद्यालय का निरीक्षण किया जायेगा।

पुलिस अधीक्षक ने थाना न्यूरिया का किया आकस्मिक निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत अभिषेक यादव ने थाना न्यूरिया का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न अभिलेखों जैसे जनसुनवाई रजिस्टर,अपराध रजिस्टर, मालखाना,शस्त्रागार,हवालात,मेस,महिला व साइबर हेल्प डेस्क आदि का गहनता से निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालयों के अभिलेखों एवं प्रपत्रों का निरीक्षण कर उन्हें अद्यावधिक एवं व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया। लंबित माल-मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों के शीघ्र निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाने तथा आईजीआरएस,सीएम हेल्पलाइन एवं अन्य स्रोतों से प्राप्त जनशिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने मालखाने में रखे गए सामानों को उनके उचित रख-रखाव तथा थाना परिसर में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कण्डम व निष्प्रयोज्य इमारत को निस्तारण कर पुनर्निर्माण कराने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए हैं।

अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने की अफसरो ने कसी कमर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। डीएम की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आहुत की गयी। सर्वप्रथम जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मिशन वात्सल्य की कार्ययोजना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी से विस्तारपूर्वक परिचर्चा की। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा आगामी वित्तीय बर्ष मे जनपद के सभी चिन्हित निराश्रित 0 से 18 बर्ष के देखभाल जरुरतमंद बालक व बालिकाओं एवं निराश्रित महिलाओं हेतु संचालित शासन व विभाग की योजनाओं के तहसील स्तर, विकास खंड खंड स्तर, नगरपालिका, नगरपंचयात स्तर एवं ग्राम पंचयात स्तर पर व्यापक रूप से प्रचार प्रसार कराये जाने के संबंध में एक बृहद कार्ययोजना तैयार की गई है। साथ ही माह मई 2025 में जनपद को बाल विवाह बाल श्रम से पूर्ण रूप से मुक्त कराए जाने के संबंध में चलाई जाने वाले अभियानों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की गई। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारिओं को 30/04/2025 को ''अक्षय तृतीया'' पर्व पर बाल विवाह की घटना न कारित होने पाए। साथ ही सभी अधिकारियों को पूर्ण सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ बाल विवाह की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। डीएम द्वारा 1098,181,112 इत्यादि पर यदि बाल विवाह की कोई सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल उसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी के समक्ष यूपी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 318 नवीन आवदेन पत्र प्रस्तुत किये गये सभी का सत्यापन सम्बधित तहसील व विकासखण्ड से पूर्व करा लिया गया है। साथ ही सत्यापन उपरान्त सभी 318 नवीन आवेदन पत्रों की डिजिटल जांच जिला बाल संरक्षण ईकाई पीलीभीत में कार्यरत सरक्षण अधिकारी गैरसंस्थागत गत व सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा पूर्ण करा ली गयी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी यूपी बाल सेवा योजना सामान्य के आवेदन पत्रों के साथ प्रवर्तकता कार्यक्रम स्पॉन्सरशिप योजना के 45 नवीन प्राप्त आवेदन भी जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये गये। सभी प्राप्त 45 नवीन आवेदन पत्रों का सत्यापन भी सम्बंधित तहसील व विकासखण्ड स्तर पर पूर्ण करा लिया गया है। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा यूपी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के प्राप्त नवीन 318 आवदेन पत्रों एवं प्रवर्तकता कार्यक्रम स्पॉन्सरशिप योजना के प्राप्त नवीन 45 आवेदन पत्रों का का गहनता से परिशीलन किया गया। जिलाधिकारी व बैठक में उपस्थित अन्य सभी अधिकारियों द्वारा सम्मुख प्रस्तुत समस्त यूपी मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के नवीन 318 आवेदन पत्रों एवं प्रवर्तकता कार्यक्रम स्पॉन्सरशिप योजनांतर्गत प्राप्त समस्त 45 नवीन आवेदन पत्रों को सर्वसम्मति से स्वीकृति व अनुमोदन प्रदान किया गया।

शुकुल बाजार में बीईओ को तीन प्राइवेट स्कूल मिले अमान्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास क्षेत्र शुकुल बाजार में नियम कानूनों को ताक पर रखकर दुकानों मकानों और गोदामों में संचालित किये जा रहे अमान्य स्कूलों के निरीक्षण में सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी को बड़े पैमाने पर अनियमितताएं मिली। बीईओ को निरीक्षण के दौरान बाबागंज चौराहे पर तीन अमान्य स्कूल संचालित मिले जिस पर बीईओ ने डीएम और बीएसए को पत्र भेजकर विभागीय कार्यवाही किये जाने की संस्तुति की है। जिलाधिकारी संजय चौहान एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को सिंहपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने शुकुल बाजार विकास क्षेत्र में अमान्य स्कूलों का औचक निरीक्षण किया तो तीन अमान्य स्कूल संचालित पाये गये। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि आर के यूनिक कान्वेंट स्कूल, आरव इंग्लिश मीडियम स्कूल बाबागंज चौराहे पर बगैर किसी मान्यता के संचालित किया जा रहा था और इन दोनों विद्यालयों में शिक्षारत बच्चों के पास एनसीआरईटी के बजाय मंहगी किताबें पाई गई और इन दोनों विद्यालयों में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं देखने को मिली। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने इसके बाद एच एम पब्लिक स्कूल बाबागंज चौराहा का जब निरीक्षण किया तो आठवीं की मान्यता पर हाईस्कूल और इण्टर की कक्षाएं चलती पाई गई और विद्यालय के संचालक मान्यता से सम्बंधित अभिलेख दिखा नही सके यहां पर भी मंहगी किताबों का बोलबाला रहा। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि इन तीनों अमान्य स्कूलों की जांच आख्या जिलाधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दी गई। अमान्य स्कूलों के सघन चेकिंग अभियान से संचालकों में खलबली मची रही और कई स्कूल ताला बंद कर भागने में सफल रहे। इस सम्बंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त विकास क्षेत्रों में अमान्य स्कूलों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और अभिवावकों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुये किताबें भी जांची जा रही हैं।

डिजिटल शिक्षा के बढ़ते कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। सीखी सिखाओ फाउंडेशन द्वारा नव भारत उदय कार्यक्रम के अंतर्गत डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजिटल टीवी वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान विकास खंड बल्दीराय के प्राथमिक विद्यालय वलीपुर प्रथम, कंपोजिट विद्यालय हेमनापुर, प्राथमिक विद्यालय वलीपुर द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर, प्राथमिक विद्यालय पूरे जोधी एवं प्राथमिक विद्यालय चक मूसी को डिजिटल टीवी प्रदान किए गए। वहीं, विकास खंड अखंडनगर के प्राथमिक विद्यालय नरवारी, गिधौना, अलीपुर और सरांवा को भी डिजिटल टीवी वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह सहित कई शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में स्मार्ट शिक्षा प्रणाली को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को तकनीक से जोड़ना है। डिजिटल टीवी की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में मील का पत्थर साबित होगी।

अटेवा और प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में 1मई को जिलामुख्यालय पर कैंडल मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर । 1 मई 2025 को जब पूरा देश पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के दर्द से गुजर रहा होगा, तब सुल्तानपुर में एक भावनात्मक दृश्य साकार होने जा रहा है। शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी एकजुट होकर न केवल संवेदना प्रकट करेंगे, बल्कि यह संदेश भी देंगे कि देश के नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।अटेवा सुल्तानपुर और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सुल्तानपुर के संयुक्त तत्वाधान में जनपद मुख्यालय पर तिकोनिया पार्क से एक कैंडल मार्च निकाला जाएगा। यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, करुणा और कर्तव्यबोध का प्रतीक होगा।जिला अध्यक्ष दिनेश उपाध्याय ने कहा कि यह पहल एक ऐसी घड़ी में की जा रही है जब देश को संवेदनशीलता और एकजुटता की सबसे अधिक ज़रूरत है। शिक्षक समुदाय, जो समाज का मार्गदर्शक होता है, इस पहल के माध्यम से यह भी दर्शाएगा कि वह हर मोर्चे पर देश के साथ खड़ा है चाहे वह शिक्षा हो या आपदा की घड़ी।इस आयोजन के माध्यम से न केवल मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी, बल्कि यह भी संदेश दिया जाएगा कि जब तक एक भी भारतीय जीवित है, तब तक आतंक के खिलाफ यह संघर्ष चलता रहेगा। जिला मीडिया प्रभारी चनद्रपाल राजभर ने बताया कि धरना एवं कैंडल मार्च शाम 5:00 बजे तिकोनिया पार्क से शुरू होगा सभी शिक्षक, कर्मचारी व अधिकारी इसमें सहभागी बनकर अपनी उपस्थिति से श्रद्धा, संकल्प और राष्ट्रप्रेम का परिचय दें।

श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से भक्तों के समस्त दुख दूर होते हैं : स्वामी राघवेंद्राचार्य जी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। जब मनुष्य प्रेम, करुणा और भक्ति से परिपूर्ण होता है, तब उसके जीवन में कोई भी दुख टिक नहीं सकता। उक्त उदगार बल्दीराय तहसील क्षेत्र के ग्राम हैधना कला में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन स्वामी राघवेंद्राचार्य जी महाराज ने प्रवचन में व्यक्त किए। स्वामी जी ने श्रोताओ को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि भगवान सदैव अपने भक्तों के निकट रहते हैं और उनकी रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। लेकिन मनुष्य मोह-माया में उलझकर परमात्मा को भूल जाता है, उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही मनुष्य के समस्त सांसारिक पाप नष्ट हो जाते हैं। जबकि भक्ति और सत्य के मार्ग पर चलकर ही जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है। प्रेम हमारी दिशा बदलता है और भक्ति हमारी दशा। जो व्यक्ति क्रोध पर नियंत्रण पा लेता है, वह जीवन में कभी पराजित नहीं होता। यज्ञ, दान और तप अनिवार्य रूप से करना चाहिए, क्योंकि ये आध्यात्मिक उन्नति के प्रमुख साधन हैं। जीवन में जो हम दूसरों को देंगे, वही हमें प्राप्त होगाकृअगर प्रेम देंगे तो प्रेम मिलेगा, सहयोग देंगे तो सहयोग मिलेगा, और यदि हम किसी नीर को कष्ट देंगे, तो स्वयं भी कष्ट सहने के लिए तैयार रहना होगा कथा के अंत में मुख्य यजमान राज किशोरी मिश्रा ने व्यास पीठ की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया।

सेटिंग के चलते गंभीर धाराओं को हल्की कर आरापियों को छोड़ा

कुड़वार थाने में अपराध पर नियंत्रण का सच

सुल्तानपुर। कुड़वार थाना क्षेत्र के बहमरपुर ग्राम पंचायत में दलित और अल्पसंख्यकों के बीच हुए संघर्ष में पुलिस की जांच अजीबोगरीब स्थिति में पहुंच गई है। बीती रात हुए हमले के बाद पुलिस दलित के पक्ष में खड़ी दिखाई दी। देर रात जानलेवा हमला एससी एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में कुड़वार थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ। जो पुलिस सूत्रों के मुताबिक दो आरोपियों को पुलिस ने 12 घंटे के भीतर की गिरफ्तार कर लिया। लेकिन दिनभर एससी एसटी एक्ट में मुलजिमों को छोड़ने और सेटिंग फिटिंग का खेल चलता रहा। आखिरकार गंभीर धारा के मुकदमे में सेटिंग गेटिंग कामयाब हुई और शांति भंग की धाराओं में चालान कर पुलिस ने आरोपी को एसडीएम सदर न्यायालय भेज दिया। जहां से जमानत पर जानलेवा हमला करने वाले और एससी एसटी एक्ट के आरोपियों को रिहा कर दिया गया। मामले में एसटी एसटी एक्ट से जुड़े अधिकारियों का बड़ा खेल

व्यापार युद्ध के बीच भारत

दिल्ली में नीति निर्धारकों और विशेषज्ञों ने झट से कह दिया कि अमेरिका और चीन के बीच छिड़ा व्यापार युद्ध भारत के लिए सुनहरा मौका है। आपूर्ति श्रृंखला बिगड़ने और भू-राजनीतिक तनाव गहराने पर क्या भारत निर्यात बाजार में चीन की भारी हिस्सेदारी अपने नाम कर पाएगा? ऊपर से तो ऐसा ही दिख रहा है क्योंकि ऊंचे शुल्कों और पाबंदियों की वजह से अमेरिका को चीन से आयात घटेगा। ऐसे में भारत सस्ते श्रम और तेजी से बढ़ते उद्योगों के दम पर अपनी जगह मजबूत कर सकता है। किंतु इस उम्मीद के पीछे कड़वी हकीकत भी है। सबसे पहली बात, चीन का निर्यात तंत्र काफी विशाल है। उसने 2024 में अमेरिका को 439 अरब डॉलर का माल सीधे निर्यात किया। इन आंकड़ों में वियतनाम, कंबोडिया और मेक्सिको के रास्ते निर्यात माल जोड़ दें तो आंकड़ा बहुत बढ़ जाएगा। इस भारी भरकम आंकड़े की बराबरी करना आसान नहीं है। भारत और दूसरे देशों के पास इतनी औद्योगिक मजबूती, लॉजिस्टिक्स क्षमता या नीतिगत पारदर्शिता नहीं है कि वे चीनी निर्यात का विकल्प बन सकें। दूसरा मुद्दा समय से जुड़ा है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापारिक संबंध बिगड़ गए हैं मगर यह सोचना बेमानी है कि लड़ाई लंबी चलेगी। कुछ हफ्तों में कई अमेरिकी स्टोरों की दराजें खाली होने लगेंगी। अमेरिका में माल पहुंचाने वाले सबसे बड़े वेंडरों में आधे से ज्यादा चीनी ही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, खिलौने, परिधान एवं घरेलू सामग्री का आयात थमा तो कीमतें बढ़ेंगी और महंगाई भी बढ़ सकती है। प्रतिकूल परिस्थितियों में इससे अमेरिका की वित्तीय परिसंपत्तियों में भरोसा घटेगा। इसका समाधान खोजने का दबाव भी बढ़ता जाएगा। इस बीच भारत से निर्यात बढ़ेगा भी तो वह अधिक दिनों तक नहीं टिकेगा। अमेरिका और चीन में पिछले एक दशक से व्यापार युद्ध चल रहा है, इसलिए यह कहना सही नहीं होगा कि डॉनल्ड ट्रंप के आने से ही ऐसा हुआ है। दोनों देशों के बीच समझौता हुआ तब भी चीनी सामान पर ऊंचा शुल्क ही लगेगा। कुछ लोगों की दलील है कि इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय माल बढ़ने लगेगा। हो सकता है बढ़े मगर मुद्दा यह नहीं है कि चीन के कारण भारत के लिए बंद दरवाजे खुल रहे हैं। मुद्दा यह है कि भारत उसमें दाखिल होने लायक है भी या नहीं। भारत का विनिर्माण क्षेत्र बिखरा है, तकनीक के इस्तेमाल में पीछे है और चीन से खाली हुई जगह भरने को पूरी तरह तैयार नहीं है। भारत के पारंपरिक निर्यात जैसे कपड़ा, परिधान एवं आभूषण वैश्विक मांग के अनुरूप नहीं बढ़ पाए हैं। हां, दवा में भारत दमदार है और अमेरिका को आधी जेनेरिक दवा भारत से ही मिलती है। मगर दूसरे क्षेत्रों में वस्तुओं एवं उत्पाद की गुणवत्ता सबसे बड़ी बाधा है। भारतीय उत्पाद अक्सर अंतरराष्ट्रीय पैमानों पर नाकाम रहते हैं और उत्पादन भी नहीं बढ़ पाता। निर्यातकों के लिए भी चुनौती हैं। एचडीएफसी बैंक के अनुसार भारतीय निर्यातकों को लंबी-चौड़ी कागजी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। संकरी और नाकाफी सड़कें, रेल मार्ग, बंदरगाह एवं हवाई अड्डों के कारण माल की आवाजाही सुस्त तथा खर्चीली बन जाती है, जिससे निर्यातक आपूर्ति से जुड़ी शर्तें पूरी करने में जूझते रहते हैं। सड़क और रेल संपर्क खराब होने के कारण समुद्र से दूर के राज्यों से माल बंदरगाह तक पहुंचना दूभर हो जाता है। दिल्ली के एक गोदाम से बंदरगाह तक माल पहुंचने में तीन से चार दिन लगते हैं, जो अन्य देशों में लगने वाले समय की तुलना में तीन गुना है। कृषि पदार्थों का निर्यात इससे अधिक प्रभावित होता है। भारत में दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा रेल तंत्र है, जो 30 लाख टन माल ढोता है। मगर पुराने उपकरण, लचर सिग्नल प्रणाली और मालगाड़ी के डिब्बों की कमी के कारण लागत बढ़ जाती है तथा देर भी हो जाती है। भारत निर्यात में आगे बढ़ना चाहता है मगर खास तौर पर चीनी आयात पर निर्भर होता जा रहा है। 2023-24 में भारत में 63 फीसदी सोलर पैनल आयात चीन से हुआ। दुनिया में पॉलिसिलिकन उत्पादन में 97 फीसदी और सोलर-मॉड्यूल उत्पादन में 80 फीसदी हिस्सेदारी चीन की ही है। स्मार्टफोन, लैपटॉप एवं उपकरण बनाने वाली भारतीय कंपनियां भी पुर्जे चीन से ही मंगाती हैं। बड़ी चिंता है कि दवाओं में इस्तेमाल होने वाली लगभग 70 फीसदी एपीआई हम चीन से ही मंगाते हैं।

भारत के विरोधी दल देश के गुनाहगारों के साथ

कांग्रेस सहित विपक्ष के सभी नेता और प्रवक्ता टीवी चैनलों तथा सार्वजनिक मंचों पर जिस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं उससे स्पष्ट है इनको देश से कोई मतलब नहीं है बस अपने वोट बैंक को खुश करना है भले ही देश की सुरक्षा को दांव पर क्यों न लगाना पड़े। आज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद औरआम आदमी पार्टी के प्रवक्ताओं की बयानबाजी कर रहे हैं इन नेताओं के गिरे हुए स्तर का प्रमाण है। पाकिस्तानी माडिया व यूटूबूर्स विरोधी दलों के इन्हीं नेताओं के बयानों को आधार मानकर भारत के खिलाफ प्रोपोगैंडा चला रहा है। सबसे पहले गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वार्ड्रा जिस पर आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है उसने आपत्तिजनक बयान दिया फिर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया जो मुस्लिम तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति में गले तक फंसे हैं ने कहा कि इस समय पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई आवश्यकता नही है।

कश्मीर घाटी के पहलगाम हमले में 26 निहत्थे निर्दोष पर्यटकों की धर्म पूछकर और कलमा न पढ़ पाने पर की गई नृशंस हत्याओं के बाद, देश में आतंकवाद के खिलाफ भीषण आक्रोश है। देश का जन जन पाकिस्तान से बदला लेने के लिए तड़प रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले बिहार की मधुबनी रैली में और फिर ल्लमन की बातल्ल रेडियो कार्यक्रम में देश को विश्वास दिलाया है कि पीड़ितों को न्याय मिलकर रहेगा तथा पाकिस्तान को ऐसा दंड दिया जाएगा जिसकी उसने कल्पना भी नहीं की होगी । आतंकवादी घटनाओं के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि देश के गृहमंत्री तुरंत अपने सभी कार्यक्रम रद्द करके घटनास्थल पहुंचे और पीड़ितों के साथ खड़े रहे। इस घटना के बाद से भारत के आतंकवाद से निपटने के निर्णय को विश्व के सभी प्रमुख देशों ने अपना पूरा समर्थन दिया है। लगभग पूरा वैश्विक समुदाय संकट की इस घड़ी में भारत के साथ खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है। भारत के विरोधी दलों की स्थिति इसके पूर्णतया विपरीत है। भारत सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में तो विपक्ष ने सरकार का साथ देते हुए पहलगाम हमले की निंदा की तथा सरकार के निर्णयों का पूर्ण समर्थन देने की बात की किन्तु कुछ ही घंटों में इनके तेवर बदल गए और ये वापस अपनी तुष्टीकरण की राजनीति में लग गए। स्वाभाविक रूप से इनके पाकिस्तान परस्त एजेंडा का नेतृत्व कांग्रेस पार्टी कर रही है जिसने अपनी सोशल मीडिया टीम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अत्यंत निंदनीय कैम्पेन आरम्भ किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी एक ताजा मीम में प्रधानमंत्री का शीर्ष रहित स्केच दिखाया गया है। कांग्रेस सहित विपक्ष के सभी नेता और प्रवक्ता टीवी चैनलों तथा सार्वजनिक मंचों पर जिस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं उससे स्पष्ट है इनको देश से कोई मतलब नहीं है बस अपने वोट बैंक को खुश करना है भले ही देश की सुरक्षा को दांव पर क्यों न लगाना पड़े। आज कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राजद औरआम आदमी पार्टी के प्रवक्ताओं की बयानबाजी कर रहे हैं इन नेताओं के गिरे हुए स्तर का प्रमाण है। पाकिस्तानी माडिया व यूटूबूर्स विरोधी दलों के इन्हीं नेताओं के बयानों को आधार मानकर भारत के खिलाफ प्रोपोगैंडा चला रहा है। सबसे पहले गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वार्ड्रा जिस पर आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है उसने आपत्तिजनक बयान दिया फिर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया जो मुस्लिम तुष्टीकरण और जातिवाद की राजनीति में गले तक फंसे हैं ने कहा कि इस समय पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ने की कोई आवश्यकता नही है। कर्नाटक सरकार के ही एक मंत्री ने कहा कि आतंकियो ने धर्म पूछ कर हत्याएं नहीं की हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता और विधायक विजय वडेटटीवार ने पीड़ितों की गवाही पर ही प्रश्न खड़े कर दिए । उनका कहना है कि क्या आतंकवादियों के पास लोगों को गोली मारने से पहले उनका धर्म पूछने का समय होता ह। उनसे पहले बिलकुल यही टिप्पणी कर्नाटक के मंत्री आर. बी. थिम्मापुर ने की थी। जब जनता में इन विधायकों के खिलाफ आक्रोष बढ़ा तब ये अपने बयान से पलट गए।उधर कांग्रेस नेता सैफुद्दीन सोज अनगर्ल बयानबाजी कर चुके हैं। कांग्रेस का पूरा आई टी सेल अपनी गालीबाज प्रवक्ता के नेतृत्व में अनर्गल प्रलाप कर रहा है । उत्तर प्रदेश में समाजवादी मुखिया अखिलेश यादव को राज्य में मुस्लिम तुष्टिकरण और पीडीए राजनीति की चिंता है और यही कारण है कि वे कहते हैं कानपुर के शहीद शुभम द्विवेदी के परिवार से उनकाकोई संबंध नहीं है और उनके घर जाने का उनके पास समय नहीं हैं । वहीं सरकार को घेरने के लिए वो बलिदानियों को 10 -10 करोड़ का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं और भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। स्मरणीय है कि ये यह वही अखिलेश यादव हैं जो माफिया मुख्तार और अतीक अहमद के घर जाकर मर्सिया पढ़ते हैं। यह वही अखिलेश यादव हैं जिन्होंने 2012 से 2017 के मध्य संविधान को दरकिनार रखते हुए आतंकवादियां की रिहाई का हरसंभव प्रयास किया था। यही नहीं भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने पहलगाम की दुखद घटना की निंदा

तो नहीं की लेकिन जब भारत सरकार ने सिंधु नदी जल समझौता स्थगित किया तब उसके पेट में दर्द होने लगा। ज्ञातव्य है कि पाकिस्तानी नागरिकों को सीमा पर छोड़ने वाली एक गाड़ी पर इनकी यूनियन का नाम लिखा था। टिकैत ने यहां तक कह दिया कि पहलगाम के आतंकी सीमा पार नहीं सब यहीं पर छुपे हुए हैं। स्पष्ट है टिकैत पाकिस्तानी मीडिया का नायक बनना चाहता है, लेकिन क्यों ? पाकिस्तान टीवी पर भारत के विरोधी दलों के नेताओं के बयान चल रहे हैं। पाकिस्तान के बड़े एक्स अकाउंट इनको कोट रहे हैं । आज देश कांग्रेस से सवाल पूछ रहा है कि उनके और पाकिस्तानी मंत्रियों के बयानों में इतनी समानता क्यों हैं? अचानक सिद्धारमैया सहित कांग्रेस व विरोधी दलों के नेता पाकिस्तानी मीडिया के प्रिय बन गये हैं। ये लोग जो अभी सर्वदलीय बैठक में सरकार के साथ होने का मुखौटा लगे थे इनका मुखौटा देश के जनमानस के समक्ष उतर चुका है। संभवतः यह लोग अपनी तुष्टीकरण की राजनीति की समाप्ति की आशंका से भयभीत हो गये हैं अगर युद्ध के बाद पाकिस्तान चार टुकड़ों में विभाजित हो गया और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद का सफाया करने में सफल हो गई तब इन दलों की राजनीति का क्या होगा ? यही कारण है कि यह सभी दल पाकिस्तान व आतंकियों के लिए लगातार कवर फायर कर रहे हैं। मुस्लिम तुष्टिकरण में अंधे इन दलों के नेताओं को यह नहीं पता कि जनता उनकी प्रत्येक गतिविधि को देख रही है। अपने नेताओं की बयानबाजी से चौतरफा घिरी कांग्रेस पार्टी ने जब तक अपने नेताओं को अनर्गल बयानबाजी से बचने का निर्देश दिया तब तक बहुत देर चुकी थी लेकिन फिर भी उसके नेताओं ने अपनी पार्टी का निर्देश लेने से इंकार दिया। अब भी कांग्रेस पार्टी और इनके पेड हैंडल्स के सोशल मीडिया एकाउंटस को देखा जाये तो वो आपत्तिजनक शब्दावली से भरे पड़े हैं। पाकिस्तान के खिलाफ कड़े कदम उठाने और आतंकवाद पर अंतिम प्रहार करने से पूर्व देश के अंदर छिपे हुए गद्दारों का बेनकाब होना अनिवार्य है फिर वह चाहे राजनैतिक दल हों, नेता हों या किसी अनाम गोपनीय संगठन का कोई भी सदस्य या यूटूबर्स आदि। पहलगाम में हुए आतंकी हमलों पर देश विरोधी टिप्पणी करने के आरोप में पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में अब तक 25 लोगों को हिरासत में लिया गया हैं। उत्तर प्रदेश में लोक गायिका नेहा सिंह पर एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तार किये लोगों में विधायक, पत्रकार, छात्र, एक वकील, एक महिला और सेवानिवृत्त शिक्षक शामिल हैं यह सभी लोग इंटरनेट मीडिया पर लगातार आपत्तिजनक पोस्ट कर रहे थे।भारत के हर राज्य और हर कोने में अभी भी हजारों की संख्या में देशविरोधी अराजक तत्व मौजूद हैं जिन पर भी निर्णायक कार्यवाही का यही समय है।

मृत्युंजय दीक्षित

भारतीय नृत्य संस्कृति की संसार ने हमेशा सराहना की

डॉ. रमेश ठाकुर

भारत में नृत्य कला हजारों साल पुरानी है। हमारे यहां नृत्य की एक नहीं, कई विधाएं हैं जिनमें कथकली, मोहिनीअट्टम, आडिसी, कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुडी व मणिपुरी प्रमुख हैं। इनके अलावा प्रदेश स्तरों पर भी किस्म-किस्म के नृत्य मौजूद हैं।

नृत्य दुनिया भर की संस्कृतियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृत्य एक कला भी है और शिक्षा भी। मानव शरीर को स्वस्थ रखने की साधना भी। आज 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' है जिसकी शुरुआत 29 अप्रैल 1982 से हुई थी। आज का ये खास दिन नृत्य कला के महान सुधारक जीन-जॉर्जेस नोवरे की जन्म स्मृति पर आधारित है। जहां तक भारतीय नृत्यों की बात है, दुनिया भर में हमेशा से मशहूर रहे हैं। भरतनाट्यम और कथक नृत्य का आज भी कोई जवाब नहीं। इंग्लैंड की महारानी हों, या पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो से लेकर कई देशों के प्रमुखों का पसंदीदा कथक नृत्य ही रहा। कथक नृत्य की वेशभूषा आज भी लोगों को आकर्षित करती है। आज का ये विशेष दिन यूनेस्को के अंतरराष्ट्रीय थिएटर इंस्टीट्यूट की अंतरराष्ट्रीय डांस कमेटी ने 29 अप्रैल को नृत्य दिवस के रूप में सर्वसम्मति से मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष-2023 में 'अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस' की थीम 'नृत्य-दुनिया के साथ संवाद करने का एक तरीका' थी।

भारत में नृत्य कला हजारों साल पुरानी है। हमारे यहां नृत्य की एक नहीं, कई विधाएं हैं जिनमें कथकली, मोहिनीअट्टम, आडिसी, कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुडी व मणिपुरी प्रमुख हैं। इनके अलावा प्रदेश स्तरों पर भी किस्म-किस्म के नृत्य मौजूद हैं। इसके अलावा आधुनिक समय में नृत्य के रंग रूप और प्रारूप एकदम बदल चुके हैं, जिसके उदाहरण टीवी पर आयोजित होने वाले डांस प्रतियोगिताएं हैं। जहां नृत्य का लेबल देखकर प्रतीत होता है कि पारंपरिक नृत्य विधाएं बहुत पीछे छूट गई है। इस दिवस के मकसद की जहां तक बात है, तो वैश्विक स्तर पर इसके महत्व के बारे में लोगों को जागरूकता करना, भागदौड़ भरी लाइव में नृत्य को शामिल करने की ललक पैदा करना, विभिन्न संस्कृतियों में नृत्य की भूमिका को दर्शाना और विशेष रूप से नृत्य कला के प्रति प्रशंसा व्यक्त करने के लिए महत्वपूर्ण क्षणों का प्रचार-प्रसार करना। ये दिवस करीब 200 देशों में आज मनाया जा रहा है। जहां, नृत्य प्रदर्शन, कार्यशालाएं, और शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। भारतीय नृत्यों को लेकर कई देशों ने रिसर्च किया। कुछ मत ऐसे भी हैं कि नृत्य का जन्म भारत से ही हुआ। जो प्राचीन मान्यताओं में भी बताई जाती हैं। करीब 2000 वर्ष पूर्व त्रेतायुग में देवताओं के अनुरोध पर भगवान ब्रह्मा ने नृत्य वेद तैयार किया था। तभी से दुनिया भर में नृत्य की उत्पत्ति हुई। भारत के लिए नृत्य सिर्फ कला ही नहीं, एक परंपरा, संस्कृति और धरोहर भी है। तभी भारत की तमाम रंगमंच संस्थाएं और नृत्य समितियां नृत्य दिवस को खास अंदाज से मनाती है। आज के दिन महान कलाकारों को सम्मान दिया जाता है और उनके योगदान पर विमर्श होता है। नृत्य के चिकित्सीय लाभ भी बहुतेरे हैं। डांस करने से फैट बहुत तेजी से घटता है। मात्र 30 मिनट के डांस में 150 कैलोरी तक फैट बर्न होता है। डांस से ब्रेन एक्टिव रहता है। चिकित्सक कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के मरीजों को डांस करना जरूरी बताते हैं। एक्सरसाइज से कहीं बेहतर डांस को बताया गया है। डांस से कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी कम होता है। नियमित डांस से शरीर की एनर्जी बढ़ती है और थकान जैसी समस्या भी छूतंमर होती है। डांस से भावनात्मक और मानसिक स्वास्थ्य में बहुत तेजी से सुधार होता है। भारत का एक बड़ा वर्ग इस क्षेत्र से जुड़ा है। देशभर में हजारों की संख्या में डांस अकेडमी संचालित हैं। प्रत्येक स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालयों में नृत्य के टीचर बच्चों को डांस का प्रशिक्षण देते हैं। राज्यों व केंद्र सरकार भी भरपूर संसाधन मुहैया कराते हैं।

सेहत मंत्र

खतरनाक रोग है काला अजार

काला अजार एक घातक संक्रमण है जो एक परजीवी के कारण होता है। कीट के काटने से यह एक व्यक्ति से दूसरे में फैल जाता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों की माने तो भारत में काला अजार के मरीजों की संख?या काफी ज?यादा है। भारत समेत यह हमारे पडोसी देशों जैसे- बांग्लादेश और नेपाल के कई हिस्सों में पाया जाता है। यह बीमारी ऐसे तबके पर ज?यादा आक्रमण करती है जो गरीब होते हैं और अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले होते हैं। काला अजार (वी एल) के लक्षणः इसके विशिष्ट नैदानिक लक्षण लंबे समय तक रहते हैं जिनमें अनियमित रूप से बुखार आता जाता रहता हैं। लेकिन ऐसा जरुरी नहीं कि किसी प्रकार की कठोरता या ठंड लगने जैसे लक्षण दिखे। इसके अन्य लक्षणों में एस्प्लेनोमेगले, लीम्फाडिनोपेथी, हेपाटोमेगले और प्रगतिशील एनीमिया हैं। ऐसे में कुछ रोगियों का वजन कम हो सकता है तथा हाइपरगामाग्लोब्युलिनेमिया के साथ हाइपोअल्ब्युनेमिया हो सकता है। इस बीमारी में भूख, पीलापन और वजन घटाने के कारण कमजोरी आती हैं। सूखी त्वचा, पतला होना, बालों का गिरना। इस बीमारी में पैर, पेट, चेहरे और हाथ की त्वचा का रंग हल्का हो जाता हैं। इसलिए इसे काला अजार यानी ''ब्लैक बुखार'' कहते है। इस बीमारी में रक्ताल्पता की भी समस्या आती है। कुछ रोगियों को अन्य दूसरी बीमारियों के साथ काला अजार भी हो जाता है। ऐसी स्थिति में काला अजार को पहचान पाना और भी मुश्किल हो जाता है। बच्चों को काला अजार अधिक प्रभावित करता हैं क्योंकि उनमें संक्रमण से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा क्षमता कम होती है रोग हर कोई है। अगर सही समय पर इसका इलाज नहीं किया गया तो इस बीमारी से मरीज की जान भी जा सकती है। काला अजार को अक्सर लोग मलेरिया, टाइफाइड या तपेदिक समझने की भूल कर बैठते हैं क्योंकि इनके लक्षण और बाकी रोगों के लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। काला आजार के कारणः काला अजार या आंत लीशमनियासिस एक घातक संक्रमण होता है जो परजीवी प्रोटोजोआ लीशमनिया डोनोवनी के कारण होता है। यह एक संक्रमित व्यक्ति से, संक्रमित स्त्री जाति की सेंड मक्खी के काटने से, दूसरे स्वस्थ व्यक्ति में फ़ैल सकता है जिसका नाम फ्लेबोटोमस अर्जेन्तिप्स है।

धर्म मंत्र

कैसे होती है मां महालक्ष्मी की उपासना

महालक्ष्मी माता लक्ष्मी का ही एक रूप हैं। वैसे तो प्रत्येक शुक्रवार को देवी की पूजा की जाती है, परंतु माता के महालक्ष्मी स्वरूप की पूजा के लिए हिंदू धर्म में कुछ विशेष अवधि होती है। कहते हैं कि देवशयनी एकादशी के बाद जब भगवान विष्णु चार माह के लिये विश्राम पर चले जाते हैं, तो इस दौरान माता लक्ष्मी ही पूरा संसार चलाती है। इसी अवधि में भाद्रपद शुक्ल अष्टमी से लेकर आश्विन कृष्ण अष्टमी तक वे धरती पर निवास करती हैं। इन 16 दिनों में माता महालक्ष्मी की पूजा होती है। पूजा का आरंभ में हल्दी से रंगे 16 गांठ का रक्षासूत्र को हाथ में बांधना होता है, और आखिरी दिन की पूजा के बाद इसे किसी नदी या सरोवर में विसर्जित कर दिया जाता है। 16वें दिन इस पूजा का उद्यापन किया जाता है। मां महालक्ष्मी की पूजा के लिए पहले पवित्र त्मिट्टी की मूर्ति चौक पर स्थापति करें। इसके बाद उनको लाल, गुलाबी या फिर पीले रंग का रेशमी वस्त्र पहनाएं। इस पूजा में देवी को कमल और गुलाब के फूल जरूरी चढ़ाएं, क्योंकि ये माता को अत्यंत प्रिय हैं। महालक्ष्मी की पूजा में पान, सुपारी, लौंग, इलायची, रोली, कुमकुम, धूप, कपूर और अगरबत्तियों का प्रयोग अनिवार्य है। साथ ही दुर्वा, चंदन और सिंदूर रखना भी न भूलें। सामर्थ्य के अनुसार पूजा में सोने या चांदी का कोई एक आभूषण भी शामिल कर सकते हैं। महालक्ष्मी की पूजा में माता के इन आठ नामों का जप करना अति उत्तम माना जाता है। ऊं आद्यलक्ष्म्यै नमः, ऊं विद्यालक्ष्म्यै नमः, ऊं सौभाग्यलक्ष्म्यै नमः, ऊं अमृतलक्ष्म्यै नमः, ऊं कामलक्ष्म्यै नमः, ऊं सत्यलक्ष्म्यै नमः, ऊं भोगलक्ष्म्यै नमः, ऊं योगलक्ष्म्यै नमः।

पर्यटन

ट्रैकिंग और पैराग्लाइडिंग के शौकीनों के लिए बेस्ट डेस्टिनेशन है साउथ इंडिया का वैल्लोर

भारत में ऐसी कई जगह हैं, जो घूमने-फिरने के मामले में विदेश की किसी जगह से कम नहीं हैं। आप यहां घूमकर विदेश जैसा अनुभव ले सकते हैं बल्कि भारत में ऐसी कई डेस्टिनेशन्स हैं, जिनकी तुलना विदेश से की जाती है। उन जगहों को मिनी स्विटजरलैंड, मिनी फ्रांस आदि जगहों से नवाजा जाता है। आज हम आपको बताने जा रहे हैं, भारत की एक खास जगह वैल्लोर के बारे में। जिसकी सुंदरता की वजह से उसे मिनी इंग्लैंड के नाम से जाना जाता है- आइए, जानते हैं वैल्लोर की खास बातें- मिनी इंग्लैंड भारत में: वैल्लोर को दक्षिण भारत के प्राचीनतम शहरों में से एक माना जाता है। यह शहर वैल्लोर किले के पास स्थित पलार नदी के किनारे बसा है। यह शहर चेन्नई और बैंगलोर तथा मंदिरों के शहर थिरुवन्नमलाई एवं तिरुपति के बीच स्थित है। तमिलनाडु के वेल्लोर जिले में 29 स्वोन्नयर किमी के क्षेत्र में फैला येलागिरि एक छोटा सा हिल स्टेशन है। बैंगलोर से 40 किमी दूर स्थित है औद्योगिक शहर होसूर। आजादी से पूर्व ब्रिटिया काल में होसूर को छोटा इंग्लैंड कहा जाता था। सालभर सुहावना मौसम होने के कारण इसका वातावरण इंग्लैंड से मिलता था। होसूर के दो प्रमुख पर्यटन स्थरल हैं राजाजी स्माइरक और प्रत्यानगिरि मंदिर। हरियाली के लिए मशहूरः छुट्टियों के लिए येलागिरी पहाड़ियां एक सुखद स्थान हैं। यहां हरी-भरी पहाड़ियां आपका स्वागत करती हैं। यह एक विलक्षण पहाड़ी स्थल है और तमिलनाडु के पहाड़ी स्थलों में से सबसे प्राचीन एवं प्रदूषणरहित है। येलागिरी पहाड़ियों का इलाका पिछड़ा हुआ है, जिसमें कॉटेज एवं फार्म हॉउस जैसी दिखने योग्य कुछ गिनेचुने विकास ही हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद इसने अपने ऊपर 'दूरस्थ' का ठप्पा लगा रखा है। पैराग्लाइडिंग प्वाइंट देशभर में मशहूरः यहां पर कई क्लब पैराग्लाइडिंग करवाते हैं। ये क्लमब तीन प्वा इंट पर 450 मीटर, 560 मीटर और 600 मीटर की ऊंचाई पर पैराग्लाइडिंग करवाते हैं। येलागिरि को पैराग्लाइडिंग के लिए लोकप्रिय बनाने के लिए यहां इंटरनेशनल पैराग्लाइडिंग फ़ेस्टिवल का आयोजन किया जाता है।

फर्जीवाड़े का आरोप निकला बेबुनियाद, जांच में सामने आई सच्चाई , प्रधान को क्लीन चिट

निजी हित पर द्वेष पूर्ण शिकायत , फर्जी मीडिया ट्रायल से भी बढ़ रही समस्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। मनरेगा कार्यों में फर्जी हाजिरी को लेकर लगाए गए गंभीर आरोप उस समय हवा हो गए जब जांच में सच्चाई सामने आ गई । ग्राम पंचायत बीबीपुर स्थित खाता तालाब (गाटा संख्या 428) पर मनरेगा के तहत हो रहे खुदाई कार्य को लेकर स्थानीय कुछ लोगों द्वारा फर्जीवाड़े की शिकायत की गई थी, जिसमें मजदूरों की बिना कार्य उपस्थिति दर्ज करने का आरोप लगाया गया था।शिकायत मिलते ही खंड विकास अधिकारी सिद्धौर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की। समिति में सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता), एपीओ समेत अन्य अधिकारियों को शामिल किया गया और मौके पर भेजा गया।

जांच टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां दर्जनों मनरेगा मजदूर खुदाई कार्य में जुटे मिले मौके की स्थिति शिकायत से पूरी तरह भिन्न पाई गई, जिससे स्पष्ट हुआ कि लगाए गए आरोप निराधार थे बेबुनियादी थे।इस घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीति में हलचल मचा दी है। अब सवाल उठ रहा है कि आखिर फर्जी शिकायत के पीछे उद्देश्य क्या था? क्या यह किसी व्यक्तिगत रंजिश का परिणाम था या क्षेत्रीय राजनीति का कोई दांव?खंड विकास अधिकारी ने बताया कि जांच निष्पक्ष रूप से कराई गई है और रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन अब फर्जी शिकायतकर्ताओं की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी में जुट गया है ।

मेधावी छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। मंगलवार को किसान इण्टर कालेज भगौली तीर्थ में बोर्ड परीक्षा 2025 के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ शैलेन्द्र कुमार एवं प्रबंधक महोदया द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में हाईस्कूल की अंशिका 89.5, कौशिकी सिंह 84, चांदनी देवी 82.3एवं झलक देवी 81, इसी प्रकार इण्टरमीडिएट व्यावसायिक वर्ग में छात्रा मान्सी देवी 84.6, मोहिनी देवी 82.7, गोल्डी देवी 81.7 प्रियंका 80.4 फीसदी तथा मानविकी वर्ग में छात्र आदिल आफताब 74.6 छात्रा सबाना बानो 71, अल्का वर्मा 69.8तथा रंजना 69.4 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ने अपने अभिभाषण में कहा कि जब तक अपने लक्ष्य की प्राप्ति न हो जायें तब तक अनवरत कड़ी मेहनत करते रहना चाहिए तथा सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान अभिभावक निहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। यूनियन इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया।कक्षा 10 में शिव प्रसाद 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए,अंजलि 90 और अंशिका 89फीहदी वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में रोशनी 80.50आकांक्षा यादव 80.4 और शिवराज 75.20 अंक प्राप्त उत्कृष्ट प्रदर्शन किला।प्रधानाचार्य डॉ कमलेश सिंह ने छात्रों को निरंतर प्रयास आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।उन्होंने छात्रों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का संचालन सुधाकर प्रसाद दीक्षित ने किया।इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रवक्ता संध्या श्रीवास्तव सहित अंतिम श्रीवास्तव भरत कुमार धर्मेंद्र कुमार पांडे सदानंद हरिओम सिंह व बलराम सिंह यादव आदि शिक्षक शामिल रहे।

बाढ़ से पूर्व तैयारियों की एक सप्ताह में बने कार्ययोजना : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाढ़ से बचाव कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

बाराबंकी,। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय फ्लड स्टीयरिंग कमेटी की बैठक मंगलवार को कलक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए परियोजनाओं के तहत चल रहे कार्यों को वर्षा के पूर्व पूर्ण कर लें। सरयू नदी (घाघरा), गोमती, कल्याणी और रेठ नदी सहित शहर के जमुरिया नाले से बाढ़ की समस्या से निपटने के लिये समय रहते आवश्यक कदम उठाए जाएं। राहत व बचाव सम्बन्धी सभी तैयारियां पूर्व में ही पूरी कर ली जाए। सबसे अधिक सरजू नदी का तटीय इलाका बाढ़ से प्रभावित होता है, इसके लिये सभी जरूरी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। वर्षा के दौरान किसी भी दशा में जलजमाव न होने पाए, इसकी तैयारी सभी खंड विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी अवश्य कर लेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ के दौरान संपर्क मार्ग, खाद्य सामग्री, पशुओं के भूसे चारे की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, पुलिस बल की तैनाती, पेयजल, बिजली आदि की तैयारी संबंधित अधिकारी पूर्ण कर लें, जिससे बाढ़ के समय किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह ने बताया आगामी बाढ़ को देखते हुए समस्त तैयारियों को पूर्ण किए जाने के संबंध में बैठक की जा रही है। सरयू (घाघरा)नदी के तटों पर बांध एवं कटाव निरोधक कार्य निर्मित हैं। उन्होंने बताया बाढ़ कंट्रोल रूम की स्थापना, कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी, बाढ़ समितियों का गठन, अतिसंवेदनशील स्थलों की संख्या एवं चिह्नीकरण, गेटों के मरम्मत आदि कार्य, बंधों पर रैन बसेरे, बाढ़ चौकी की स्थिति एवं रिजर्व स्टाफ की स्थिति आदि की तैयारी बाढ़ के पूर्व कर ली जाए। इसके अलावा रेठ और कल्याणी नदी के साथ ही शहर में जमुरिया नाला है जिन पर बाढ़ सम्बन्धी सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये।

सरयू नदी के कटान वाले स्थानों पर तटबन्ध को मजबूत करने के दिये निर्देश*

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित बाढ़ खंड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरजू नदी(घाघरा) के कटान वाले स्थानों हेतमापुर, बबुरी, सुन्दरनगर सहित सभी बाढ़ प्रभावित गांवों के निकट बने तटबन्ध को समय रहते मजबूत कर लिया जाए।

नावों और गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बाढ़ पूर्व तैयारी के बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि पर्याप्त संख्या में सरकारी व प्राइवेट नावों और स्थानीय गोताखोरों की व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित करा ली जाए। मरम्मत योग्य नावों की समय पर मरम्मत करा ली जाए।

पशुओं का शतप्रतिशत टीकाकरण और उनके चारे की व्यवस्था के दिये निर्देश

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ क्षेत्र सहित पूरे जनपद में पशुओं के टीकाकरण सहित बाढ़ के समय उनके लिये चारे भूसे आदि की व्यवस्था पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाए।

स्वास्थ्य सेवाओं की रहे चाकचौबंद व्यवस्था

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग अपनी सभी जरूरी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ले। इसके लिये पूर्व में ही तैयारी की कार्ययोजना बना ली जाए जिससे लोगों को इस बार बेहतर चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध हो सके।

राहत चौपाल आयोजित करने के दिये निर्देश

अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में जहाँ-जहाँ आवश्यकता हो वहाँ पर सम्बंधित अधिकारियों द्वारा राहत चौपाल लगाई जाए, लोगों को जागरूक किया जाए। उनकी विभिन्न मूलभूत जरूरतों व सुविधाओं की पूर्ति हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

एक सप्ताह में कार्ययोजना बनाने के दिये निर्देश

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बैठक के दौरान सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से सम्बंधित बाढ़ पूर्व की तैयारियों की कार्ययोजना एक सप्ताह में बना ले जिससे समय रहते उस पर कार्य किया जा सके। बैठक में सम्बंधित विभाग के अनुपस्थित अधिकारियों पर जिलाधिकारी ने कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, प्रशिक्षु आईएएस तेजस के, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जागरूकता गोष्ठी बहुआयामी लाभों पर चर्चा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोठी के रामदीन पुरवा स्थिति बी पैक्स कोठी पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता बाराबंकी अध्यक्षता में आयोजित कृषक जागरुकता में सहायक आयुक्त लोकेश त्रिपाठी एवं सहायक निबंधक सहकारिता द्वारा समिति के बहुउद्देशीय ढांचे के अंतर्गत समिति द्वारा किए जाने वाले बहुआयामी व्यवसायों के माध्यम से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई ।बैठक में स्वामी दयाल वर्मा, राम तीर्थ वर्मा, पंकज वर्मा,व एडीओ कोऑपरेटिव शैलेंद्र कुमार, एडीओ कृषि राजेन्द्र चौरसिया,व साधन सहकारी समिति के सचिव प्रदीप वर्मा,पवन वर्मा, अनिल कुमार, रमाकांत आदि मौजूद रहे।

सीज किए जाने के बाद भी संचालित होता पाया गया विद्यालय , पुनः कार्रवाई

मसौली,बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बगैर मान्यता के संचालित पैरामाउंट इंटर कालेज उधौली को सीज़ किये जाने के बाद भी संचालन पाये जाने पर राजकीय इंटर कालेज अहमदपुर के प्रधानाचार्य नोडल अधिकारी विजय गुप्ता व खण्ड शिक्षा अधिकारी मसौली फिजा मिर्ज़ा ने पुनः कॉलेज को सील किया गया। जांच टीम के द्वारा विद्यालय से सम्बन्धित अभिलेख मांगे जाने पर विद्यालय में कार्यरत कार्मिकों द्वारा कोई भी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये। खण्ड शिक्षा अधिकारी फिजा मिर्ज़ा ने बताया कि निरीक्षण के समय कक्षा 10 में अमन, रवि, चंदन, उमेश, विशाल, दिव्या, शमा आदि बच्चे, कक्षा 09 में अंशिका गुप्ता, काजल आदि बच्चे, कक्षा 11 में करन विश्वकर्मा, सौरभ वर्मा आदि बच्चे अध्ययनरत मिले जब बच्चों से पूछा गया तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वह सभी आधुनिक इंटर कॉलेज कोटवा सड़क विकास खण्ड बनीकोडर में नामांकित हैं।

डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। मंगलवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त रुप से जिला कारागार बाराबंकी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक द्वारा जिलाकारागार की बैरकों, जेल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे, वीडियो कान्फ्रेंसिंग रूम आदि की सघन चेकिंग की गई। इसके साथ ही कारागार परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन व्यवस्था तथा चिकित्सा सेवाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। अधिकारी द्वय ने रसोईघर, बंदी बैरक, अस्पताल कक्ष, बंदी शाला आदि का स्थलीय निरीक्षण किया।

इस अवसर पर बंदियों से संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार संचालित हों तथा बंदियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो वर्तमान समय गर्मी को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाए। निरीक्षण के दौरान बन्दियों से मिलने आने वाले व्यक्तियों के सम्बन्ध में जानकारी की गई।

निरीक्षण के अंत में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सुधारात्मक उपायों हेतु सुझाव भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक श्री कुंदन कुमार, प्रशिक्षु आईएएस श्री तेजस के.,जेलर श्री जे.पी.तिवारी सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

पारुल करेंगी पुलिस सेवा प्रसन्नता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के मलिहामऊ ग्राम की बेटी पारूल शुक्ला ने पहले ही प्रयास में उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही पद की परीक्षा उत्तीर्ण कर गांव और परिवार का नाम रोशन किया है।पारूल समाजसेवी राजू शुक्ला की छोटी पुत्री हैं वर्तमान में वह डीएलएड कर रही थीं और ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से पुलिस भर्ती की तैयारी की।अपनी सफलता का श्रेय पारूल ने माता पिता और परिवार को दिया है।गांव में बिटिया की सफलता से खुशी का माहौल है।

महादेवा कारिडोर योजना तहसील प्रशासन के लिए वरदान ,अवैध निर्माण जारी अपात्रों पर धन वर्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरव कुमार रावत
विधायक
269 जैदपुर, बाराबंकी
ख-6 № 841979

पत्रांक ...2352 दिनांक 26/04/2025

जिलाधिकारी
बाराबंकी

अवगत कराना है कि आज कल गर्मी का तापमान अधिक होने की वजह से प्रचंड गर्मी का प्रकोप समूचे प्रदेश में है। जिससे हमारे जनपद बाराबंकी में भी गर्मी का कहर जारी है। इस गर्मी में छोटे-छोटे बच्चे जो स्कूल जाते है स्कूल का समय अधिक होने की वजह से उनकी हालत खराब हो जाती है।

कृपया जनपद के सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों का समय 7:30 से 12:30 तक कराने का कष्ट करे और अपने उक्त आदेश का सख्ती से पालन कराने का कष्ट करें।

धन्यवाद-

गौरव कुमार रावत
विधायक
269 जैदपुर, बाराबंकी

बाराबंकी। जनपद बाराबंकी के तहसील रामनगर स्थित उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध तीर्थ महादेवा के भव्यता और विकास के लिए कृत संकल्प योगी सरकार द्वारा 49 करोड़ की और मंजूरी और कॉरिडोर क्षेत्रफल में बढ़ोतरी से शिव भक्तों में अत्यंत प्रसन्नता है। तो वहीं अवसर लाभ के महारथी तहसील कार्मिकों की गतिविधियां निज स्वार्थ में परवान चढ़ी है। बताते हैं कि क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो स्थानीय लोगों को कॉरिडोर एरिया बढ़ोतरी की बात बता कर उन्हें अधिक मुआवजा राशि लेने के लिए दीवारें व मकान आदि निर्माण करने की योजना बता रहे हैं।

परिणाम स्वरूप जो लोग मडैया रख कर रह रहे थे और साल भर से जो सहमें बैठे थे उन्होंने नव निर्माण शुरू कर दिया है। जिनके पास धन नहीं है वह भी उधार व्यवहार काढ कर निर्माण कराने लगे हैं। ग्रामवासी सूत्रों की माने तो क्षेत्रीय लेखपाल की संलिप्तता और दलालों की सक्रियता से यह गोरखधंधा परवान चढ़ा है। श्रम विभाग की मौन स्वीकृति भी यहां कम आश्चर्जनक नहीं।

तहसील प्रशासन और अवसर

महादेवा कॉरिडोर के लिए प्रस्तावित एवं अधिग्रहण वाले क्षेत्र में नवनिर्माण युद्ध स्तर पर प्रारंभ है। आबादी और सार्वजनिक भूमि पर भी निर्माण में लोग आगे आए हैं यहां तक कि लोग तालाब भूमि को भी हथियानें में पीछे नहीं। लेखपाल व यहां के अवसरवादियों में साठगांठ चर्चा का विषय बनी है। कहते हैं तीर्थ का विकास जब तब होगा फिलहाल तहसील कार्मिकों का मालामाल होना अवश्यसंभावी। बताते हैं कि तहसील प्रशासन जिस पर मेहरबान हुआ सूची में अंकित धनराशि से अधिक मुआवजा धनराशि उसे मिली। संस्कृत पाठशाला का मुआवजा इसका प्रमाण है, हालांकि मठ/मंदिर के रिसीवर की शिकायत पर अवैध बैनामा के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई।

''डीएम के तबादला पश्चात बढ़ी निरंकुशता''

जिलाधिकारी रहे सत्येंद्र कुमार के तबादला पश्चात तहसील अधिकारी बिल्कुल बेलगाम हुए। महादेवा स्थित एक तालाब के पतट्टाधारी ने लेखपाल की साठगांठ से तालाब भूमि पर बनाया गया मकान बेच लिया। अब जब कॉरिडोर का परिक्षेत्र बढ़ा तो वही पट्टाधारी फिर से तालाब भूमि पर नया मकान बनाने लगा। तालाब भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत हुई लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात।

स्थानीय क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा जिस अवैध निर्माण की शिकायत जनता दर्शन में जिलाधिकारी से की गई, तहसील प्रशासन की मेहरबानी कहे या साठगांठ कि उस अवैध कब्जेदार को लोक निर्माण विभाग ने 12 लाख से अधिक मुआवजा दे डाला। क्षेत्र पंचायत सदस्य सतीश यादव कहते हैं कि तीर्थ का विकास जब तब होगा वर्षों बाद लोग रोजगार पाएंगे, लेकिन तहसील कर्मियों का विकास तो तत्काल ही हो रहा है।

महादेवा तीर्थ, तालाब अतिक्रमित , हुई जनहित याचिका

महादेवा मठ मंदिर की मान सम्मान एवं संपत्ति पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर शिव भक्तों द्वारा जनहित याचिका भी की गई।शिवार्चन तालाब पर दूसरे समुदाय के व्यक्ति द्वारा कंाप्लेक्स निर्माण की रपट तहसील प्रशासन द्वारा उच्च न्यायालय में प्रस्तुत की गई। एसडीएम द्वारा कोर्ट में अंडरटेकिंग भी दी ! करेंसी प्रभाव की उस असामाजिक तत्व द्अवारा अवैध निर्माण पर रोक थाम नहीं की गई। अंततः अवैध निर्माण के प्रमाण जब उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुए तो डीएम,एसडीएम व एस.एच.ओ तथा निर्माण कर्ता रियाज, न्यायालय की अमानना के भागीदार बनें। लोधेश्वर महादेवा शुश्रूषा ट्रस्ट के महंत बी.पी दास के मुताबिक अवमानना प्रकरण उच्च न्यायालय में अभी भी जीवंत है। महंत जी के साथ ही अन्य तमाम शिव भक्तों द्वारा शिवार्चन तालाब पर प्रतिक्रमण को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। परंतु तहसील प्रशासन के कंान पर जूं नहीं रेंगा। सुखद प्रकरण गर्माया और इसी बीच गौरक्ष पीठाधीश्वर सीएम योगी आदित्यनाथ जी महाराज बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री वितरण करने रामनगर महादेवा आ गए! उनके करीबी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने विषय-वस्तु से उनको अवगत कराया और तभी बनी महादेवा कॉरिडोर की प्रस्तावना। बीते वर्ष डीएम रहे सत्येंद्र कुमार के अद्वितीय प्रयास से संसदीय चुनाव में आचार संहिता प्रभावी होने के एक दिन पूर्व महादेवा कॉरिडोर की मंजूरी मिली। चालू वित्तीय वर्ष 31 मार्च को महादेवा कॉरिडोर योजना को विस्तृत रूप मिला और? मंजूरी के साथ 49 करोड़ और स्वीकृत हुए। मंत्री सतीश शर्मा का सराहनीय प्रयास की कॉरिडोर अंचल को भव्यता की भी स्वीकृति मिली। अब जब कॉरिडोर क्षेत्र सीमा बढ़ाया जाना है, अवसर का लाभ भुनाने में राजस्व कर्मी भला क्यों पीछे रहें। और फिर शुरू हो गया सार्वजनिक मार्ग व तालाब भूमि पर अवैधानिक निर्माण का सिलसिला।

यहां काबिलेगौर यह है कि उच्च न्यायालय द्वारा पीआईएल 509 में तहत अतिक्रमण के विरुद्ध पारित आदेश,तहसील प्रशासन के लिए लाभ का जरिया बना है ।

ज्वलंत प्रमाण है महंत मठ की बाग में बने दो दर्जन से अधिक गैर हिन्दूओं के मकान प्रतिष्ठान।सार्वजनिक मार्ग एवं मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जाधारियों को तहसील प्रशासन द्वारा दिल खोलकर मुआवजा से उपकृत किया जा रहा है। शिवभक्त याची वरुण सिंह,व शिवभक्त अजय कुमार बताते हैं कि मंदिर के आसपास कई लोगों के भवन मकान जो कॉरिडोर सीमा में है,तहसील कर्मियों द्वारा उन्हें चिन्हित नहीं किया गया है अब इसके पीछे की मंशा तो तहसील कर्मी ही अच्छे से बता सकते हैं लेकिन चर्चा यह है कि कॉरिडोर के भविष्य में यह लोग बड़ी समस्या बनकर खड़े होंने वाले हैं ?

टेनिस में विविधता बढ़ाने के लिए यूएसटीए और एटीए की नई पहल, ब्लैक खिलाड़ियों को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी

नई दिल्ली। संयुक्त राज्य टेनिस संघ (यूएसटीए) और अमेरिकन टेनिस एसोसिएशन (एटीए) ने सोमवार को टेनिस में विविधता बढ़ाने के उद्देश्य से एक नई पहल की घोषणा की, जिसका मुख्य फोकस खेल में ब्लैक (अश्वेत) प्रतिनिधित्व को बढ़ाना है। टेनिस को लंबे समय से एक श्वेत-प्रधान खेल के रूप में देखा जाता रहा है, और अब तक सिर्फ दो ब्लैक पुरुष खिलाड़ी – आर्थर ऐश और यानिक नोआ – ही किसी ग्रैंड स्लैम खिताब को जीत सके हैं। यहां तक कि शीर्ष स्तर पर भी अश्वेत खिलाड़ियों को भेदभाव और उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।

यूएसटीए की चीफ डाइवर्सिटी, इक्विटी एंड इंक्लूजन ऑफिसर, मारिसा ग्रिम्स ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ल्हम एटीए के साथ अपने संबंधों को औपचारिक रूप देने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। एटीए ने ऐतिहासिक रूप से टेनिस को अधिक समावेशी और विविधतापूर्ण बनाने में अहम भूमिका निभाई है।ङ्क

एटीए की स्थापना 1916 में उस समय हुई थी जब यूएसटीए के पूर्ववर्ती संगठन, यूनाइटेड स्टेट्स लॉन टेनिस एसोसिएशन ने अश्वेत खिलाड़ियों को संगठित टूर्नामेंटों में श्वेत खिलाड़ियों के साथ खेलने से रोक दिया था।

यह साझेदारी एक ऐतिहासिक समय के साथ मेल खा रही है – 1950 में अल्थिया गिब्सन द्वारा रंगभेद की दीवार तोड़ते हुए यूएस नेशनल चैंपियनशिप (अब यूएस ओपन) में खेलने की 75वीं वर्षगांठ। इसके साथ ही यह आर्थर ऐश के 1975 में विंबलडन जीतने की 50वीं वर्षगांठ भी है – वह ऐसा करने वाले पहले और अब तक के एकमात्र अफ्रीकी-अमेरिकी पुरुष खिलाड़ी हैं।

एटीए अध्यक्ष रॉबर्ट फोस्टर ने कहा, ल्हजैसा कि अल्थिया ने एक बार कहा था – 'आप चाहे जितनी भी उपलब्धियां हासिल करें, किसी न किसी ने आपकी मदद की होती है।' यूएसटीए के साथ यह साझेदारी हमें एटीए के बारे में जागरूकता बढ़ाने, हमारे ब्रांड को आगे लाने और टेनिस समुदाय को फैलाने में मदद करेगी।ङ्क

इस पहल के तहत जूनियर स्तर से लेकर पेशेवर खिलाड़ियों और कोचों तक के लिए एक मेंटरशिप प्रोग्राम शुरू किया जाएगा ताकि विविध पृष्ठभूमियों से आने वाले खिलाड़ियों को बेहतर मौके मिल सकें।

यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका में डाइवर्सिटी, इक्विटी और इंक्लूजन (डीइआई) से जुड़ी पहलों पर राजनीतिक हमला हो रहा है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐसे कई कार्यकारी आदेश जारी किए हैं जो डीइआई कार्यक्रमों को खत्म करने की दिशा में हैं, चाहे वह संघीय सरकार हो या निजी क्षेत्र। ट्रंप और उनके समर्थकों का मानना है कि डीइआई कार्यक्रम श्वेत लोगों और पुरुषों के साथ भेदभाव करते हैं और योग्यता के महत्व को कम करते हैं। वहीं डीइआई समर्थकों का कहना है कि यह पहल दशकों से हाशिए पर रही आबादी के खिलाफ हुए अन्याय को दूर करने के लिए जरूरी हैं।

डोपिंग के कारण दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन मैक्स पर्सेल पर लगा 18 महीने का बैन

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के दो बार के ग्रैंड स्लैम डबल्स चैंपियन मैक्स पर्सेल पर एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन के चलते 18 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। यह मामला किसी प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का नहीं, बल्कि ''निषिद्ध प्रक्रिया'' के तहत आया है।

इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पर्सेल ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने अनजाने में 100 मिलीलीटर की निर्धारित सीमा से अधिक विटामिन की आईवी ड्रिप ली थी। नियमों के अनुसार 12 घंटे की अवधि में 100 मिली से अधिक का ऋठ्ठ इन्फ्यूजन प्रतिबंधित है। पर्सेल ने बताया कि उन्होंने क्लिनिक को सूचित किया था कि वे प्रोफ़ेशनल एथलीट हैं और यह इन्फ्यूजन तय मात्रा से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन फिर भी उन्हें दो बार 500 मिली से अधिक का इन्फ्यूजन दिया गया।

आईटीआईए के अनुसार पर्सेल ने जांच में पूरा सहयोग किया और सभी जानकारियां साझा कीं। इसी कारण उनकी सजा में 25 प्रतिशत की छूट दी गई। आईटीआईए की सीइओ कैरेन मूरहाउस ने कहा, ''यह मामला यह दिखाता है कि डोपिंग नियम सिर्फ प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह व्यापक दायरे को कवर करते हैं। मैक्स पर्सेल को दिसंबर, 2023 में ही अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया गया था। अब उनकी आधिकारिक सजा 11 जून, 2026 तक मानी गई है। इस दौरान वे किसी भी टेनिस टूर्नामेंट में खेलने, कोचिंग देने या उपस्थित रहने के लिए अयोग्य रहेंगे।

आगे बढ़ने और आगामी मुकाबलों पर ध्यान देने की जरूरत: हर्षित राणा

एजेंसी

नई दिल्ली । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज़ गेंदबाज़ हर्षित राणा ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुक़ाबले से पहले टीम के दोबारा जीत की राह पर लौटने का विश्वास जताया है। सोमवार को मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राणा ने हालिया हार को भुलाकर भविष्य की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

हर्षित राणा ने कहा, ''जितना हम अपने पिछले दो मुकाबलों के परिणामों को पीछे छोड़ेंगे, हमारे लिए उतना ही बेहतर रहेगा। अगर हम उन हारों को लेकर ज्यादा सोचेंगे तो टीम का मनोबल प्रभावित हो सकता है। हमें अब आगे के सभी मैच जीतने का लक्ष्य रखना है।''

दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम की सतह को लेकर राणा ने कहा, ''यहां आमतौर पर उछाल कम होता है। पिछली भिड़ंत में भी देखने को मिला कि गेंद धीमी हो रही थी और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के गेंदबाजों ने इसका लाभ उठाया।''

उन्होंने कहा कि सफल होने के लिए ज़रूरी है कि टीम जल्द से जल्द खेल क्षेत्र की प्रकृति को समझे और उसी के अनुसार रणनीति बनाए।

हर्षित ने कोलकाता के भारतीय गेंदबाज़ी दल की तारीफ करते हुए कहा, ''हमारा भारतीय गेंदबाज़ी दल बेहद मजबूत है। किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान हमारी गेंदबाज़ी काफी प्रभावी रही है।''

अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए राणा ने कहा कि वे इस सत्र में और बेहतर करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, ''रिवर्स स्विंग अब बहुत अहम हो गया है। इसके अलावा, अब हम फिर से गेंद पर लार (सलाइवा) का उपयोग कर सकते हैं, जिससे अंतिम ओवरों में गेंदबाज़ी करना आसान हुआ है।''

टीम के सहयोगी दल की सराहना करते हुए राणा ने विशेष रूप से सहायक प्रशिक्षक अभिषेक नायर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ''अभिषेक नायर क्रिकेट को गहराई से समझते हैं और भारतीय खिलाड़ियों की मानसिकता से भली-भांति परिचित हैं। उनकी मौजूदगी ने मेरे खेल में भी सकारात्मक बदलाव लाया है।'' कोलकाता नाइट राइडर्स ने अब तक इस सत्र में नौ मुकाबले खेले हैं, जिनमें से उन्हें तीन में जीत मिली है। उनका पिछला मुक़ाबला पंजाब किंग्स के खिलाफ वर्षा के कारण रद्द हो गया था। अब टीम दिल्ली कैपिटल्स के विरुद्ध मजबूत वापसी की उम्मीद कर रही है, जो नौ मैचों में 12 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद है।

भारत में फुटबॉल को मिलेगा नया बूस्ट, प्रीमियर लीग मुंबई में खोलेगा ऑफिस

एजेंसी

मुंबई। इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ने भारत में अपनी मौजूदगी को औपचारिक रूप देते हुए मुंबई में नया ऑफिस खोलने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य भारतीय फैन्स के साथ जुड़ाव बढ़ाना, ग्रासरूट फुटबॉल को प्रमोट करना और देश में फुटबॉल के समग्र विकास में योगदान देना है।

भारत में यह ऑफिस प्रीमियर लीग की वैश्विक विस्तार योजना का हिस्सा है। इससे पहले 2019 में सिंगापुर, 2023 में न्यूयॉर्क और 2024 में बीजिंग में भी ऑफिस खोले जा चुके हैं। मुंबई ऑफिस का उद्घाटन इस रणनीति में एक अहम माइलस्टोन माना जा रहा है। यह नया ऑफिस प्रीमियर लीग को भारतीय फैन्स, ब्रॉडकास्ट पार्टनर्स और स्थानीय फुटबॉल बॉडीज़ के साथ ज्यादा करीबी से काम करने में सक्षम बनाएगा। खासतौर से जियोस्टार जैसे ब्रॉडकास्ट पार्टनर्स के साथ मिलकर लीग, इवेंट्स और पार्टनरशिप एक्टिविटीज़ के ज़रिए फैन्स के अनुभव को और गहरा बनाएगी।

प्रीमियर लीग 2007 से 'प्रीमियर स्किल्स' प्रोग्राम के माध्यम से भारत में फुटबॉल डेवलपमेंट से जुड़ी हुई है। ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम के जरिए अब तक 18 राज्यों में 7,300 से ज्यादा कोच, रेफरी और फुटबॉल एजुकेटर्स को ट्रेन किया गया है, जिससे 1.24 लाख से अधिक युवाओं को लाभ मिला है। 2014 से प्रीमियर लीग और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की साझेदारी कई अहम पहलुओं गवर्नेंस, यूथ डेवलपमेंट और कोचिंग ट्रेनिंग पर केंद्रित रही है। 2019 में शुरू हुआ 'नेक्स्ट जेन कप' इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अंतरराष्ट्रीय यूथ टूर्नामेंट का छठा संस्करण मई 2025 में मुंबई में आयोजित होगा, जिसमें आईएसएल की यूथ टीमें प्रीमियर लीग क्लबों की अंडर-19 टीमों से भिड़ेंगी।

प्रीमियर लीग के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड मास्टर्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ल्हभारत में हमारा एक शानदार और समझदार फैन्स बेस है। यहां पर हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को यह ऑफिस और मजबूत करेगा। हम इस क्षेत्र में संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं और इस पहल से भारतीय फुटबॉल में सार्थक योगदान देने की उम्मीद रखते हैं।

ग्रांड चेस टूर पोलैंड रैपिड: चिथंबरम और प्रज्ञानानंद ने तीसरे दिन चमक बिखेरी

एजेंसी

नई दिल्ली। पोलैंड में जारी ग्रांड चेस टूरः सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट के तीसरे दिन सोमवार को भारत के अरविंद चिथंबरम और आर. प्रज्ञानानंद ने शानदार प्रदर्शन किया।

अरविंद चिथंबरम ने दूसरे दिन की शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए आज सातवें और नौवें राउंड में जान-क्रिज़टोफ़ डूडा और अलीरेज़ा फिरोजजा को हराया। इस जीत के साथ वह अंकतालिका में दूसरे स्थान पर पहुँच गए हैं। चिथंबरम ने अब तक चार मुकाबले जीते हैं, हालांकि दो मुकाबलों में उन्हें हार का सामना भी करना पड़ा है।

वहीं प्रज्ञानानंद ने दूसरे दिन के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए डेविड गव्रिलेस्कु और डूडा के खिलाफ लगातार दो जीत दर्ज कीं। उनके इस प्रदर्शन ने उन्हें अंकतालिका में चौथे स्थान पर पहुंचा दिया है। खास बात यह रही कि तेज चालों वाले मुकाबलों में उनकी सटीकता ने उन्हें बढ़त दिलाई। रूस के व्लादिमीर फ़ेडोसीव अब भी शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। हालांकि उन्होंने केवल दो मुकाबले जीते हैं, लेकिन उनकी पिछली छह बाजियाँ ड्रॉ रही हैं। दूसरी ओर, वेसलिन टोपालोव सबसे निचले पायदान पर हैं, जो अब तक छह हार के साथ केवल पांच अंक ही जुटा सके हैं। रैपिड राउंड के समापन के बाद अब आज से ब्लिट्ज मुकाबले शुरू होंगे। मैग्नस कार्लसन की अनुपस्थिति के चलते खिताब की दौड़ खुली हुई है, और चिथंबरम व प्रज्ञानानंद दोनों भारतीय खिलाड़ी मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि 1,75,000 अमेरिकी डॉलर है, और इसका प्रदर्शन पूरे ग्रांड चेस टूर सीजन की फाइनल रैंकिंग पर भी प्रभाव डालेगा।

तेजी से चालें चलने में माहिर प्रज्ञानानंद, जिन्होंने इस साल टाटा स्टील मास्टर्स खिताब जीतते हुए विश्व चैंपियन डी. गुकेश को भी हराया था, एक बार फिर प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरे उतरने की कोशिश करेंगे। चिथंबरम ने प्राग मास्टर्स खिताब जीतकर यहां वाइल्डकार्ड एंट्री पाई थी और अब वे अपने जबरदस्त फॉर्म से सबका ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

आईपीएल 2025: 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी का आया तूफान, बना डाले कई रिकॉर्ड

नई दिल्ली।राजस्थान रॉयल्स के नन्हे सितारे वैभव सूर्यवंशी ने महज 14 साल की उम्र में आईपीएल रिकॉर्ड बुक्स को हिला कर रख दिया। 38 गेंदों पर धमाकेदार 101 रन बनाकर उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किए। आइए डालते हैं एक नजर इस ऐतिहासिक पारी पर- वैभव सूर्यवंशी ने 35 गेंदों में शतक पूरा कर आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। इससे पहले केवल क्रिस गेल (30 गेंद) ने 2013 में ऐसा कारनामा किया था। सूर्यवंशी ने युसुफ पठान (37 गेंद, 2010) का रिकॉर्ड तोड़कर सबसे तेज भारतीय आईपीएल शतक का नया इतिहास रच दिया।

तेजतर्रार आईपीएल शतकः क्रिस गेल - 30 गेंद वैभव सूर्यवंशी - 35 गेंद युसुफ पठान - 37 गेंद सबसे कम उम्र में टी20 और प्रोफ़ेशनल क्रिकेट में शतक सिर्फ आईपीएल ही नहीं, बल्कि पूरी प्रोफ़ेशनल क्रिकेट में भी वैभव सूर्यवंशी सबसे कम उम्र (14 साल 32 दिन) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य परियोजना प्रबन्धक, गतिशक्ति, उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा (दोहरी पैकेट प्रणाली), जिसकी बंद होने की तिथि दिनांक **05.06.2025** को 11:30 बजे तक है, आमंत्रित की जाती है।

1	**निविदा सूचना संख्या**	01-DyCE-GSU-LKO-2025-26 दिनांक 28–04–2025		
2	**निविदा संख्या**	01-DyCE-GSU-LKO-2025-26		
3	**कार्य का नामः** गति शक्ति इकाई, उत्तर रेलवे, लखनऊ की परियोजनाओं के लिये सामान्य परामर्शदाता (GC) की नियुक्ति।			
4	**अनुमानित लागत**	रू0 3,75,16,227.66	5 **धरोहर राशि**	रू0 3,37,600.00
6	**कार्य की समापन अवधि**	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह।		
7	**निविदा डालने का प्रारंभ**	22.05.2025		
8	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**	05.06.2025 11:30 बजे		
9	**बेबसाईट**	www.ireps.gov.in		

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1260/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **21.05.2025 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	**निविदा सूचना संख्या**	04702025 दिनांक 29.04.2025
2	**निविदा संख्या**	05-Sr.DEN-II-LKO/2025-26
3	**कार्य का नाम**	प्रतापगढ़ लखनऊ खंड पर–रायबरेली–एलसी नंबर/99सी किमी) (931.082, /123सी (962.32 किमी),/165सी किमी) (1012.167, /166सी (1012.854 किमी) और /167सी किमी) (1014.341 के बदले आरयूबी का प्रावधान।
4	**अनुमानित लागत**	रु. 24,41,30,022.75
5	**धरोहर राशि**	रु. 13,70,700.00
6	**कार्य की समापन अवधि**	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 15 माह
7	**निविदा डालने का प्रारंभ**	07.05.2025
8	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**	21.05.2025 को 15:00 बजे
9	**वेबसाईट**	www.ireps.gov.in

नोटः– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1259/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

डीडीसी सुरेश शर्मा ने युवाओं को बांटी क्रिकेट, वॉलीबॉल किट्स, कहा–सामाजिक कुरीतियों से रहें कोसों दूर

अखनूर। भाजपा नेता एवं जिला विकास परिषद के सदस्य पंडित सुरेश शर्मा ने ब्लॉक मैरा मांदरेया की पंचायत बड़ूई, नरडी, मैरा मांदरेया, बलगाडा, गराटल, कठार, कयूर के युवाओं को क्रिकेट किट्स और वॉलीबॉल किट्स वितरण की। इसमें बड़ूई क्रिकेट टीम और वॉलीबॉल टीम, संगानी क्रिकेट टीम और वॉलीबॉल टीम, टरगाह क्रिकेट टीम, नरडी क्रिकेट टीम और मैरा मांदरेया क्रिकेट टीम, मुंद वॉलीबॉल टीम, कठार और धडा अरधान क्रिकेट टीम, धडा वॉलीबॉल टीम, कयूर क्रिकेट टीम इत्यादि शामिल रहे जिनको सुरेश शर्मा ने खेलकूद का सामान वितरण किया। यह खेलकूद का सामान सुरेश शर्मा ने अपनी जिला विकास परिषद निधी राशि से पिछले साल देने की घोषणा की थी। इसी के चलते ब्लॉक मैरा मांदरेया और चौकी चौरा की हर एक पंचायत में युवाओं को इसी तरह से खेलकूद का सामान दिया जा रहा है।

भारत–अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता प्रगति की ओर

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों की वाशिंगटन में बैठक हुई है। इसमें द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी वार्ता पर चर्चा हुई है जिसमें सकारात्मक प्रगति है। टीम ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को पूरा करने के उपायों पर चर्चा की, जिसमें शुरुआती पारस्परिक लाभप्रद अवसर भी शामिल हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने आज इसकी जानकारी दी है।

मंत्रालय के अनुसार भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चल रही चर्चाओं के हिस्से के रूप में भारत के वाणिज्य विभाग और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के प्रतिनिधियों ने 23 से 25 अप्रैल तक वाशिंगटन, डी.सी. में मुलाकात की। नई दिल्ली में मार्च, 2025 में आयोजित द्विपक्षीय चर्चाओं के बाद यह बैठक हुई थी।

वाशिंगटन, डी.सी. में बैठकों के दौरान, टीम ने टैरिफ और गैर-टैरिफ मामलों को कवर करने वाले व्यापक विषयों पर लाभदायक चर्चा की। यह ध्यान देने योग्य बात है कि वर्चुअल तौर पर क्षेत्रवार विशेषज्ञ स्तर की बैठकें लाभदायक रही हैं और मई के अंत से व्यक्तिगत क्षेत्रवार बैठकों की योजना है।

ये लाभदायक चर्चाएं द्विपक्षीय व्यापार समझौते के माध्यम से भारत-अमेरिका के बीच आर्थिक संबंधों और आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण को आगे बढ़ाने और विस्तारित करने के लिए फरवरी 2025 में नेताओं के वक्तव्य के अनुरूप द्विपक्षीय प्रयासों का हिस्सा हैं।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **19.05.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

1	**निविदा सूचना संख्याः** 04502025 दिनांक 25.04.2025
2	**निविदा संख्याः (1)** 05/Sr.DEN-I/LKO/2025-26
3	**कार्य का नामः (1)** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/लखनऊ के अधीन टीटीआर (एफ एस+टी डब्ल्यू एस+डब्ल्यू सी एम एस सी) - 23 सेट (1:8.5 - 14 सेट और 1:12 - 9 सेट) और टीटीआर (एफ एस+सी एस+सी एम एस सी) - 6 सेट (डायमंड क्रॉसिंग) और उतरतिया - लखनऊ - आलमनगर सेक्शन के बीच टीएफआर =11.00 किमी.।
4	**अनुमानित लागतः (1)** Rs. 3,07,54,686.03
5	**धरोहर राशिः (1)** Rs. 3,03,800/-
6	**कार्य की समापन अवधिः** क्र. सं. 01 के लिये। स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से नौ माह।
7	**निविदा डालने की प्रारंभ तिथिः** 05.05.2025
8	**निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 19.05.2025 15:00 बजे
9	**वेबसाईटः** www.ireps.gov.in

नोटः 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **1255/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भाजपा ने कांग्रेस को 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' करार दिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि उसकी सोच पाकिस्तान जैसी है और उसे 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' कहना गलत नहीं होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मंगलवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक हैंडल द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर किए गए 'गायब' वाले पोस्ट पर जमकर आलोचना की। श्री भाटिया ने कहा कि पाकिस्तानी उच्चायोग के एक अधिकारी ने इशारा किया 'सर तन से जुदा' और कांग्रेस पार्टी ऐसा पोस्ट करती है। कांग्रेस अपने आधिकारिक हैंडल से पाकिस्तान को यह संदेश दे रही है कि वह पाकिस्तान के साथ है। कांग्रेस पार्टी को 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' कहना गलत नहीं होगा, क्योंकि उनकी सोच पाकिस्तान जैसी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में आतंक का जवाब बिरयानी से नहीं बल्कि गोलियों से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व, सेना की ताकत और भारतीयों की दुआएं आज अपना पूरा ध्यान एवं पूरी शक्ति से एक लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। एक राजनीतिक पार्टी कहने के लिए हमारे बीच में रहता हैं, लेकिन उसे अगर 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' कहा जाए तो गलत नहीं होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक आधिकारिक हैंडल से की गई इस पोस्ट से पाकिस्तान को साफ संदेश दिया गया है कि 'चिंता मत करो, भारत में तुम्हारे समर्थक उपस्थित हैं।' इस तस्वीर में शरीर है, सर नहीं है और सर तन से जुदा है, आज 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' की विचारधारा ही उनका चरित्र बन चुकी है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि श्री मोदी भारत के हर नागरिक के लिए एक सुरक्षा कवच हैं लेकिन आज कांग्रेस इस चट्टान को तोड़ने का प्रयास कर रही है। 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' में एक पत्ता भी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सहमति के बिना नहीं हिलता है। श्री राहुल गांधी के कहने पर ऐसे पोस्ट किए जाते हैं, जो पूरे देश को शर्मसार तो करते ही हैं, लेकिन साथ ही पीड़ा भी देते हैं। 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' का प्रयास है कि इस अत्यंत अहम समय में भारत को कैसे कमजोर किया जाए और कांग्रेस के टावर से पाकिस्तान को सिग्नल दिया जाए। ठीक वैसे ही, जैसे मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान गए थे और वहां कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी को हटाने के लिए पाकिस्तान और कांग्रेस को एक हो जाना चाहिए। वही सिग्नल आज फिर से दिए जा रहे हैं। पाकिस्तान में वाहवाही लूटी जा रही है।

भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के मंत्री चौधरी फवाद हुसैन कांग्रेस के एक्स हैंडल को टैग कर प्रधानमंत्री श्री मोदी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। यह सिर्फ शब्द नहीं हैं, यह विचारधारा है, जो कांग्रेस पार्टी की भी है। आज पाकिस्तान में श्री राहुल गांधी वाहवाही लूट रहे हैं और यह कहना गलत नहीं होगा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी, देश की वीर सेना और 140 करोड़ भारतीय हैं जो भारत की तरफ बुरी नजर से देखने वाली शक्तियों को मिट्टी में मिलाने के संकल्प के साथ खड़े हैं और दूसरी तरफ है एक आतंकी और राक्षसी शक्ति, पाकिस्तान की सोच, आतंकियों की सोच और कांग्रेस पार्टी की सोच, सब एक ही पंक्ति में खड़े हैं।

ब्रिटेन में पाकिस्तानी उच्चायोग की तस्वीर दिखाते हुए श्री भाटिया ने कहा कि सिग्नल पाकिस्तान से आता है, टावर कांग्रेस का पकड़ता है और यहां से सिग्नल भेजा जाता है। आज पूरा विश्व भारत के साथ खड़ा है, पाकिस्तान को लताड़ रहा है, और पूरे विश्व में जहां-जहां भारतीय मूल के निवासी हैं, वे पाकिस्तान के उच्चायोग और दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भारतीय प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान उच्चायोग की बालकनी से उनका एक अधिकारी बाहर आकार 'सर तन से जुदा' का एक इशारा किया। इसका सिग्नल कांग्रेस के मुख्यालय और श्री राहुल गांधी के एंटेना ने पकड़ा और नतीजतन उसी तरह की एक तस्वीर यहां प्रधानमंत्री मोदी के लिए पोस्ट की जाती है। कांग्रेस कह रही है कि पाकिस्तान, हम तुम्हारे साथ हैं, तुम चिंता न करोङ्क और एक मजबूत संदेश देने का प्रयास कर रही है। आज कांग्रेस पार्टी सर तन से जुदा की सोच को अपना बना कर प्रतिबिंबित कर रही है। इसी तरह की सोच आतंकी संगठनों की होती है। श्री भाटिया ने एक अन्य तस्वीर प्रस्तुत करते हुए कहा कि 'ग़ज़वा-ए-हिंद' एक सपना है, और उसी 'ग़ज़वा-ए-हिंद' की सोच को दर्शाने वाली यह एक तस्वीर है। यह मूर्ति हिंदुओं के आराध्य भगवान की है लेकिन उसके ऊपर सर नहीं दिखाई दे रहा। पाकिस्तान उच्चायोग के यहां से 'ग़ज़वा-ए-हिंद' का इशारा होता है, उसके बाद हिंदुओं के आराध्य की बिना सर की तस्वीर दिखती है और कांग्रेस पार्टी प्रधानमंत्री के लिए इसी तरह की तस्वीर पोस्ट करती है। क्या कांग्रेस पार्टी और श्री राहुल गांधी पाकिस्तान की वाहवाही लूटने के लिए देश से गद्दारी करेंगे? देश के खिलाफ पोस्ट करेंगे? श्री राहुल गांधी श्री मोदी से नफरत करते-करते इतने अंधे हो गए हैं कि उन्हें यह भी दिखाई नहीं दे रहा कि कांग्रेस के एक्स हैंडल से एक भारत विरोधी पोस्ट किया गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तुरंत हमला स्थल पर गए, पीड़ित परिवारजनों से मिले और एक मजबूत संदेश दिया कि हर भारतीय, सरकार, और हमारी सेना, सभी कंधे से कंधा मिलाकर उन परिवारों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपना परिजन खोया है। लेकिन दूसरी और कांग्रेस पार्टी की ओर से रॉबर्ट वाड्रा ने यह कहा क्योंकि भाजपा सरकार हिंदुत्व को बढ़ावा देती है, इसलिए यह आतंकी हमला हुआ, और देश के मुसलमान अपने आपको कमजोर महसूस कर रहे हैं। अर्थात उन्होंने, पाकिस्तान और आतंकियों को क्लीन चिट दे दी। कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने अब तक इस बयान का खंडन नहीं किया। भाजपा सरकार की नीति साफ है कि अगर भारत देश की तरफ कोई बुरी नजरों से देखेगा, तो भारत सरकार 'ईंट' का जवाब 'पत्थर' से देगी। भारत किसी पर प्रहार नहीं करता है, लेकिन प्रहार करने वाले दुश्मनों को खड़ा होने लायकन, जीवित नहीं रहेगा। परन्तु कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया कहते हैं कि पाकिस्तान के साथ युद्ध नहीं करना चाहिए और आज तक इस बयान का कोई खंडन नहीं किया गया है।

कृषि में साक्ष्य आधारित नीति निर्माण की आवश्यकता : जाट

नयी दिल्ली। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के महानिदेशक एम एल जाट ने किसानों के लिए स्थायी आजीविका बनाने पर जोर देते हुए कहा है कि कृषि में विज्ञान और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण की तत्काल आवश्यकता है।

डॉ. जाट ने मंगलवार को यहां कहा कि कृषि में भारतीय परिस्थितियों में शोध किये जाने चाहिए जिससे किसानों के हित में निर्णय लिये जा सके। उन्होंने कृषि समुदाय से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृत काल के सपने को साकार करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कृषि में विज्ञान और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने किसानों के चेहरों पर मुस्कान लाने के साथ-साथ किसानों के लिए स्थायी आजीविका बनाने के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि किसानों के हितों और देश के लक्ष्यों के साथ जोड़ने के लिए अब एक संयुक्त सहयोग मिशन का समय आ गया है। डॉ. जाट ने कहा, हमें वर्तमान वैश्विक रुझानों के संदर्भ में उभरती कृषि आवश्यकताओं का अध्ययन करना चाहिए।

वर्ष 2018-2021 के दौरान जम्मू-कश्मीर में 1,145 आतंकवादी घटनाएं हुई: कांग्रेस

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। केरल कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के कार्यकाल के दौरान 2018 से 2021 के बीच तीन वर्षों में जम्मू-कश्मीर में 1,145 आतंकवादी घटनाएं हुई हैं।

कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासन में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं की संख्या बहुत ज़्यादा रही। इसके अलावा कोई भी दावा सिर्फ़ दुष्प्रचार ही नहीं है, बल्कि सफ़ेद झूठ है। मुख्यधारा के मीडिया और सोशल मीडिया टिप्पणीकारों पर भाजपा का कब्ज़ा सच्चाई को नहीं छिपा सकता। इससे पहले केरल कांग्रेस ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया था, जब पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद हुसैन ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में अपने 'एक्स' अकाउंट पर कांग्रेस की एक पोस्ट शेयर की थी। पहलगाम हमले के तुरंत बाद, कांग्रेस ने 'एक्स' पर एक संदेश पोस्ट किया, जिसमें कहा गया था कि ल्लपहलगाम नियंत्रण रेखा से लगभग 200 किमी दूर है। यह कोई सीमावर्ती गांव नहीं है, जहां कोई घुसकर वापस जा सके। कैसे चार आतंकवादी बड़ी बंदूकें लेकर 200 किमी अंदर आ गए, लगभग 50 लोगों को गोली मार दी और बिना किसी नुकसान के वापस चले गए? इसमें कहा गया था, अगर आतंकवादी अंदर घुस सकते हैं और गोली चला सकते हैं और पकड़े जाने या मारे जाने के जोखिम के बिना वापस जा सकते हैं, तो हमारे शहर कितने सुरक्षित हैं? पाकिस्तान के पूर्व मंत्री ने भारत सरकार की ओर से सुरक्षा संबंधी खामियों को उजागर करने के लिए यह संदेश शेयर किया। केरल भाजपा ने हालांकि पहलगाम हमले पर प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की कांग्रेस की आलोचना का जवाब नहीं दिया है।

अनुसंधान व नवाचार कृषि क्षेत्र के प्रमुख आधार: शिवराज

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोयाबीन की पैदावार के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए कहा है कि प्राकृतिक खेती को लोकप्रिय बनाने की कोशिश होनी चाहिए।

श्री चौहान ने मंगलवार को यहां भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के उप महानिदेशकों के साथ बैठक में कहा कि कृषि अनुसंधान, देश के कृषि क्षेत्र का प्रमुख आधार है। इसे और अधिक सशक्त करने तथा कृषि शोध के क्षेत्र में नवाचार करने के साथ ही वर्तमान योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन करने के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अंतिम पंक्ति का किसान समृद्ध बनेगा, तभी सही मायनों में विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने प्रमुख फसलों की उत्पादकता और उत्पादन बढ़ाने के लिए बेहतर बीज किस्में विकसित करने पर जोर दिया। चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार की बजट घोषणा (2025-26) की प्रमुख चार घोषणाओं, जिसमें दलहन में आत्मनिर्भरता, उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन, कपास उत्पादकता के लिए मिशन, फसलों के जर्मप्लाज्म के लिए जीन बैंक में तेजी से प्रगति के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने अच्छी किस्म के बीज विकसित करने की दिशा में पूरी प्राथमिकता और समर्पण से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने दलहन में मेढ़ वाली किस्म विकसित करने पर भी जोर दिया। श्री चौहान ने कहा कि दलहन को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सोयाबीन की खेती को बढ़ावा देने पर विशेष रूप से जोर देते हुए उन्होंने विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कृषि मंत्रियों के साथ चर्चा की बात कही। उन्होंने कहा और किसानों में सोयाबीन के पैदावार के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर जन जागरुकता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गेहूं और चावल के साथ, दलहन, तिलहन और मोटे अनाजों की उपज पर भी जोर देने की आवश्यकता है।

कुमार मंगलम बिड़ला को दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार

एजेंसी

मुंबई। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित श्री कुमार मंगलम बिड़ला को मुंबई में आयोजित एक समारोह में आरएसएस प्रमुख श्री मोहन भागवत से प्रतिष्ठित लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार मिला। श्री बिड़ला को भारत की विकास गाथा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में यह पुरस्कार दिया गया। पिछले प्राप्तकर्ताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गायिका आशा भोसले और अभिनेता अमिताभ बच्चन शामिल हैं। लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की स्थापना 2022 में दिवंगत महान गायिका की याद में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा की गई थी, जो मंगेशकर परिवार द्वारा 35 वर्षों से अधिक समय से संचालित एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट है।

आईएफएम के पाकिस्तान को ऋण देने के प्रस्ताव का विरोध करे भारत: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) अपने लचीलापन और स्थिरता सुविधा नीति के तहत पाकिस्तान को भारी भरकम ऋण देने के लिए अगले माह बैठक कर रहा है, जिसका भारत को कड़ा विरोध करना चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए कहा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने घोषणा की है कि उसकी कार्यकारी बोर्ड की बैठक नौ मई को होगी, जिसमें लचीलापन और स्थिरता सुविधा के तहत पाकिस्तान को 13,000 लाख डॉलर के नए ऋण के अनुरोध पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस अपेक्षा करती है कि भारत, आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए प्रस्तावित इस सहायता का दृढ़ता से विरोध करेगा।

खरगे-राहुल ने संसद का विशेष सत्र बुलाने के लिए मोदी को लिखा पत्र

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकी हमले के कारण उपजी स्थिति पर विचार विमर्श के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने का आग्रह किया है। कांग्रेस अध्यक्ष तथा पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को सोमवार को लिखे अलग- अलग पत्र में कहा है कि यह वक्त देश की एकजुटता को प्रदर्शित करने का है इसलिए संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाकर यह कड़ा संदेश देना आवश्यक है कि देश संकट की घड़ी में एकजुट है। पार्टी ने दोनों पत्र मंगलवार को मीडिया के लिए जारी किए हैं। श्री खरगे कहा इस समय जब एकता और एकजुटता बहुत जरूरी है, विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाना जरूरी है। यह 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए क्रूर आतंकी हमले से निपटने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प और इच्छाशक्ति का एक शक्तिशाली प्रदर्शन होगा। हमारी हार्दिक आशा है कि सत्र तदनुसार बुलाया जाएगा। श्री गांधी ने लिखा पहलगाम में हुए आतंकी हमले से हर भारतीय क्षुब्ध है। इस नाजुक समय में देश को यह दिखाना होगा कि हम आतंकवाद के खिलाफ हमेशा एकजुट रहेंगे। विपक्ष का मानना है कि संसद के दोनों सदनों का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए, जहां इस हमले के खिलाफ जनप्रतिनिधि अपनी एकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन कर सकें।

पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवीं रात कश्मीर नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार पांचवीं रात गोलीबारी हुई। सेना ने यह जानकारी दी।
उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरें कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों और जम्मू के अखनूर सेक्टर से आई हैं। सेना ने मंगलवार को कहा, 28-29 अप्रैल 2025 की रात को, पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने उकसावे का जवाब दिया। गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

पेज एक का शेष

सपा नेता के बयान...

प्रदेश ने माफिया मुक्त, दंगा मुक्त और विकास की दिशा में तेज़ी से बढ़ने वाले राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देवरिया में चार मंजिला सरकारी डिग्री कॉलेज का उद्घाटन किया गया है, जो कि इस क्षेत्र में पहली बार है। इसमें कला, विज्ञान और वाणिज्य की कक्षाएं एक साथ शुरू की जाएंगी। इसके साथ ही पथरदेवा में एक नया डिग्री कॉलेज शुरू किया जा रहा है, जिसमें वाणिज्य की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। गौरी बाजार में एक कॉलेज में ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया जाएगा, ताकि वहां की सभी गतिविधियों को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सके। सीएम ने कहा कि पहले किसी ने कल्पना नहीं की थी कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह की संस्थाएं बन पाएंगी, लेकिन अब यह सच हो चुका है। पहले देवरिया में दंगे होते थे, बीमारियां फैलती थीं, लेकिन अब नया देवरिया और उत्तर प्रदेश अपनी पहचान विकास के माध्यम से बना रहा है। आज हमारी पहचान इंसेफलाइटिस, मलेरिया या डेंगू जैसी बीमारियों से नहीं, बल्कि हाईवे, रेलवे, मेट्रो और वर्ल्ड क्लास एक्सप्रेसवे के रूप में होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवरिया से गोरखपुर तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जिससे दिल्ली और अन्य बड़े शहरों से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इसके अलावा गोरखपुर से बलिया तक के मार्ग को फोरलेन में बदला जा रहा है। देवरिया से कासिया और पडरौना के मार्ग का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। अब देवरिया से सीधे दिल्ली या शामली पहुंचने के लिए अधिक समय नहीं लगेगा। यह विकास कार्य शीघ्रता से पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि देवरिया में न सिर्फ मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज बनाए जा रहे हैं, बल्कि गरीबों के लिए हर एक सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुसहर, वनटांगिया जैसे समुदायों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का काम तेजी से हो रहा है। सीएम ने सपा पर हमला करते हुए कहा कि वह लोग जिनकी सोच परिवार तक सीमित है और जो जातिवाद की राजनीति करते हैं, उनका ध्यान सिर्फ अपने परिवार की भलाई पर है। जब वे सत्ता में थे, तब उन्होंने प्रदेश को केवल गरीबी, बेरोजगारी और असुरक्षा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। इसी के तहत 15 लाख निर्धन परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार हर गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि गरीबी एक परिवार के लिए नहीं, बल्कि सरकार के लिए भी चुनौती है और हम इसे हर हाल में दूर करेंगे। इस अवसर पर मंत्री सूर्य प्रताप शाही, योगेंद्र उपाध्याय, दया शंकर सिंह, राज्य मंत्री रजनी तिवारी, विजय लक्ष्मी गौतम, सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विधायक जय प्रकाश निषाद, शलभ मणि त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, सुरेंद्र चौरसिया, पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रमा पति राम त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

पाकिस्तान...

नेपाली नागरिक मारे गए थे। मृतकों में ज्यादातर भारत के विभिन्न राज्यों से आए पर्यटक थे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जे डी वेंस, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस सहित वैश्विक नेताओं ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की तथा भारत के साथ अपनी संवेदना एवं एकजुटता व्यक्त की। पिछले हफ्ते 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमले की ''अत्यधिक कड़े शब्दों में'' निंदा की। सुरक्षा परिषद ने जोर दिया कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और ''आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य'' को अंजाम देने वाले और उसके प्रायोजकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। उन्होंने अनुरोध किया कि सभी राष्ट्रों को अंतरराष्ट्रीय कानून एवं सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करना चाहिए। प्रेस वक्तव्य सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष द्वारा सभी 15 सदस्य देशों की ओर से मीडिया को दिया गया एक घोषणापत्र है। फ्रांस अप्रैल महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष है और प्रेस वक्तव्य परिषद के अध्यक्ष, संयुक्त राष्ट्र में फ्रांस के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत जेरोम बोनाफोंट द्वारा जारी किया गया था। पाकिस्तान वर्तमान में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक गैर-स्थायी सदस्य है। एक प्रेस वक्तव्य के लिए परिषद के सभी सदस्यों की सहमति की आवश्यकता होती है। पटेल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि परिषद ने अपने बयान में कहा है कि आतंकवाद के निंदनीय कृत्यों के अपराधियों, इसके आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उन्हें न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए।

जम्मू-कश्मीर...

दूधपथरी, दक्षिण कश्मीर में अहरबल, कोंसरनाग और वेरीनाग, बारामुल्ला में कमान पोस्ट और कुपवाड़ा में सुरम्य बंगस घाटी शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा, यह बंद अस्थायी है और आने वाले दिनों में बदलती सुरक्षा स्थिति के आधार पर इसकी समीक्षा की जाएगी। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि जो पर्यटक स्थल खुले हैं, वहां पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। केन्द्रशासित प्रदेश वन विभाग ने भी पर्यटकों के लिए अपने सभी ट्रैकिंग रूट बंद कर दिए हैं। पिछले चार वर्षों में स्थानीय और गैर-स्थानीय दोनों तरह के पर्यटक कश्मीर के मैदानों और अल्पाइन ट्रेल्स पर खास तौर पर गर्मियों के ट्रैकिंग सीजन के दौरान आते रहे हैं। हालांकि हाल के वर्षों में घाटी में पर्यटकों की आमद में बढ़ोतरी देखी गई है, लेकिन पहलगाम हमले से पर्यटन उद्योग को गहरा झटका लगा है। पिछले छह दिनों में कई पर्यटक कश्मीर छोड़ चुके हैं जबकि कई अन्य ने कश्मीर की अपनी आगामी यात्रा की योजना रद्द कर दी है।

मोदी ने राजनाथ...

आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अनेक राजनयिक तथा अन्य कड़े निर्णय लेने के बाद भारत अब आतंकवादियों को उनके कुकृत्य के लिए सबके सिखाने की रणनीति बनाने में जुटा है।

भारत का लड़ाकू...

लड़ाकू विमान को गिरा दिया है। पत्र सूचना कार्यालय ने कहा है कि पाकिस्तान ने भारत के किसी लड़ाकू विमान को नहीं गिराया है। पाकिस्तान समर्थित सोशल मीडिया खातों में जो वीडियो साझा किया जा रहा है वह जून 2024 में महाराष्ट्र में दुर्घटनाग्रस्त हुए सुखोई-30 लड़ाकू विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का है। पत्र सूचना कार्यालय ने लोगों को इस तरह के बिना प्रमाणित दावों से संबंधित पोस्ट को साझा करने में एहतियात बरतने की सलाह दी है। उल्लेखनीय है कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनावपूर्ण माहौल में पाकिस्तान और उसके समर्थित सोशल मीडिया खातों पर लोगों को गुमराह करने के लिए हर रोज इस तरह के झूठे दावे किये जा रहे हैं। भारत ने इस तरह के दुष्प्रचार में लगे पाकिस्तान के 16 यू ट्यूब चैनलों पर सोमवार को प्रतिबंध भी लगाया था।

रेल भर्ती बोर्ड परीक्षाओं...

जाता है। हालांकि किसी भी धार्मिक भावना को ठेस न पहुंचे इसके लिए सक्षम प्राधिकारी ने कॉल लेटर में दिए गए निर्देशों के पैरा 7 को संशोधित करने का निर्णय लिया है। उम्मीदवारों को दिए गए निर्देशों के पैरा 7(1) में कहा गया है कि प्रतिबंधित वस्तुएं/इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जैसे मोबाइल फोन, पेजर, घड़ियां, ईयरफोन, ब्लूटूथ युक्त डिवाइस, माइक्रोफोन, हेल्थ बैंड, कैलकुलेटर, पुस्तक, पेन, कागज, पेंसिल, ई-यूजर, पाउच, स्केल, राइटिंग-पैड, बेल्ट, हैंडबैग, टोपी, पर्स, कैमरा, पानी की बोतल, पैक/खुले खाद्य पदार्थ आदि परीक्षा केन्द्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है। परिपत्र के अनुसार परीक्षा केन्द्र के अंदर केवल ई-कॉल लेटर की अनुमति होगी। उम्मीदवार को परीक्षा केन्द्र के अंदर कोई पेन/पेंसिल नहीं ले जाना चाहिए। परीक्षा के दौरान उम्मीदवारों को पेन उपलब्ध कराया जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने हाथों/पैरों पर मेंहदी न लगाएं, क्योंकि इससे बायोमेट्रिक्स कैप्चर करने में बाधा आती है। परिपत्र में कहा गया है कि पैरा 7(2) के तहत तलाशी के दौरान, धातु के वस्त्र, धार्मिक प्रतीक, चूड़ियाँ, आभूषण, मंगल सूत्र, कंगन ले जाते/पहने हुए पाए जाने वाले अभ्यर्थियों को उनके कॉल लेटर में उपयुक्त पुष्टि के साथ परीक्षा हॉल के अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी ताकि निरीक्षक ऐसे अभ्यर्थियों के प्रति अतिरिक्त सतर्क रहें। रेल मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार इन बदलावों को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

शिक्षा प्रणाली को ...

उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि इसमें बड़ी भूमिका देश की शिक्षा प्रणाली की भी होती है, इसलिए हम देश की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। मोदी ने यह भी कहा कि अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) पर 2013-14 में सकल व्यय केवल 60,000 करोड़ रुपये था, जिसे अब सवा लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा, ''हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 वर्षों की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए जरुरी है कि हमारे विचार (आइडिया) की 'प्रोटोटाइप' से 'प्रोडक्ट' तक की यात्रा भी कम से कम समय में पूरी हो। उन्होंने कहा, ''भारतीय विश्वविद्यालयों के परिसर ऐसे केंद्र बनकर उभर रहे हैं जहां युवाशक्ति सफल नवाचार कर रही है।'' उन्होंने सम्मेलन में कहा, ''आज यहां सरकार, शिक्षा, विज्ञान और अनुसंधान से जुड़े भिन्न-भिन्न क्षेत्र के लोग इतनी बड़ी संख्या में उपस्थि?त हैं। इस एकजुटता को ही 'युग्म' कहते हैं। एक ऐसा युग्म जिसमें विकसित भारत की भविष्य की तकनीक से जुड़े हितधारक एक साथ जुड़े हैं, एक साथ जुटे हैं।

अगर देश आतंकवादियों ...

ऐसा नहीं कहा था। अब आपके पास सबूत हैं। व्हाट्सऐप द्वारा मुहैया कराए गए सबूत। हम निर्णय उपलब्ध कराएंगे। संपादित भाग संबंधित व्यक्तियों को दिया जाना चाहिए ताकि वे जान सकें। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोई ऐसी जांच नहीं की जानी चाहिए जो किसी विशिष्ट आरोप या साक्ष्य के आधार पर नहीं बल्कि केवल जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से की जाए। मेहता ने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ स्पाइवेयर का इस्तेमाल करने में कुछ भी गलत नहीं है और उन्हें निजता का अधिकार नहीं मिल सकता। एक अन्य याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट को बिना किसी संशोधन के सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसके बाद शीर्ष अदालत ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख तय की। पेगासस के अनधिकृत उपयोग की जांच के लिए शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त तकनीकी पैनल को 25 अगस्त 2022 को 29 में से पांच सेल फोन में कुछ मैलवेयर मिले थे लेकिन यह पता नहीं लगाया जा सका थ कि इजराइली स्पाइवेयर का इस्तेमाल किया गया था या नहीं। शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश आर वी रवींद्रन द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर गौर करने के बाद न्यायालय ने कहा था कि केंद्र सरकार ने पेगासस जांच में सहयोग नहीं किया। शीर्ष अदालत ने 2021 में नेताओं, पत्रकारों और कार्यकर्ताओं की लक्षित निगरानी के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा इजराइली स्पाइवेयर का इस्तेमाल किए जाने के आरोपों की जांच का आदेश दिया था और मामले की जांच के लिए तकनीकी एवं पर्यवेक्षी समितियों की नियुक्ति की थी।

निरंतर जारी रहेगी...

अधिक श्रद्धालु उत्तर प्रदेश आए। इस वर्ष आंकलन करेंगे तो प्रदेश में पर्यटकों की संख्या 100 करोड़ के ऊपर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले इनवेस्टर्स समिट प्रदेश के लिए एक सपना था। हमने इसे अमली जामा पहनाया। पहले इन्वेस्टर समिट में हमें 4,67,000 करोड़ का प्रस्ताव प्राप्त हुआ और 2023 में हमें 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन्वेस्टमेंट के सबसे अच्छे डेस्टिनेशन के रूप में आज उत्तर प्रदेश जाना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संभावनाएं 2017 में भी थीं लेकिन दूसरी सरकारों का एजेंडा संकीर्ण था। उनके एजेंडे सीमित दायरे में थे। उनकी सोच जातिवादी थी और कार्य परिवारवादी थे। वह परिवार से बाहर देख नहीं सकते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के किसी भी शहर में जाएंगे तो आपको 2017 के पहले और आज के उत्तर प्रदेश में अंतर साफ दिखाई देगा।

मुख्यमंत्री धामी ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से नई दिल्ली में की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में विमानन क्षेत्र के विकास और हवाई कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के विषय पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को चारधाम यात्रा के लिए देवभूमि उत्तराखंड में आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने जौलीग्रांट व नैनीसैनी एयरपोर्ट के वॉच आवर्स बढ़ाने एवं जनपद पिथौरागढ़ की रणनीतिक महत्ता को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रीय संपर्क योजना (आरसीएस) के अंतर्गत नैनीसैनी एयरपोर्ट से इंदिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (नई दिल्ली) के लिए 42 से 48 सीटों वाली नियमित विमान सेवा शुरू करने की मांग की। साथ ही पिथौरागढ़ से धारचूला व मुनस्यारी जैसे सीमांत क्षेत्रों को भी हवाई सेवाओं से जोड़ने का भी अनुरोध किया। उनसे जौलीग्रांट और पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तार कार्यों में तेजी लाने के संबंध में भी वार्ता हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में हवाई कनेक्टिविटी के नए द्वार खुल रहे हैं और राज्य के पर्यटन, व्यापार एवं आपदा प्रबंधन को अधिक मजबूती मिल रही है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री का सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक आश्वासन देने के लिए आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से की भेंट, आठ जलविद्युत परियोजनाओं के लिए किया अनुरोध

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उत्तराखंड के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति देने के लिए आठ जलविद्युत परियोजनाओं के विकास और निर्माण के लिए अनुरोध किया है। इन आठ परियोजनाओं में 647 मेगावाट क्षमता की कुल 7 और 114 मेगावाट की एक परियोजना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार मां गंगा एवं अन्य समस्त नदियों की निर्मलता, अविरलता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विशेषज्ञों की संस्तुतियों का पालन करते हुए सतत विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ा रही है।

समाज कल्याण मंत्री ने आशा होम्स में समर एक्शन प्लान को लेकर की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने मंगलवार को आशा होम्स में समर एक्शन प्लान को लेकर समाज कल्याण और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। रविन्द्र इंद्राज सिंह ने मानसिक दिव्यांगों के लिए बने दिल्ली के सभी आशा होम्स में समर एक्शन प्लान के तहत गर्मी से बचाव, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं और बुनियादी सुविधाओं के किये गये इंतजामों पर चर्चा की। उन्होंने रोहिणी, नरेला, हरि नगर और तिमारपुर में बने होम्स में रह रहे मानसिक दिव्यांगों के लिए एसी, डेजर्ट कूलर, रूम कूलर, पँखों की उपलब्धता, ठंडे और शुद्ध पेयजल के लिए वाटर कूलर और आरओ की स्थिति जानी। साथ ही टॉयलेट्स और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिये।

रविन्द्र इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के आदेश हैं कि आशा होम्स में सुविधाओं में कोई लापरवाही न हो। उनके गर्मी से बचाव, भोजन व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें। समाज कल्याण मंत्री ने दिव्यांगों को हीट एक्सपोजर से बचाने के लिए सभी आवश्यक इंतजामों के निर्देश दिए। तेज धूप से बचाने के साथ उन्होंने गर्मियों के हिसाब से भोजन में फ्रेश सलाद, दही, लेमन वाटर शामिल करने की बात कही। अधिकारियों ने गर्मी से राहत के लिए बिल्डिंग मेंटेनेंस, शेड निर्माण और वाटर स्प्रिंगक्लिंग की जानकारी दी।

द्वितीय हरिद्वार ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

हरिद्वार। उत्कर्ष स्पोर्ट्स फ़ेडरेशन की ओर से आयोजित द्वितीय हरिद्वार ओपन रैपिड शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हो गया। विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने अपनी रणनीति, प्रतिभा और खेल भावना से सभी का मन मोह लिया। अंडर-10 वर्ग में धैर्य नेगी, अंडर-13 में लक्षिता, अंडर-15 में अमोघ पांडेय, वरिष्ठ नागरिक वर्ग में कुलदीप आचार्य, महिला वर्ग में गौरी मित्तल और ओपन वर्ग में अमन सिंह बख्शी ने प्रथम स्थान हासिल किया। विजेताओं को 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई। समाजसेवी डॉ. विशाल गर्ग और मां गंगा गोधाम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष स्वामी निर्मल दास ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। डॉ. गर्ग ने कहा, ल्लशतरंज मानसिक विकास, एकाग्रता और अनुशासन के माध्यम से विश्व स्तरीय सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। फ़ेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. मुकुल बेंजवाल ने कहा कि उत्तराखंड से ग्रैंडमास्टर तैयार करने का लक्ष्य है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों और अतिथियों का आभार जताया। फ़ेडरेशन भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के जरिए युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और शतरंज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

चारधाम यात्राः 4300 से अधिक घोड़ा-खच्चर संचालक यात्रा मार्ग पर देंगे सेवा

देहरादून । गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से पवित्र चारधाम यात्रा शुरु होने जा रही है। चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। यात्रा से होटल-लॉज संचालक, परिवहन कारोबारियों से लेकर घोड़े-खच्चर संचालकों तक की आजीविका चलती है। इसी क्रम में केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस बार 4300 से अधिक घोड़े-खच्चर संचालक अपनी सेवा देंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि श्रद्धालुओं की यात्रा, सुखद और आरामदायक हो, इसके लिए सड़क परिवहन से लेकर हेली और घोड़े खच्चरों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पशुपालन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि पूरी तरह स्वस्थ घोड़े-खच्चरों को ही यात्रा में भेजा जाए। साथ ही यात्रा मार्ग पर भी घोड़े-खच्चरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। केदारनाथ धाम जाने के लिए तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से करीब 18 किमी लंबा पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। इस कारण बड़ी संख्या में यात्री घोड़े-खच्चरों की सेवा लेते हैं। इस बार केदारनाथ धाम के लिए अब तक 2493 संचालकों ने पांच हजार से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण करवा लिया है। पशुपालन विभाग ने स्वास्थ्य परीक्षण के आधार पर घोड़े-खच्चरों के फिटनेस सर्टिफिकेट जारी किए हैं। विभाग की ओर से सोनप्रयाग, गौरीकुंड, लिंचौली और केदारनाथ में पशु चिकित्सालय बनाए जाने के साथ ही पांच डॉक्टर और सात पैरावेट भी नियुक्त किए गए हैं। पैदल मार्ग की 13 जगहों पर गरमपानी की भी व्यवस्था की गई है। यमुनोत्री धाम के लिए 3700 से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण किया गया है। यमुनोत्री यात्रा में इस्तेमाल होने वाले घोड़े-खच्चरों की जांच, टीकाकरण, चिकित्सकीय सहायता एवं उपचार की व्यवस्था के लिए जानकीचट्टी में अस्थाई पशु चिकित्सालय की स्थापना की गई है। जहां चार पशु चिकित्सकों के साथ ही चार पशुधन प्रसार अधिकारी एवं दो पशुधन सहायकों को तैनात किया गया है। यात्रा मार्ग पर कुल छह गीजर स्थापित किए गए हैं। केदारनाथ के लिए सोनप्रयाग, गौरीकुंड, भीमबली, लिचौंली और रुद्र प्वाइंट में पांच प्री पेड बुकिंग काउंटर बनाए गए हैं। इसी तरह यमुनोत्री के लिए जानकीचट्टी में जिला पंचायत के द्वारा प्री पेड काउंटर स्थापित किया गया है। यमुनोत्री के लिए घोडे-खच्चर संचालकों को नंबर युक्त जैकेट प्रदान की जा रही है और एक दिन में केवल एक ही बार धाम तक आवागमन की अनुमति होगी।

रंजिश के चलते बेगुनाह को फंसाने के लिए बुने जाल में खुद फंसे आरोपित, तीन गिरफ्तार

हरिद्वार। एक बेगुनाह को फंसाने के लिए बुने गए जाल में आरोपित खुद ही फंस गए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों ने पीड़ित से पुरानी रंजिश के चलते साजिश भरा कदम उठाया था। जानकारी के मुताबिक 10 अप्रैल को एक अज्ञात व्यक्ति ने कोतवाली मंगलौर व गौवंश स्क्वाड टीम को ग्राम बनेड़ा टांडा में एक घर में गौकशी किए जाने की सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मकान से 40 किलो गौमांस व गौकशी उपकरण बरामद किए। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी।

वक्फ संपत्ति बेचे जाने पर किरायेदार और खरीददार को नोटिस, अगली सुनवाई 14 मई को

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने शाहदरा में एक वक्फ संपत्ति को किरायेदार की ओर से बेचे जाने की शिकायत पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस, दिल्ली वक्फ बोर्ड, वक्फ संपत्ति के किरायेदार और खरीददार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस तारा वितास्ता गंजू ने मामले की अगली सुनवाई 14 मई को करने का आदेश दिया।

याचिका मस्जिद पड़ाव वाली मैनेजमेंट कमेटी ने दायर की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकीलव वजीह शफीक ने कहा कि शाहदरा के पश्चिमी रोहताश नगर स्थित मेन बाबरपुर रोड पर करीब 118 वर्ग गज की वक्फ संपत्ति गैरकानूनी तरीके से बेच दी गई है। उन्होंने कोर्ट से मांग की कि वक्फ संपत्ति को गैरकानूनी तरीके से बेचने और खरीदने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस, दिल्ली नगर निगम और दूसरे विभागों ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि वो इस मामले पर कार्रवाई करेंगे।

याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता ने इस संपत्ति को मेसर्स दयाल सिंह इंदरजीत सिंह के प्रोपराईटर दयाल सिंह को किराये पर दिया था। दयाल सिंह ने इस संपत्ति को किसी दूसरे को गैरकानूनी तरीके से बेच दी। याचिकाकर्ता को जब इस संपत्ति की गैरकानूनी बिक्री के बारे में पता चला तो उन्होंने 13 जनवरी को शाहदरा के एसएचओ से व्यक्तिगत रुप से मिलकर इसकी शिकायत की। याचिकाकर्ता ने इस बाबत दिल्ली वक्फ बोर्ड और एसएचओ को 14 जनवरी को लिखित शिकायत की। शिकायतकर्ता ने दिल्ली नगर निगम को भी 16 जनवरी को इसे लेकर एक प्रतिवेदन दिया। इसके बावजूद आज तक शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

रेलवे ट्रैक से अज्ञात युवक का शव बरामद

पूर्वी चंपारण। रक्सौल-दरभंगा रेलखंड के छौंड़ादानों जयमूर्तिनगर स्टेशन के बीच जोलगावा गांव के समीप रेलवे ट्रैक से जितना पुलिस ने मंगलवार की अहले सुबह एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार युवक देखने से दिव्यांग लग रहा था। युवक की मौत कब और कैसे हुई यह पता नही चल पाया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार रेलवे ट्रैक पार करते समय शायद वह किसी ट्रेन की चपेट में आ गया होगा। सुबह जब रेलवे ट्रैक पर कटा हुआ शव देखने के बाद ग्रामीणो ने इसकी सूचना जितना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची जितना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है,साथ घटना को लेकर अग्रतर कारवाई की जा रही है।

होटलों और रेस्टोरेंट में सर्विस चार्ज पर सिंगल बेंच के आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। होटलों और रेस्टोरेंट में खाने का सर्विस चार्ज का भुगतान स्वेच्छा पर निर्भर होने के सिंगल बेंच के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच में चुनौती दी गई है। मंगलवार को ये मामला चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष लिस्टेड था, लेकिन वीडियो कांफ्रेसिंग में तकनीकी खामियों की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। हाई कोर्ट इस मामले पर 9 मई को अगली सुनवाई करेगा। फ़ेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया और नेशनल रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने जस्टिस प्रतिभा सिंह की सिंगल बेंच के आदेश को डिवीजन बेंच में चुनौती दी है। सिंगल बेंच ने 28 मार्च को अपने आदेश में कहा था कि होटलों और रेस्टोरेंट में खाने का सर्विस चार्ज देना ग्राहकों की स्वेच्छा पर निर्भर है। सिंगल बेंच ने कहा था कि होटल और रेस्टोरेंट ग्राहकों को सर्विस चार्ज के भुगतान के लिए बाध्य नहीं कर सकते। सिंगल बेंच में दायर याचिका में सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी के 4 जुलाई, 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी। हालांकि, सिंगल बेंच ने इस आदेश पर जुलाई, 2022 में ही रोक लगा दी थी। याचिका में कहा गया था कि सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी को सर्विस चार्ज पर रोक लगाने का क्षेत्राधिकार नहीं है। याचिका में कहा गया था कि सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने सर्विस चार्ज पर रोक लगाने से पहले याचिकाकर्ता का पक्ष नहीं सुना। याचिका में कहा गया था कि ग्राहकों से सर्विस चार्ज वसूलने का फायदा रेस्टोरेंट के स्टाफ को मिलता है। ऐसा करने से रेस्टोरेंट के मालिकों के व्यवसाय के मौलिक अधिकारों की भी रक्षा होती है। इस दलील का विरोध करते हुए केंद्र सरकार ने कहा था कि याचिकाकर्ताओं ने ऐसा कोई साक्ष्य नहीं दिया कि सर्विस चार्ज से होटल और रेस्टोरेंट के स्टाफ को लाभ मिलता है। सुनवाई के दौरान सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने याचिका को खारिज करने की मांग करते हुए कहा था कि सर्विस चार्ज उपभोक्ताओं की गाढ़ी कमाई से वसूली जाती है। याचिका में कहा गया था कि सर्विस चार्ज पिछले कई सालों से वसूला जा रहा है और इसके बारे में मेन्यू कार्ड और होटल और रेस्टोरेंट के डिस्प्ले पर भी जिक्र होता है। ऐसे में सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी का आदेश मनमाना और गैरकानूनी है।

ट्रांसजेंडर बनकर लोगों के साथ कर रहे थे लूटपाट, तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी जिले की विदेशी सेल ने ट्रांसजेंडरबनकर लोगों के साथ लूटपाट करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अनिल कुमार, प्रेम कुमार और सचिन के रूप में हुई है। तीनों जहांगीरपुर के रहने वाले हैं।उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि कुछ दिनों से जिलों में शिकायत मिल रही थी। जांच में पता चला है कि कुछ ट्रांसजेंडर वाहनवालों व पैदल यात्रियों को अपने पास बुलाकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दे रहे है।मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले की विदेशी सेल को जांच का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने आजादपुर फल मंडी के पास जाल बिछाया औरतीन लोगों को पकड़ा। पकड़े गए तीनों लोगों ने खुद को ट्रांसजेंडर बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपितों ने खुलासा किया कि वह ट्रांसजेंडरनहीं है। पुलिस से बचने के लिए वह ट्रांसजेंडर बने हुए थे। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

तेजस्वी यादव को दिन में सत्ता के सपने देखने की आदतः उमेश सिंह कुशवाहा

पटना। बिहार जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों तक अपने माता.पिता के शासनकाल की एक भी ठोस उपलब्धि न बता पाने वाले तेजस्वी यादव किस आधार पर जनता से पुनः सेवा का मौका मांग रहे हैं? उन्होंने कहा कि जनता को गुमराह करने और आंखों में धूल झोंकने की राजनीति अब नहीं चलेगी। अराजकता, अपराध और भ्रष्टाचार से भरे उन 15 वर्षों के भयावह दौर को बिहार की जनता आज भी नहीं भूली है। तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि उन्हें दिन में भी सत्ता के सपने देखने की आदत हो गई है, लेकिन यह सपना अब कभी साकार नहीं होगा, क्योंकि जनता राजद के भ्रष्ट, विफल और अवसरवादी राजनीतिक चरित्र को भली-भांति पहचान चुकी है।प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि राजद की रगों में भ्रष्टाचार और लूट की प्रवृत्ति समाई हुई है।

उत्तराखंड : फाटा पहुंची बाबा केदारनाथ की पंचमुखी डोली, पुष्प वर्षा से स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रुद्रप्रयाग/चमोली। बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली अपने दूसरे पड़ाव पर फाटा पहुंच गई है। बाबा की डोली सोमवार को ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से रवाना हुई थी। मंगलवार को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में मंदिर के पुजारी शिव लिंग और केदारनाथ धाम के लिए नियुक्त पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ और भगवान विश्वनाथ की पूजा-अर्चना करते हुए संयुक्त आरती उतारी और भोग लगाया। साथ ही अन्य धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। सुबह 9 बजे बाबा केदार की चल उत्सव डोली ने अपने धाम केदारनाथ के लिए प्रस्थान किया। भक्तों के जयकारों और सेना की बैंड धुनों के बीच बाबा केदार की चल उत्सव डोली ने नाला, नारायणकोटी, मैखंडा में अपने भक्तों को दर्शन और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया। इस दौरान भक्तों ने अपने आराध्य को मौसमी फूल-फल और भेंट अर्पित किया। दोपहर बाद 2.30 बजे डोली फाटा पहुंची, जहां पर स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से बाबा केदार की डोली और मुख्य पुजारी बागेश लिंग का स्वागत किया। बुधवार को बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली फाटा से अपने धाम के लिए प्रस्थान करेगी और रामपुर, नयाल्सू, सीतापुर, सोनप्रयाग होते हुए अपने अंतिम रात्रि प्रवास गौरीकुंड पहुंचेगी, जहां गौरी माई से मिलन होगा। एक मई को बाबा केदार की डोली अपने धाम केदारनाथ पहुंचेगी। दो मई को सुबह 7 बजे शुभ लग्न पर केदारनाथ मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिये जाएंगे।

उधर, श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को शुभ लग्न पर खोले जाएंगे। यहां कपाटोद्घाटन के लिए प्रशासन, पुलिस और श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी है। पुलिस द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए बदरीनाथ में थाना का संचालन शुरू कर दिया गया है।

श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि 2 मई को ज्योर्तिमठ से आदिगुरू शंकराचार्य की गद्दी और गरुड़ भगवान की मूर्ति बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। 3 मई की सुबह कुबेर जी, गरुड़, उद्धव की उत्सव डोली बदरीनाथ के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि कपाटोद्घाटन के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।



चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063